मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	25.0	09.4
डालटनगंज	29.4	09.3
धनबाद	26.6	14.0

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, शनिवार 15 नवंबर 2025 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 215 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

ब्रीफ खबरें

विवाहिता ने दुपट्टे से लगायी फांसी

तेतुलमारी । सुभाष चौक समीप मुर्गी मुहल्ला मे शुक्रवार की सुबह टायर दुकानदार मो जियाउल हक की 35 वर्षीय पत्नी आईशा खातून घर के अंदर लगे एंगल में दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली. आसपास के लोगों द्वारा सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया. मृतका के तीन पुत्री व एक पुत्र है. आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है. उसके पति जियाउल ने बताया की रात खाना खाने के बाद हम दुकान चले गए. थोड़ी देर बाद जब वापस आए तो दरवाजा अंदर से बंद मिला तो दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा वह फंदे से झुल रहा थी.

महिला उत्पीड़न के खिलाफ कार्यशाला

महुदा । स्वाभिमान संस्था द्वारा पारजोरिया में स्वाभिमान कार्यालय प्रांगण में क्रिया के सेल्फ लीडर और ट्रेनर के द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम चल रहा था. शुक्रवार को कहानी सर्कल कार्यक्रम की समाप्ति की गई. अलग-अलग गांव और समुदाय के साथ यह कार्यक्रम महिला किशोरियों के साथ हो रहे हैं हिंसा और शिक्षा में पर आधारित था कहानी के माध्यम और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया. जिससे सभी महिला किशोरियों को समान अवसर मिले और समाज में उन्हें अपनी पहचान बना सके. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अनूप कुमार पारजोरिया, वार्ड सदस्य गंगा देवी, रूपानी देवी, अंजलि कुमारी, रोमा कुमारी, दोना कुमारी, संगीता कुमारी, महिला समूह के महिलाएं और किशोरियां उपस्थित थे . संस्था अध्यक्ष भुवनेश्वरी देवी, सचिव सुषमा देवी कोषाध्यक्ष माला देवी ने सभी को कार्यक्रम की सफलता पर धन्यवाद दिया

मथुरा ने किया कक्ष निर्माण का शिलान्यास

टुंडी । झारखंड शिक्षा परियोजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय 72 लाख की लागत से बननेवाली दस वर्ग कक्ष निर्माण कार्य का शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने किया. उन्होंने कहा कि यहां नया कमरा बनने पर छात्राओं को पठन-पाठन में सहूलियत होगी. इस मौके पर टुंडी झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू, टुंडी बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, वरिष्ठ नेता बसंत महतो, आनंद महतो, आदि मौजूद थे.

आरपीएफ ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

धनबाद । रेलवे दंडाधिकारी धनबाद द्वारा निर्गत वारंट के तामिला के क्रम में फरार अभियुक्त कादिर खान ,पे०-कमरुद्दीन खान , सा०-न्यू इस्लामपुर पांडरपाला , थाना-भूली , जिला- धनबाद को गिरफ्तार किया है. लगातार दविश देने के उपरांत भागे चल रहा था. मुखबीर खास से प्राप्त सूचना पर दिये गए पते पर अभियुक्त पाया गया, जिसको शुक्रवार को वारंट दिखा कर मानवधिकार के नियमें का पालन करते हुए गिरफ्तार कर रेसुब पोस्ट धनबाद लाया गया. समस्त कागजी कारवाई कर प्राप्त वारंट एवं अभियुक्त को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष अग्रिम कार्यवाई कर न्यायालय द्वारा न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया गया .

स्कार्पियो-पिकअप के साथ 1600 लीटर स्प्रीट जब्त

शुभम संदेश। टुंडी

मनियाडीह थानेदार शिव कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर कुट्टी के बोरा ढककर ले जा रहे 1600 लीटर स्प्रीट पकड़ा है. स्प्रीट के साथ अवैध शराब तस्करी के कुख्यात सरगना विजय मंडल सहित दो अन्य को भी गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है. बताते हैं कि राजगंज कोल्हर मुख्य पथ में शुक्रवार को अहले सुबह को मनियाडीह पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इस पथ में नकली शराब,स्प्रीट का कारोबार चल रहा है. मनियाडीह थानेदार शिव कुमार ने त्वरित टीम गठित की और मनियाडीह थाना के पास बेरिकेडिंग लगाकर वाहन चेकिंग शुरू की. इसी दौरान राजगंज के तरफ से एक काला रंग का स्कार्पियो वाहन जेएच10बीपी-7987 और उसके पीछे एक पिकअप वाहन जेएच10डीसी-4572 को रुकवाया. पुलिस द्वारा दोनों वाहनों की तलाशी ली गई. पिक अप वाहन के उपर कुट्टी बोरा ढका हुआ था, जबकि अंदर में ब्लू रंग 40 पीस प्लास्टिक जार में 40, 40 लीटर स्प्रीट बरामद हुआ. । पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया व चालक शाहिद से इसकी कागजात की मांग किया तो उसने सरगना का मालिक विजय मंडल का नाम उगल दिया. मामले में पुलिस की पूछताछ में विजय मंडल ने मनोज रजक व दीपक सोरेन की संलिप्तता की बात सामने आई है. ये दोनों चरककला व विशनपुर मनियाडीह थाना क्षेत्र के रहनेवाले हैं. पुलिस ने मुख्य सरगना बिजय कुमार मंडल,ग्राम मंडरो, थाना खुखरा हरलाडीह गिरिडीह व चालक मो शाहिद झरिया उपर कुल्ही निवासी को जेल भेज दिया है. इधर इसके खुलासे के बाद अवैध कारोबारियों में हड़कंप है. पुलिस के अनुसार बिजय कुमार मंडल इस सरगना का मास्टर माइंड है व अवैध शराब कारोबार में कई बार जेल जा चुका है.

नुनूडीह: हाइवा की चपेट में आने से युवक की मौत

आक्रोशित लोगों ने झरिया-सिंदरी मुख्य मार्ग किया जाम

शुभम संदेश। चासनाला

पाथरडीह–झरिया–सिंदरी मुख्य मार्ग स्थित नुनूडीह दुर्गा मंदिर के समीप शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में 30 वर्षीय युवक हैदर अली उर्फ मोनू अंसारी की मौत हो गई. वह लोको बाजार ईदगाह मोहल्ला का निवासी था और अपनी पल्सर बाइक जेएच 10 ए 7808) से घर लौट रहा था. घटना के अनुसार, झरिया की ओर से लौट रहे मोनू को पीछे से तेज रफ्तार में चासनाला की ओर जा रही कोयला लदी हाईवा (जेएच 10 सीवाई 2522) ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर के बाद मोनू सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया. आसपास के लोगों ने तुरंत उसे चासनाला सीएचसी पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. सूचना मिलने पर सुदामडीह पुलिस मौके पर पहुँची और हाईवा तथा बाइक को जब्त कर लिया. हादसे के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया. बताया गया कि वाहन भेलाटांड़ निवासी मनोज महतो का है. मृतक मोनू दो भाइयों में छोटा था और ज्वेलरी की दुकान चलाता था. उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व हुई थी और वह एक छोटे पुत्र का पिता था. घटना की जानकारी मिलते ही पिता अफजाल अंसारी अस्पताल पहुँचे, जहाँ परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. हादसे से आक्रोशित लोगों ने मुआवजा की मांग को लेकर झरिया–सिंदरी मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई.

कचड़ा गोदाम के जोड़िया से गार्ड का शव बरामद

कुमारधुबी । दुधिया पानी स्थित उप प्रमुख विनोद दास के कचड़ा गोदाम के जोड़िया से शुक्रवार की सुबह सिक्योरिटी गार्ड सुशील सिन्हा (62) का शव बरामद हुआ है. गलफरबाड़ी पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. सूचना पर परिजनों के साथ ग्रामीण मौके पर पहुंचे. पचास हजार मुआवजा की मांग पर हंगामा किया. बाद में चालीस हजार मुआवजे पर सहमति बनी. बीस हजार श्राद्ध कर्म में एवं शेष बीस हजार एक माह के भीतर देने की बात हुई. परिजनों ने बताया कि मृतक कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के बरडंगाल स्थित घर से गुरुवार की शाम छह बजे ड्यूटी के लिये निकला था, गोदाम में ड्यूटी के लिए भी पहुंचा .लेकिन एक घंटा बाद वह अचानक गायब हो गया. उसके साथी गार्ड ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला. गोदाम स्थित जोड़िया पहुंचा तो देखा कि उसका चप्पल वह पड़ा है. संदेह हुआ कि वह उसमें डूब गया है. गार्ड ने तत्काल इसकी सूचना गोदाम संचालक विनोद दास को दी. सुबह गलफरबाड़ी पुलिस ने जोड़िया में खोजबीन करायी तो उसका शव बरामद हुआ. ओपी प्रभारी दीपक दास ने कहा का यूडी केस दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिये धनबाद भेज दिया गया है.

बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर चिरकुंडा के भाजपाईयों में जश्न

चिरकुंडा । बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत की खुशी में झारखंड और पश्चिम बंगाल के सीमा पर स्थित चिरकुंडा शहीद चौक में भाजपाईयों ने जश्न मनाया और जमकर पटाखे छोड़े व एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दिए और राहगीरों को लड्डू खिलाया. जानकारी देते हुए भाजपा नेता जयप्रकाश सिंह ने कहा कि बिहार की जनता को पूरे देश से शुभकामना दी जा रही है , बिहार की देवतुल्य जनता ने बिहार को जंगलराज बनने से रोका है और इंडिया गठबंधन को बिहार से सफाया करने का काम किया है.बिहार की जनता ने मोदी जी और नीतीश जी पर जो विश्वास जताया है बिहार अब तेजी से विकास करेगा यह जीत बिहार की जनता की जीत हैं.वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप अग्रवाल ने बिहार में प्रचंड जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई संदेश दिया है. मौके पर डब्लू बाउरी, दशरथ साव, अरबिन्द सिन्हा, अनिल यादव, विजय सिंह, संजय गुप्ता,पप्पू सिंह, मिथलेश साव,जगरनाथ सिंह,सुनीता देवी, पवन साव,पवन शर्मा, सुरेश सिंह आदि थे.

डालसा ने मनाया बाल संरक्षण और संवर्धन अधिकार दिवस

शुभम संदेश। मधुबन

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, धनबाद के मासचिव मयंक तुषार टॉपनो के निर्देशानुसार शुक्रवार को बाघमारा प्रखंड स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय नवागढ में बाल संरक्षण एवं संवर्धन अधिकार दिवस का आयोजन किया गया. इस अवसर पर अधिकार मित्र राजु कुमार साव, विवेक मिश्रा, दीपक तिवारी, अजय साव, मोनू यादव, विजय मोदक , दिवाकर गोप, संजय साव द्वारा विद्यालय के छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, धनबाद के माध्यम से दी जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता और उससे जुड़े विभिन्न लाभों की जानकारी दी गई. वक्ताओं ने बच्चों को आशा योजना के अंतर्गत बाल विवाह और बाल श्रम जैसी सामाजिक बुराइयों से बचाव के उपायों की जानकारी दी. डॉन योजना के तहत नशामुक्ति और नशे के दुष्परिणामों पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई. साथ ही बच्चों को घरेलू हिंसा, डायन प्रथा, स्पॉन्सरशिप लाभ, दिव्यांग प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा सड़क दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजे के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई. इस कार्यक्रम में कुछ बच्चों का चयन स्पॉन्सरशिप , दिव्यांग के लिए भी किया गया, जिससे उनकी आवश्यक सहायता सुनिश्चित की जा सके. कार्यक्रम के दौरान बच्चों को नालसा द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 की जानकारी भी दी गई, जिससे वे जरूरत के समय सहायता प्राप्त कर सकें.

झारखंड की रजत जयंती मनी

कुमारधुबी । झारखण्ड की रजत जयंती के पूर्व स्थापना दिवस पर आजाद भारत के प्रथम प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरु की जयंती के अवसर पर पंचमोहली पंचायत के मुखिया पारुल पांडे के नेतृत्व में सखी मंडल द्वारा रजत जयंती मनाई गई . रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया . इस मौके पर सखी मंडल समूह के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और महिलाओं को स्वावलंबी एंव सशक्त बनाने के लिए महिला व्यवसाय पर जोर दिया .

टाटा स्टील फाउंडेशन ने निकाली रैली

विश्व मधुमेह दिवस पर सामूहिक जांच शिविर का आयोजन

शुभम संदेश । कतरास

विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन, जामाडोबा द्वारा भेलाटांड और बाघमारा क्षेत्र में जागरूकता रैली और सामूहिक मधुमेह जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस पहल का उद्देश्य मधुमेह की रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना और समुदायों में रोग की प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करना था. कार्यक्रम की शुरुआत एक उत्साहपूर्ण मधुमेह जागरूकता रैली से हुई, जिसे विकाश कुमार, चीफ, सिजुआ ग्रुप, टाटा स्टील; संजीव ठाकुर, हेड, सिजुआ कोलियरी, टाटा स्टील; संजय सिंह, प्रेसिडेंट, राष्ट्रीय कोलियरी मज़दूर यूनियन सिजुआ कोलियरी; डॉ. अंकित प्रकाश, सीनियर रजिस्ट्रार, टीएमएच जामाडोबा और फ़ाउंडेशन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान टाटा स्टील फाउंडेशन के अधिकारी और समुदाय के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे. रैली टाटा भेलाटांड हॉस्पिटल से शुरू होकर रामपुर तक निकाली गई, जिसमें 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. इनमें स्थानीय महिलाएं, युवा और फाउंडेशन के स्वयंसेवक शामिल थे. प्रतिभागियों ने मधुमेह से बचाव, नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर आधारित नारे लगाए और संदेशों से भरे पोस्टर थामे हुए थे. रैली के बाद टाटा स्टील फाउंडेशन की एनसीडी-वीबीडी टीम द्वारा लोहारपट्टी, मधुबन, फतमुहुल और सिजुआ 12 में सामूहिक मधुमेह जांच शिविर आयोजित किए गए. इन शिविरों में निःशुल्क ब्लड शुगर जांच के साथ-साथ पोषण, शारीरिक गतिविधि और जीवनशैली सुधार पर व्यक्तिगत परामर्श भी प्रदान किया गया, ताकि लोगों को मधुमेह के खतरे को कम करने में मदद मिल सके.

बाल दिवस की खबरें

पुना महतो विद्यालय में बाल दिवस पर कार्यक्रम

महुदा (शुभम संदेश) । महुदा क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में शुक्रवार को बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर स्कूलों में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. आयोजनों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. पुना महतो स्मारक उच्च विद्यालय महुदा मोड़ में खेलकूद प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस मौके पर अतिथियों एवं शिक्षकों ने इस विशेष दिन के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने बच्चों को उनके अधिकारों और देश के भविष्य में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी. कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी, प्रधानाध्यापक गौरव कुमार सिन्हा ने बच्चों को शुभकामनाएं दी. कहा कि बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, उनकी देखभाल और शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है. इस अवसर पर प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया. मौके पर प्रधानाचार्य गौरव कुमार सिन्हा, सुनीता सिन्हा, पवन कुमार महतो, भीम महतो, गुरुपद महतो, दिलीप कुमार महतो, सुधाकर गोस्वामी, पलटू रवानी, रिंकू सिंह, दुर्गा दशन्धी, गोविन्द महतो, दिलीप विश्कर्मा, सुप्रिया कुमारी, संगीता देवी, खुशबू कुमारी, सुनीता कुमारी, आशा देवी, प्रिया कुमारी आदि मौजुद थे.

औद्योगिक क्रांति के सूत्रधार थे चाचा नेहरू : सहदेव

कतरास (शुभम संदेश) । शुक्रवार को संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में बाल दिवस के अवसर पर स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया. अपने संबोधन में उन्होंने चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाचा नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे इसलिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है .स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने भारत में औद्योगिक क्रांति का सूत्रपात किया. आजीवन वे देश के लिए संघर्ष करते रहे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से तारा कुमारी, लक्ष्यराज, संजोती कुमारी, रिया कुमारी, आदित्य शर्मा, परिधि शर्मा, आराध्या कुमारी ,आयुष चरण शर्मा ,आरोही कुमारी ,शौर्य कुमार ,शिवम महतो, शबनम टुडू, रोहित मुर्मू, प्रतीक कुमार सिंह ,अनन्या कुमारी, संजीव कुमार महतो, आदर्श कुमार रावत आदि उपस्थित थे. कार्यक्रम को सफल बनाने में संकल्प एजुकेशन के प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी, जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद ,सह संस्थापक रंजीत कुमार, जनजातीय कल्याण पदाधिकारी सुधीर हेंब्रम, कार्यक्रम पदाधिकारी शमशेर अली आदि का सराहनीय योगदान रहा.

पीएम नेहरू के जन्मदिन पर निकाली रैली

केंदुआ (शुभम संदेश) । देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन बाल दिवस पर केंदुआ,पुटकी, मुनिडीह के विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया. सड़क पर रैली निकालने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए. डीएवी मुनीडीह में नवदृष्टि -नवपरिवर्तनकारी रचनात्मक संगम का आयोजन किया गया. छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया. हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, संगीत, नृत्य, खेल और अन्य विषयों से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई. प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनाओं का प्रदर्शन किया, जिसमें चित्रकला, कविता, निबंध, और अन्य रचनाएं शामिल थीं. मुख्य अतिथि पश्चिमी झरिया के महाप्रबंधक अरनिंदम मुस्तफी और विशिष्ट अतिथि दयुति मुस्तफी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया. कहा कि प्रदर्शनी से छात्रों को अपने कौशल को विकसित करने में मदद मिलती है. बीसीसीएल द्वारा अभिभावक,छात्रों एवं शिक्षकों का मुफ्त स्वास्थ्य जाँच किया गया. यहां अतिथि के रूप में डीएवी कुसुंडा के प्राचार्य अजीत दुबे,एवं डीएवी बरोरा के राकेश शर्मा भी उपस्थित थे. विद्यालय की प्राचार्य इंदू प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है और वह आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित होते हैं. इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.डीएवी अलकुसा व करकेन्द में भी कार्यक्रम हुए.

शिशु मंदिर कुमारडीह में बाल भोज का आयोजन

महुदा (शुभम संदेश) । श्रीश्री मंगल प्रभा जैन महाराज शिशु मंदिर कुमारडीह में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए बाल भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. विद्यालय प्रबन्धन की ओर से बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं आनंद को ध्यान में रखते हुए विविध प्रकार के स्वादिष्ट व पौष्टिक भोजन कराया गया साथ ही सभी बच्चों को उपहार दिया गया . इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया. विद्यालय के शिक्षकों ने बाल दिवस के विषय में चाचा नेहरू के जीवनी पर बच्चों को बतायी गई. शुभकामनाएँ देते हुए बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ की. मौके पर प्रचार्य विनय कुमार सराक, सहायक शिक्षक मानिक सराक़, शिवनंदन सराक, अनिमेष सराक, श्यामपद नापित, कन्हाई भट्ट, ओम पांडेय, मुस्कान अख्तर, निशा सराक, स्नेहा सराक, छोटी कुमारी, नैना खातून सहित अन्य का आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा .

झाविट्र ने चलाया बाल संरक्षण जागरुकता अभियान

कतरास । बाल दिवस के अवसर पर झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन द्वारा बाल अधिकार व संरक्षण (बाल विवाह,बाल यौन हिंसा,बाल तस्करी) पर राजेंद्र कन्या माध्यविद्यालय,कतरास एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय फुलवार मे जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में बाल अधिकार,बाल संरक्षण के साथ साथ बाल विवाह उन्मूलन,बाल यौन हिंसा एवं बाल तस्करी रोक पर बच्चों को जागरूक किया गया. झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद महतो एवं समन्वयक नाइमुद्दीन अंसारी ने कहा कि आज बच्चों का विशेष दिन है हमारी संस्था दो दशक से धनबाद मे बच्चों के अधिकार एवं संरक्षण पर कार्य कर रही है. झारखण्ड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से धनबाद जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए 100 दिन का विशेष अभियान चला रही है. ट्रस्ट के दीपा रवानी एवं चंदा कुमारी ने बाल यौन हिंसा, बाल तस्करी,बाल मजदूरी रोक पर विस्तार से प्रकाश डाला, अंत मे उपस्थित सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने बच्चों के संरक्षण एवं बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण का शपथ लिया.

शक्ति कॉलेज ने धूमधाम से मनाया बाल दिवस सह झारखंड स्थापना दिवस

खास बात

- छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

शुभम संदेश। महुदा

शुक्रवार 14 नवम्बर को शक्ति कॉलेज सिजुआ में नेहरू जयंती के शुभ अवसर पर पं. जवाहर लाल नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया. इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं, शिक्षक और स्टाफ द्वारा केक काटकर नेहरू जन्म दिवस धूम-धाम से मनाया गया. इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० अरुण कुमार महतो ने कहा कि 14 नवंबर का दिन हम सबके लिए बहुत ख़ास है. यह दिन हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू के जयंती के रूप में मनाया जाता है. नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्यार था, वे कहते थे कि बच्चे राष्ट्र के सबसे बड़े संपत्ति और भविष्य हैं, बच्चों के प्रति उनके इस स्नेह के कारण हम उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कह कर बुलाते हैं और उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाते हैं. इस अवसर पर कॉलेज के झारखंड स्थापना के २५वाँ स्थापना दिवस मनाया गया. छात्र-छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम उपरांत विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया साथ ही छात्र-छात्राओं के बीच मिठाईयाँ भी बांटी गई. इस अवसर प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार महतो, प्रो. मोकितउद्दीन, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. अविनाश कुमार, प्रो. राखेहरी महतो, प्रो. मेघनाथ महतो, प्रो. राकेश कुमार महतो,प्रो. दिनेश मधेशिया, प्रो. राजकुमार प्रसाद, प्रो. नागेन्द्र महतो, प्रो. पंचानन सिंह चौधरी , प्रो. शेखर महतो, प्रो. चमन महतो, प्रो. संजय गोप,नेहा कुमारी, मोहित कुमार महतो ,जितेंद्र महतो, तेंदुलकर भट्ट, चक्रधर महतो, अभिमन्यु महतो, मोहित महतो, लालू महतो, भुनेश्वर महतो, शांति देवी, लाजवंती देवी, अनीता देवी, फूल कुमारी, शंकर महतो, प्रदीप महतो, पंकज महतो एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.

सरस्वती विद्या मंदिर में सप्तशक्ति संगम का आयोजन

मधुबन । सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह के प्रांगण में शुक्रवार को सप्तशक्ति संगम का भव्य आयोजन किया गया . यह कार्यक्रम विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित था . कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयोजिका डॉ पूजा, प्रांतीय संयोजिका रंजना , प्रांतीय सह संयोजिका किरण, प्रधानाचार्या गीता मिश्रा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रमुख इंदु देवी के कर कमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ . कार्यक्रम की प्रस्तावना को प्रस्तुत करते हुए रंजना ने कहा कि सप्तशती संगम का उद्देश्य भारतीय नारियों को आत्मिक शक्ति बोध कराने से है . सप्त शक्ति के रूप में, वाक्, स्मृति, मेधा ,धृति, क्षमा और कीर्ति जानी जातीं हैं . डॉ पूजा ने कहा कि पुरुषार्थ की जन्मदात्री माताएं होती हैं जब माताएं सजग रहेगी तभी बच्चों की शिक्षा पूर्ण हो सकेगी और उनमें संस्कार समावेश हो सकेगा . बच्चों के विकास में माता की अग्रणी भूमिका होती है भारत की आदर्श कुटुंब व्यवस्था माता पर ही निर्भर है . प्रांतीय संयोजिका किरण राय, इंदु ने कहा कि सप्तशती संगम का यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा . पारिवारिक व्यवस्था को सशक्त बनाकर राष्ट्र के निर्माण में सहायक सिद्ध होगा . माताओं के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं उनको पुरस्कृत भी किया गया .इस अवसर पर संयुक्त परिवार में अग्रणी भूमिका निभाने वाली 97 वर्ष की माता अरुणा देव्या और जनजातीय समुदाय की सामाजिक कार्यकर्ता महारानी देवी को भी सम्मानित किया गया . इस अवसर पर विद्यालय में क्षेत्र के 522 महिलाओं का समागम हुआ एवं धनबाद विभाग के 44 विद्यालयों से 44 प्रधानाचार्य एवं 44 दीदी जी की भी उपस्थिति रही . अतिथि परिचय आचार्या डॉक्टर निशा तिवारी ने किया .

पीएमश्री उच्च विद्यालय दुमदुमी में हस्तकला प्रदर्शनी

गोमो । तोपचांची के दुमदुमी गांव स्थित पीएम श्री उच्च विद्यालय में बाल दिवस के मौके पर शुक्रवार को कई प्रकार की हस्त निर्मित पाक, व खाद लजीज व्यंजन और हस्त कलाओं का प्रदर्शनी स्कूली बच्चों के द्वारा लगाई गई . बच्चों की प्रतिभा देख कर विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य अभिभावकों एवं समाज सेवियों ने काफी सराहा और बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रोत्साहित किया.. सामायिक कार्यकर्ता सदानंद महतो ने कहा कि बच्चों का भविष्य उनके माता-पिता पर भी निर्भर करता है . माता-पिता बच्चों को अच्छे संस्कार दें तथा नियमित बच्चों को विद्यालय भेजें .मौके पर प्रधानाध्यापक उमा कुमारी, शिक्षक सुधीर कुमार मेहरा, संजय कुमार, बृजमोहन दास, पिंटू ठाकुर, बैजनाथ गोस्वामी, ममता कुमारी,ललिता कुमारी, अनंत लाल पांडेय, मुखिया माधुरी देवी, बसंती देवी,सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन महतो सदानंद महतो उपस्थित रहे . स्कूली बच्चों में काजल कुमारी,प्रियंका कुमारी, किरण कुमारी,इंदु कुमारी, अभिभावक अनंत लाल महतो, राजू प्रमाणिक,गोविंद पंडित, विनोद प्रसाद महतो,भरत लाल महतो,सुधीर कुमार, हेमंत कुमार

उलगुलान के महानायक

भगवान बिरसा मुंडा

की 150वीं जयंती पर 25 वर्ष का युवा झारखण्ड धरती आबा को नमन करता है

जोहार

उलिहातू

झारखण्ड के खूंटी स्थित उलिहातू की पहाड़ियों और जंगलों में जन्मा एक ऐसा महानायक, जिसने अपने साहस और संघर्ष से ब्रिटिश शासन को चुनौती दी। वे बिरसा मुंडा थे, जिन्हें उनके अनुयायियों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के रूप में पूजा।

बिरसा मुंडा ने आदिवासियों के अधिकारों के लिए संघर्ष का बिगुल बजाया, उनका उद्देश्य स्पष्ट था। लोगों को उनकी भूमि और अधिकार वापस दिलाना।

बिरसा मुंडा के क्रांतिकारी विचारों से विचलित हो कर ब्रिटिश शासकों ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। जेल में ही 09 जून 1900 को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा शहीद हो गए।

लेकिन उनके उलगुलान का संदेश थमा नहीं। बिरसा मुंडा समेत वीर पुरखों के आदर्शों पर चल कर लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद आंदोलनकारियों ने झारखण्ड अलग राज्य का सपना पूरा किया। आज धरती आबा का युवा झारखण्ड हम सभी के समक्ष है।

श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

ब्रीफ खबरें

महानायक सिद्धो–कान्हो प्रतिमा का अनावरण

निरसा बाजार। जनजातीय गौरव वर्ष के 150 वीं वर्षगांठ पर स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सिद्धो–कान्हो प्रतिमा का अनावरण शुक्रवार को ईसीएल मुगमा के कल्याणेश्वरी क्लब प्रागंण में ईसीएल के निदेशक (तकनीकी) आपरेशन नीलाद्रि राय ने किया. उन्होंने कहा कि सिद्धो–कान्हो ने 1855–56 के संथाल विद्रोह (हुल) का नेतृत्व किया था. सिद्धो–कान्हो के साहस, बलिदान और संघर्ष की गौरवशाली विरासत को नमन करने के साथ-साथ ईसीएल द्वारा जनजातीय गौरव वर्ष के अंतर्गत आदिवासी इतिहास, संस्कृति और उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा. जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी.

लोयला स्कूल में कार्तिक मेला का आयोजन

चिरकुंडा । चिरकुंडा के तालडांगा स्थित लोयला स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर कार्तिक मेला का आयोजन किया गया. स्कूल के प्राचार्य जानी पी देवासिया व मुख्य अतिथि एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने मेला का उद्घाटन किया. चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय भी उपस्थित थे. अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के मेले से बच्चों में एक सामाजिक ज्ञान एवं उत्साह बढ़ता है. मेले में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा भिन्न भिन्न प्रकार के खाद्य सामग्री एवं खेलों की दुकान लगाए गए थे. इसमें छोटे बच्चों के लिए ट्रांप्लिन, लकीडीप, हिट द क्वाइन, ब्रेक द पोट,बास्केटबॉल,हिट द टारगेट केप द क्लार्न बहुत सारे खेल शामिल थे.

नीरज हत्याकांड : निचली अदालत ने संजीव समेत 10 आरोपियों को कर दिया था रिहा

संजीव की रिहाई को चुनौती देने वाली अपील सुनवाई के लिए स्वीकार

- उच्च न्यायालय ने तलब की निचली अदालत से केस के रिकॉर्ड
- पूर्व विधायक संजीव सिंह समेत 10 को नोटिस जारी करने का आदेश

शुभम संदेश। धनबाद

पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के आरोप में झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह समेत 10 लोगों की रिहाई के आदेश को चुनौती देने वाली अपील को झारखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है. उच्च न्यायालय में मृतक चालक धलटू महतो की पत्नी मीना देवी द्वारा दाखिल अपील पर आज सुनवाई की गई. हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए न केवल अपील को सुनवाई के लिए मंजूर किया, वहीं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश धनबाद को विशेष दूत के माध्यम से निचली अदालत के रिकॉर्ड को तलब किया है. हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा दोष मुक्त किए गए आरोपी संजीव सिंह समेत 10 लोगों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है.

झारखंड उच्च न्यायालय में यह मामला गुरुवार को सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय के डबल बेंच न्यायमूर्ति रोगन मुखोपाध्याय एवं न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच संख्या 3 में सुनवाई के लिए निर्धारित की गई थी. मीना देवी की ओर से उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने उच्च न्यायालय के डबल बेंच संख्या दो में मेंशन करते हुए आग्रह किया कि यह अपील सुनवाई के लिए बेंच संख्या 3 में निर्धारित की गई थी परंतु वह बेंच आज नहीं है. इसलिए इसे अति आवश्यक समझकर सुन लिया जाए. उच्च न्यायालय के डबल बेंच के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद एवं न्यायमूर्ति अरुण कुमार राय द्वारा इस मामले पर सुनवाई की गई. अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह ने अदालत में आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड में हेरफेर की संभावना है और इसलिए शीघ्र सुनवाई आवश्यक है ताकि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड मंगाए जा सकें. अदालत ने अधिवक्ता के उक्त प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और इस मामले को अपराह्न 2:15 बजे अधिसूचित करने का निर्देश दिया.

उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि अपीलकर्ता के विद्वान वकील शैलेश कुमार सिंह और प्रतिवादी-राज्य के विशेष लोक अभियोजक भोलानाथ ओझा को सुनने के बाद मामले को सुनवाई के लिए स्वीकार किया. अदालत ने मूल ट्रायल कोर्ट रिकॉर्ड की मांग की और उसकी स्कैन कॉपी रखने का आदेश दिया. उच्च न्यायालय ने इस आदेश को तत्काल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, धनबाद को सूचित करने एवं विशेष संदेशवाहक के माध्यम से ट्रायल कोर्ट के अभिलेख तत्काल भेजने का आदेश दिया है.

अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह द्वारा यह प्रस्तुत किया गया कि प्रतिवादी वहां मौजूद हैं, जिन्हें बरी कर दिया गया है और इस प्रकार, उन पर नोटिस जारी किया जा सकता है. अदालत ने प्रतिवादी संख्या 2 से 11 को स्पीड पोस्ट के साथ-साथ सामान्य प्रक्रिया के माध्यम से नोटिस जारी करने का आदेश दिया है तथा अपील कर्ता के अधिवक्ता को सुनवाई के लिए अपेक्षित दस्तावेज एक सप्ताह की अवधि के भीतर दाखिल करने का आदेश दिया है.

बिहार चुनाव के परिणाम पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा

पीएम की नीति और नेतृत्व की जीत

शुभम संदेश। धनबाद

बिहार चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में ऐतिहासिक जनादेश दिया है. एनडीए को मिली यह प्रचंड बहुमत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों, उनके नेतृत्व और 'सबका साथ–सबका विकास–सबका विश्वास के मंत्र पर जनता के अटूट भरोसे का प्रमाण है. बिहार के इस जनादेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता जाति और भ्रम की राजनीति को नहीं, बल्कि विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा की राजनीति को समर्थन देती है. बिहार का अपमान करने वालों को जनता ने बाहर का रास्ता दिखा दिया. नरेंद्र मोदी एवं नीतीश की जोड़ी पर जनता ने विश्वास एवं भरोसा जताते हुए जनता ने मुहर लगाया है. झूठ, लूट और भ्रम की महागठबंधन को जनता ने सीधे नकार दिया है.

झामुमो के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार हुआ : नीलम

केंद्रीय सदस्य एवं केंद्रीय मीडिया स्पोक्स पर्सन झामुमो नीलम मिश्रा ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ जिस प्रकार का अन्याय पूर्ण व्यवहार किया गया, वह कहीं से उचित नहीं था. इस चुनाव में इंडिया गठबंधन झामुमो की संगठन और कार्यकर्ताओं का लाभ लेने में असफल रहा. मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अगर झामुमो भी इस चुनाव में शामिल होता तो परिणाम की रूपरेखा कुछ और होती. एनडीए को इस भारी बहुमत के लिए बहुत-बहुत बधाई, साथ ही घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में सोमेन चंद्र सोरेन एवं पार्टी के नेतृत्व माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन के साथ ही घाटशिला विधानसभा के समर्पित जनता को भी इस ऐतिहासिक जीत के लिए बहुत बहुत बधाई.

चुनाव आयोग की बेइमानी से जीती भाजपा : संतोष सिंह

धनबाद कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बिहार में कांग्रेस की हार पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चुनाव आयोग की बेइमानी की वजह से वोटों की चोरी कर भाजपा चुनाव जीत गई है. कांग्रेस संघर्ष की पार्टी हैं, कई हार के बावजूद राहुल गांधी इनके खिलाफ लड़ते रहेंगे. एक दिन भाजपा के षड्यंत्र का पर्दाफाश होगा. इसकी पूरी उम्मीद है.

यह परिणाम अविश्वसनीय है : राघवेंद्र

राजद धनबाद जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप यादव ने कहा कि बिहार के युवाओं के रोज़गार और आमजन के मुद्दों पर राष्ट्रीय जनता दल और महागठबंधन के साथियों ने बिहार में चुनाव लड़ा. जनता के व्यापक विरोध और सरकार के खिलाफ तेज एंटी-इन्कम्बेंसी होने के बावजूद अगर इस तरह एकतरफा नतीजे आते हैं, तो यह अविश्वसनीय लगता है. फिलहाल हम चुनाव आयोग के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन अगर भाजपा यह सोचती है कि ऐसे चुनावी नतीजों से राष्ट्रीय जनता दल के प्रति लोगों का रुझान कम होगा, तो वह पूरी तरह भ्रम में है. राजद के कार्यकर्ता निष्ठावान, समर्पित और मजबूत विचारधारा वाले होते हैं, जो सत्ता आने-जाने से प्रभावित नहीं होते.

बसेरिया गोलीकांड में तीन प्राथमिकी, 32 पर मुकदमा

शुभम संदेश। केंदुआ

कोल ट्रांसपोर्ट कम्पनी प्रगति पर वर्चस्व को लेकर बसेरिया में हुए गोली कांड मामले में गोन्दुडीह पुलिस ने 10 युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है. वर्चस्व को लेकर हुए गुटीय संघर्ष में दूसरे पक्ष की रानी कुमारी ने 12 लोगों के खिलाफ घर मे घुसकर अपहरण का प्रयास करने, बंदूक के बट से मारने व 24 हजार रुपया लूटने की लिखित शिकायत की है. शिकायत में छोटू यादव, छबीला यादव, सत्यम यादव, सागर यादव, आकाश यादव, विजय यादव, ललन यादव, रामाशीष यादव, दीपक यादव, बलराम यादव, विकास यादव, संजय यादव पर केस दर्ज किया गया है. इधर गुरुवार को हुए हमले में बलराम यादव की शिकायत पर पुलिस ने बसेरिया के ही गुलटन यादव,मकेश्वर यादव, राजू यादव, अमित यादव, विक्की यादव, विकास यादव, मुकेश यादव, नीतीश यादव, महेंद्र यादव व सतेंद्र यादव के खिलाफ कांड संख्या 120/25, बीएनएस की धारा 190,192 (2), 191 (3), 126 (2),15 (2), 109 (1), 351 (2) ,352 व 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया.

ओपी प्रभारी राजन झा ने कहा कि सीसी कैमरा के फुटेज को जप्त किया गया है. कुछ लोगों को पूछताछ कर छोड़ दिया गया.अभी दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. विदित रहे कि गुरुवार की दोपहर प्रगति ट्रांसपोर्ट पर वर्चस्व कायम करने को लेकर काम देख रेख करनेवाले गुट पर युवकों के एक दल ने हमला कर मारपीट करते हुए जान मारने की नीयत से सात राउंड गोली चलाई थी.

मोडर्न स्कूल में बाल दिवस पर कार्यक्रम

चिरकुंडा। बाल दिवस के अवसर पर एसजीडी मोडर्न स्कूल में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्री स्कूल से कक्षा आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेलों का प्रदर्शन किया. इस बार पंडित जवाहरलाल नेहरू के 136वीं जयंती पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम का संचालन जूनियर और सीनियर कैंपस के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने किया और बच्चों का मनोबल बढ़ाया. स्कूल के प्राचार्य जूबिन बोस और उप प्रधानाध्यापिका जौली दत्ता ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया. इस अवसर पर बाल दिवस पिकनिक का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपने दोस्तों और शिक्षकों के साथ मिलकर मज़ेदार समय बिताया. पिकनिक में बच्चों ने अंताक्षरी, डंब चरैड्स, ट्रूथ एंड डेयर, नृत्य, और गीत जैसे विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया.

एलाइट स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम की धूम

चिरकुंडा। एलाइट पब्लिक स्कूल चिरकुंडा में बाल दिवस पर बच्चों के बीच रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही शिल्पकला व चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया.चित्रों के माध्यम से बच्चों ने जनजातीय समाज की समृद्ध संस्कृति,परंपरा,लोककथा व जीवनशैली को अभिव्यक्त किया.मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक इरफान अहमद खान,हेमंती दास,सुनीता देवी,प्रकाश साव,वर्षा कुमारी,मिनोती बनर्जी आदि थे.

घाटशीला में झामुमो की जीत पर बंटी मिठाई

टुंडी। घाटशिला में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की ऐतिहासिक जीत पर टुंडी में खुशी की लहर है. इस मौके पर सोनेत संथाल समाज के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष सह झामुमो वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू ने कार्यकर्ताओं को झामुमो कार्यालय में बुलाकर जमकर आतिशबाजी के साथ मिठाइयां बांटी व खुशी का इजहार किया. इस मौके पर झामुमो अध्यक्ष फुलचंद किस्कू, सनातन सोरेन,रसिद अंसारी, गुरुचरण बास्की,मुर्तेज अंसारी, मैनेजर हेम्ब्रम, बबलू रजवार, संतुलाल किस्कू, शहजाद अंसारी, अनवर अंसारी,अकरम हुसैन आदि मौजूद थे.

बाल दिवस पर सदर अस्पताल धनबाद के पीछे विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

धनबाद : डालसा धनबाद के आदेशानुसार बाल दिवस के शुभ अवसर पर सदर अस्पताल धनबाद के पीछे रहने वाले लोगों के बीच पैरा लीगल वॉलंटियर्स (PLV) अरविंद प्रसाद, अजीत कुमार दास और योगेश शर्मा द्वारा विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मौलिक अधिकार, शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम, बाल विवाह, स्पॉन्सरशिप स्कीम, चाइल्ड हेल्प नंबर 1098 तथा टोल-फ्री नंबर 15100 आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इसका उद्देश्य समाज में बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसके साथ ही बच्चों के बीच चॉकलेट बांटकर उन्हें उत्साहित किया गया।

मध्य विद्यालय हीरापुर में कॉपी-पेंसिल वितरण

धनबाद। बच्चों के प्रति समर्पित 'बाल दिवस' के शुभ अवसर पर मध्य विद्यालय हीरापुर हटिया में छोटे बच्चों के बीच कॉपी और पेंसिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सहायक शिक्षक विनोद कुमार उपस्थित रहे। युवा समाजसेवी नीरज सिंह चंद्रवंशी ने इस मौके पर कहा, ₹बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें प्यार, शिक्षा और संस्कार देना हमारा कर्तव्य है। तभी हमारा भविष्य सुरक्षित हो पाएगा। आगे चलकर यही बच्चे हमारे देश का निर्माण करेंगे। किसी भी बच्चे को शिक्षा के लिए किसी चीज की जरूरत पड़ेगी, तो वे हमेशा उनके लिए तत्पर रहेंगे।

मुराईडीह विद्या मंदिर में मनाया बाल दिवस

बरोरा। विद्या मंदिर स्कूल मुराईडीह में शुक्रवार को बाल दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया. कार्यक्रम में बच्चों के बीच रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुईं, जिसमें नृत्य, गायन और नाटक जैसी गतिविधियां शामिल रहीं. सभी बच्चों को स्वादिष्ट भोजन वितरित किया गया, जिससे उत्सव का माहौल और भी खुशनुमा हो गया. विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र मंडल ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ढेर सारी खुशियां और आशीर्वाद प्रदान किया. उन्होंने बच्चों से जीवन में अनुशासन, शिक्षा और नैतिकता अपनाने की अपील की. इस आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं. इनमें प्रकाश कुमार महतो, रोहित कुमार, सोहन राय, अमन कुमार महतो, राधा मैडम, पूजा मिस, सुनीता मिस, डोली मिस, कोमल मिस, ईशा मिस सहित अन्य स्टाफ सदस्य शामिल थे. कार्यक्रम का समापन बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ हुआ.

डीपीएस हीरक ब्रांच में 'आइंस्टाइन साइंस एक्सपो–2025' का भव्य आयोजन

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद पब्लिक स्कूल, हीरक ब्रांच में बाल दिवस पर कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी 'आइंस्टाइन साइंस एक्सपो–2025' उत्साहपूर्वक आयोजित की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत, नृत्य और अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ. मुख्य अतिथि आईएसएम के प्रो. डॉ केके ओझा और एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शर्मिला रानी ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना की. मॉन्टेसरी विंग के नन्हे विद्यार्थियों ने एवलाइफ, रिफाइंड शुगर के विकल्प, मिलेट्स, मसालों के नए रूप और पशु-गृह जैसे आकर्षक प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए. इस वर्ष प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) का मॉडल रहा, जिसे देखने अभिभावकों और आगंतुकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. विज्ञान एवं तकनीक विभाग ने मड पैकिंग सिस्टम, फार्म रोटेशन मैनेजमेंट, वायु प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली, रोटेशनल इरिगेशन सिस्टम और जायरो आधारित स्वास्थ्य मॉडल समेत कई प्रभावशाली मॉडल पेश किए. गणित विभाग ने मैथ्स ट्रिक्स, कोण मापन के उपयोग और महान गणितज्ञों के योगदान पर रोचक प्रोजेक्ट लगाए. सामाजिक विज्ञान विभाग में 1857 का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, मोहनजोदड़ो का गृह-नियोजन, भारतीय बाजार, खाद्य सुरक्षा, तमिलनाडु का अन्वेषण, एवरेस्ट का इकोसिस्टम और टाइडल एनर्जी जैसे विषयों पर तैयार मॉडल खास रहे. आईटी विभाग के हेड-जेस्चर कार, रोबोटिक आर्म, मैन-फॉलोइंग रोबोट और मार्स रोवर दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने.

कला विभाग ने आभूषण, दीये, कार्ड और विविध पेंटिंग्स के माध्यम से विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को प्रदर्शित किया. प्रदर्शनी में कुल 234 प्रोजेक्ट लगाए गए, जिनमें 680 विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम ने विद्यार्थियों की नवाचार क्षमता और वैज्ञानिक जिज्ञासा को दिशा दी.

कार्यक्रम में स्कूल विकास ट्रस्ट के चेयरमैन कैलाश प्रसाद साव, सचिव अनिल डालमिया, स्कूलाध्यक्ष डॉ. प्रभाष डोकानिया, सचिव आलोक चौधरी, कोषाध्यक्ष संजय लोधा, मनीष अग्रवाल, ओपी कासट सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे.

समस्याओं से रूबरू हुए प्रभारी जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी

शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर प्रभारी जन शिकायत कोषांग नियाज अहमद द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया. इस दौरान उन्होंने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए आगंतुकों की समस्याओं को सुना एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा. जनता दरबार में मुख्यतः जमीन विवाद, पेयजल, रोजगार नियुक्ति, आंगनबाड़ी सहायिका पद चयन, दबंगों द्वारा भूमि अधिग्रहण, सीएनटी जमीन पर कब्जा, स्कूल में नामांकन, रैयती जमीन की ऑनलाइन रसीद, स्वास्थ सहायता, अनुकंपा पर नौकरी, बकाया वेतन भुगतान, शिक्षा समेत समेत विभिन्न समस्याओं एवं शिकायत से अवगत हुए. उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि लोगों को उनके अधिकार एवं सुविधाएँ सहज रूप से प्राप्त हों. समस्याओं का त्वरित समाधान कर जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है. जनता दरबार के दौरान प्रभारी जन शिकायत कोषांग पदाधिकारी नियाज अहमद ने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का निर्धारित समयसीमा में निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु आवेदनों को हस्तांतरित किया तथा दरबार में पहुंचे आमजनों को पारदर्शी एवं समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराने का पूर्ण भरोसा दिलाया.

केंदुआ-पुटकी में पीएम नेहरू के जन्मदिन का जश्न

केंदुआ। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिन बाल दिवस पर केंदुआ,पुटकी, मुनिडीह के विभिन्न विद्यालयों में मनाया गया. सड़क पर रैली निकालने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए. डीएवी मुनीडीह में नवदृष्टि-नवपरिवर्तनकारी रचनात्मक संगम का आयोजन किया गया.छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया. हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, संगीत, नृत्य, खेल और अन्य विषयों से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रदर्शनी लगाई गई. प्रदर्शनी में छात्रों ने अपनी रचनाओं का प्रदर्शन किया. जिसमें चित्रकला, कविता, निबंध, और अन्य रचनाएं शामिल थीं. मुख्य अतिथि पश्चिमी झरिया के महाप्रबंधक अरनिंदम मुस्तफी और विशिष्ट अतिथि दयुति मुस्तफी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया. कहा कि प्रदर्शनी से छात्रों को अपने कौशल को विकसित करने में मदद मिलती है. बीसीसीएल द्वारा अभिभावक,छात्रों एवं शिक्षकों का मुफ्त स्वास्थ्य जांच किया गया. यहां अतिथि के रूप में डीएवी कुसुंडा के प्राचार्य अजीत दुबे,एवं डीएवीबरोरा के राकेश शर्मा भी उपस्थित थे. विद्यालय की प्राचार्य इंदू प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है और वह आगे बढ़ाने के प्रति प्रेरित होते हैं. इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

पत्रकार संघ ने 13 रनों से जीती मैत्री क्रिकेट मैच

शुभम संदेश। निरसा बाजार

झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष में चिरकुंडा नगर परिषद द्वारा ईस्ट कुमारधुबी मैदान में एक मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया. जिसमें पत्रकार संघ के खिलाड़ियों ने चिरकुण्डा नगर परिषद की टीम को 13 रन से हराकर विजेता ट्राफी पर कब्ज़ा जमा दिया. मैच की शुरुआत चिरकुण्डा नगर परिषद इओ प्रियंका कुमारी ने खिलाड़ियों के साथ परिचय प्राप्त कर की. टॉस पत्रकार संघ ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया. जिसके निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 150 रन बनाए जिसमें धर्मेंद्र शर्मा नाबाद 55, विश्वजीत पांडे 1, संतोष साव 14, अरुण 2, मनोज सिंह 32, रामजी यादव 9 एवं राजू सिंह ने ताबड़तोड़ 17 रन बनाए. वही चिरकुंडा नगर परिषद के गेंदबाज अभिजीत एवं रवि प्रजापति ने एक एक एवं मनोज ने दो विकेट लिए. वही रनों के पीछा करने उतरी चिरकुंडा नगर परिषद की टीम पत्रकार संघ की सधी गेंदबाजी के आगे 12 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 137 रन ही बना सकी.

मंजुरा राय हत्याकांड में पुलिस की सघन जांच

शुभम संदेश। गोविंदपुर

पीएमश्री प्लस टू हाई स्कूल बरवापूर्व में कक्षा पाँच के छात्र मंजुरा राय की हत्या मामले की जांच को लेकर शुक्रवार को पुलिस उपाधीक्षक शंकर कामती एवं पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत विद्यालय पहुँचे. अधिकारियों ने शिक्षकों से घटना से जुड़ी विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने पूछा कि घटना किस दिन हुई, मृत छात्र पर किसने हमला किया और घटना के समय शिक्षक कहाँ थे. घटना के बाद गुरुवार देर रात तक बंधक बनीं सरकारी शिक्षिका हिना तस्लीम और परामर्शदात्री शिक्षिका कौशर जहाँ शुक्रवार को विद्यालय नहीं पहुँचीं, जिससे पुलिस उनसे पूछताछ नहीं कर सकी. डीएसपी ने मामले के अनुसंधानक प्रकाश कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से 12 तक अध्ययन होता है, परंतु कक्षा 1 से 8 तक की पढ़ाई केवल दो शिक्षिकाएँ—हिना तस्लीम और कौशर जहाँ—ही संभालती हैं. उच्च वर्गों के शिक्षक मिडिल सेक्शन में न तो पढ़ाते हैं और न ही वहाँ जाते हैं, जिससे प्राथमिक व मध्य वर्ग पूरी तरह दो शिक्षिकाओं पर निर्भर है. इस कारण विद्यालय में अव्यवस्था बढ़ी हुई है.

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस को बताया कि विद्यालय में गुटबाजी हावी है. इसी गुटबाजी के कारण गत सितंबर में प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार पर पॉक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद से स्थिति और बिगड़ गई है. अभिभावकों ने कहा कि विभाग के निर्देशानुसार उच्च वर्ग के शिक्षकों को निम्न कक्षाओं में भी पढ़ाना है, परंतु विद्यालय में इसका अनुपालन नहीं हो रहा. उच्च वर्गों के शिक्षक ऑफिस में बैठे रहते हैं, जबकि निम्न कक्षाओं के बच्चे बिना देखरेख के कक्षाओं से बाहर खेलते रहते हैं. अभिभावकों ने मांग की कि केवल दो शिक्षिकाओं को नहीं, बल्कि उच्च वर्गों के शिक्षकों को भी दोषी माना जाए. डीएसपी ने कहा कि मामले की सघन जाँच जारी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है. किसी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होगी और किसी को बख्शा भी नहीं जाएगा. उन्होंने शिक्षकों से गुटबाजी समाप्त कर विद्यालय में अनुशासन बहाल करने की अपील की.

रांची, शनिवार 15 नवंबर 2025 ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 215 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

बिहार विधानसभा चुनाव 2025

एनडीए गठबंधन		महागठबंधन	
भाजपा.....	89	राजद.....	25
जदयू.....	85	कांग्रेस.....	06
लोजपा (आर).....	19	लेफ्ट.....	03
रालोमो.....	04	वीआईपी.....	00
हम.....	05	आईआईपी.....	01

एआईएमआईएम : 05 | बीएसपी : 01 | कुल सीट : 243 | बहुमत :122

बिहार विस चुनाव में एनडीए गठबंधन को मिली अपार सफलता, महागठबंधन का सुपड़ा हुआ साफ

बिहार में भगवा लहराया

बीजेपी के 95% स्ट्राइक रेट ने एनडीए की सुनामी ला दी

बिहार में 89 सीटों के साथ भाजपा बनी नंबर-1 पार्टी

जदयू दूसरे नंबर व राजद तीसरे नंबर की बनी पार्टी

विस सीट : 243

एनडीए : 202

महागठबंधन : 35

संवाददाता । पटना

बिहार बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए 243 में से 202 सीटों पर जीत दर्ज की है. बीजेपी इस चुनाव की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है, जिसने 101 सीटों पर चुनाव लड़ा था. करीब 90 प्रतिशत की स्ट्राइक रेट के साथ बीजेपी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और चुनावी पकड़ बिहार जैसे राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भी बेहतरीन ढंग से काम करती है. वहीं आरजेडी, कांग्रेस और वाम दलों वाले महागठबंधन की हालत बेहद खराब रही. चुनाव पूर्व में आए सर्वे और ओपिनियन पोल ने तेजस्वी यादव को पसंदीदा मुख्यमंत्री चेहरा बताया था, लेकिन नतीजे बताते हैं कि गठबंधन 35 सीटों का आंकड़ा पर ही पहुंच पाए. बीजेपी की यह जीत न केवल उसकी राजनीतिक ताकत को और मजबूत करेगी, बल्कि लोकसभा चुनाव 2024 में झेल चुके झटके को भी संतुलित करेगी. पार्टी को केंद्र में सत्ता बनाए रखने के लिए सहयोगियों की जरूरत पड़ी थी, लेकिन बिहार में उसके रफ्तार ने एक बार फिर उसकी चुनावी मशीनरी की ताकत साबित कर दी है. वहीं इस बार महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुषों की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत अधिक रही. विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, बिहार की महिलाएं एनडीए के समर्थन में अधिक झुकाव रखती हैं, और इस चुनाव में भी उनकी भूमिका निर्णायक साबित हुई. एनडीए के अलायंस एलजेपी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान, जो खुद को पीएम मोदी का 'हनुमान' कहते हैं, इस बार 28 उम्मीदवार ही उतार पाए. फिर भी उनकी पार्टी ने 19 सीटों पर दर्ज की है. इधर पीएम और सीएम की संयुक्त रैलियों ने भी जनमानस को संगठित रूप से प्रभावित किया. साथ ही कानून-व्यवस्था, विकास योजनाओं और बुनियादी ढांचे में सुधार को लेकर सत्ता पक्ष ने एक ऐसा नैरेटिव प्रस्तुत किया, जिसे जनता ने स्वीकार किया. बताया जाता है कि इस चुनाव में 125 यूनिट मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी और 1 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10,000 रुपये की सहायता ने जनता पर गहरी छाप छोड़ी. महागठबंधन बीजेपी पर हमले करता रहा, लेकिन जंगल राज का मुद्दा इस बार भी तेजस्वी के खिलाफ गया.

मैं विपक्ष के प्रति शोक प्रकट करता हूं : प्रमोद कृष्णम

नयी दिल्ली : कल्किधाम के पीठाधीश्वर व पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों पर बड़ा बयान दिया है. बिहार चुनाव को लेकर विपक्ष के आरोपों पर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, विपक्ष अपना मानसिक संतुलन खो चुका है. मैं विपक्ष के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं.

बिहार में प्रचंड जीत के बाद विजय संदेश में बोले पीएम मोदी

ये अटूट विश्वास : बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया

एजेंसी । नयी दिल्ली

बिहार में एनडीए प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रही है. इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) सबसे

बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ih,e नरेंद्र मोदी ने जय छठी मैया से अपने संबोधन की शुरूआत की. पीएम ने कहा कि बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया.

बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया : पीएम मोदी बिहार के नतीजों पर पीएम मोदी ने कहा, रये प्रचंड जीत, ये अटूट विश्वास... बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया. हम एनडीए के लोग, हम तो जनता जनार्दन के सेवक हैं. हम अपनी मेहनत से जनता का दिल खुश करते रहते हैं और हम तो जनता जनार्दन का दिल चुरा कर बैठे हुए हैं, इसलिए आज बिहार ने बता दिया है कि फिर एक बाद एनडीए सरकार. उन्होंने कहा, बिहार के लोगों ने विकसित बिहार के लिए मतदान किया है. बिहार के लोगों ने समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया है. मैंने चुनाव प्रचार के दौरान, बिहार की जनता से रिकॉर्ड वोटिंग का आग्रह किया था और बिहार के लोगों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए. मैंने बिहार के लोगों से एनडीए को प्रचंड विजय दिलाने का आग्रह किया था, बिहार की जनता ने मेरा ये आग्रह भी माना.

कट्टा सरकार बिहार में कभी नहीं लौटेगी : उन्होंने कहा, रजब मैं जंगलराज और कट्टा सरकार की बात करता था तो आरजेडी कोई आपत्ति नहीं जताती थी. हालाँकि, इससे कांग्रेस बेचैन हो जाती थी. आज मैं फिर से दोहराना चाहता हूं कि कट्टा सरकार बिहार में कभी नहीं लौटेगी.

'सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूला का अंत' : पीएम मोदी ने कहा, इस बार लोगों ने बिना डरे मतदान किया. बिहार ने 2010 के बाद का सबसे बड़ा जनादेश एनडीए को दिया. महागठबंधन ने तुष्टीकरण वाला एमवाई फॉर्मूला बनाया था. आज की जीत ने सकारात्मक एमवाई फॉर्मूला महिला और यूथ बनाया. जनता ने जंगलराज वालों के सांप्रदायिक एमवाई फॉर्मूला का अंत कर दिया. आज बिहार, देश के उन राज्यों में है, जहां सबसे ज्यादा युवाओं की संख्या है और इनमें हर धर्म और हर जाति के युवा शामिल हैं. मैं आज बिहार के युवाओं का विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं.

'जंगलराज की कभी वापसी नहीं होगी' : पीएम मोदी ने कहा, बिहार की ये जीत बेटियों और माताओं की जीत है. बिहार अब कभी भी जंगलराज की वापसी नहीं होगी. बिहार में अब तुष्टिकरण की जगह संतुष्टीकरण है. भारत के विकास में बिहार के लोगों की बड़ी भूमिका है. बिहार की विकास अब रुकने वाली नहीं है. बीजेपी मुख्यालय पहुंचते ही पीएम मोदी ने बिहारी स्टाइल में गमछा घुमाकर लोगों का अभिवादन किया. इसके बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा ने उन्हें मखाने की माला पहनाकर उनका स्वागत किया.

रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने दी कार्यकर्ताओं को बधाई

डेहरी आन सोन । राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख तथा राज्य सभा सदस्य उपेंद्र कुशवाहा ने एनडीए की

प्रचंड बहुमत के लिए बिहार की जनता के लिए आभार जताया है. उन्होंने खासकर सासाराम विधानसभा क्षेत्र की जनता को बधाई दी की उन्होंने जाति धर्म से ऊपर उठकर उनकी पत्नी रालोमो प्रत्याशी स्नेहलता कुशवाहा को जीत दिलाई.

शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था बिहार चुनाव : राहुल गांधी

एनडीए ने बिहार विस चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए डबल सेंचुरी मारी है. महागठबंधन की बुरी तरह हार हुई है. इन नतीजों को कांग्रेस सांसद और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चौंकाने वाला बताया है. साथ ही कहा है कि हम एक ऐसे चुनाव में जीत हासिल नहीं कर सके, जो शुरू से ही निष्पक्ष नहीं था.

बिहार में मिली प्रचंड जीत के बाद सीएम नीतीश कुमार बोले-

जनता ने सरकार पर भरोसा किया

शुभम संदेश । पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में मिली प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने पीएम मोदी समेत अपने गठबंधन के तमाम साथियों का धन्यवाद किया है. साथ ही उन्होंने कहा कि जनता ने हमारी सरकार पर भरोसा जताया है. सीएम नीतीश कुमार ने कहा, बिहार विधान सभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है. इसके लिए राज्य के सभी सम्मानित मतदाताओं को मेरा नमन, हृदय से आभार एवं धन्यवाद. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनसे मिले सहयोग के लिए उनका नमन करते हुए हृदय से आभार एवं धन्यवाद.

एनडीए गठबंधन ने इस चुनाव में पूरी एकजुटता दिखाते हुए भारी बहुमत हासिल किया है. इस भारी जीत के लिए एनडीए गठबंधन के सभी साथियों- चिराग पासवान जी, जीतन राम मांझी जी एवं उपेन्द्र कुशवाहा जी को भी धन्यवाद एवं आभार. उन्होंने कहा कि आप सबके सहयोग से बिहार और आगे बढ़ेगा तथा बिहार देश के सबसे ज्यादा विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा.

बिहार में ओवैसी की 'पतंग' छाई, 5 सीटें जीत ली

पटना । बिहार विधानसभा चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने पांच सीटें जीतकर अपना लोहा मनवा दिया है. इस बार के चुनाव में एआईएमआईएम ने आरजेडी, कांग्रेस और जेडीयू को मात दी है.

जोकीहाट सीट पर जेडीयू को हराया : जोकीहाट सीट पर मोहम्मद मुर्शिद आलम ने 28803 वोटों के अंतर से जेडीयू के मंजर आलम को हराया. बहादुरगंज सीट पर एआईएमआईएम के मो. तौसीफ आलम ने कांग्रेस के मोहम्मद मसवर आलम को हराया. कोचाधामन सीट पर एआईएमआईएम मो. सरवर आलम ने आरजेडी के मुजाहिद आलम को हराया. अमौर सीट से बिहार एआईएमआईएम के अध्यक्ष अखतरुल ईमान जीते हैं. अखतरुल ईमान को 100836 वोट मिले और वो 38928 मतों के अंतर से जीते हैं. बायसी सीट से एआईएमआईएम के गुलाम सरवर ने बीजेपी के विनोद कुमार को हराया.

ये उम्मीदवार जीते

तारापुर से सम्राट चौधरी जीते

बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तारापुर से जीत हासिल कर ली है. उन्होंने आरजेडी के अरुण कुमार को 45820 वोटों से पराजित कर दिया है.

अलीनगर से जीतीं मैथिली ठाकुर

अलीनगर विस सीट से बीजेपी प्रत्याशी मैथिली ठाकुर चुनाव जीत गई हैं. उन्होंने राजद के बिनोद मिश्रा को 11730 वोटों से पराजित कर दिया है.

मांझी की बहू दीपा कुमारी जीतीं

जीतन राम मांझी की बहू दीपा कुमारी इमामगंज से चुनाव जीत गई हैं. उन्होंने राजद की ऋतु प्रिया को 25856 वोटों से हरा दिया है.

तेजस्वी 14,532 वोटों से विजयी

राघोपुर से तेजस्वी यादव ने 14532 वोट से जीत हासिल की. 32 राउंड की गणना में तेजस्वी को 118597 वोट मिले. दूसरे नंबर पर बीजेपी के सतीश कुमार रहे.

दानापुर से रामकृपाल यादव जीते

दानापुर में 30 राउंड की गिनती के बाद रीतलाल को 90744 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रामकृपाल ने 119877 वोट हासिल कर जीत दर्ज की.

रघुनाथपुर से करीब दस हजार वोटों से जीते ओसामा साहेब

सिवान जिले की रघुनाथपुर विधानसभा सीट से ओसामा साहेब करीब दस हजार वोटों से जीते. उन्होंने जदयू के विकास कुमार सिंह को हराया. ओसामा को 87,867 और विकास को 78,710 वोट मिले. तीसरे नंबर पर जन सुराज के राहुल कीर्ति रहे, जिन्हें 3,066 वोट मिले.

लखीसराय सीट पर भाजपा के विजय कुमार सिन्हा की जीत

लखीसराय विस सीट से बीजेपी के उम्मीदवार विजय कुमार सिन्हा ने शानदार जीत दर्ज की है. सिन्हा ने कांग्रेस के अमरेश कुमार को 25,054 वोटों से पीछे छोड़ते हुए 1,20,977 वोट प्राप्त किए. अमरेश कुमार को कुल 95,923 वोट मिले.

ये उम्मीदवार हारे

महुआ से चुनाव हारे तेज प्रताप

महुआ विधानसभा सीट से लालू प्रसाद यादव के बेटे तेज प्रताप यादव चुनाव हार गए हैं. उन्हें लोजपा के उम्मीदवार संजय सिंह ने शिकस्त दी है.

खेसारी लाल यादव हार गए

छपरा सीट से भाजपा प्रत्याशी छोटी कुमारी ने खेसारी लाल यादव को लगभग सात से आठ हजार वोटों से हराकर विस में प्रवेश कर लिया.

प्रतिक्रिया

सोचा नहीं था चुनाव में ऐसा होगा : मुकेश सहनी

बिहार चुनाव के नतीजों पर मुकेश सहनी ने कहा है कि हमने सोचा नहीं था कि ऐसा होगा. हम जनादेश का सम्मान करते हैं. उन्होंने ये भी कहा कि पहले रात के समय लूट हुआ करती थी, अब खुलेआम हो रही है.

विस उपचुनाव के नतीजे घोषित : देश के सात राज्यों की 7 सीटों में से भाजपा 2, कांग्रेस 2, अन्य 3 पर विजयी

एजेंसी । नई दिल्ली

देश के सात राज्यों की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे शुक्रवार को मतगणना के बाद घोषित किए गए. भाजपा और कांग्रेस को दो-दो, आम आदमी पार्टी (आआपा) को एक सीट पर जीत मिली है, जबकि जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (जेएंडके-पीजीपी) और मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) एक-एक सीट जीतने में कामयाब रहीं. चुनाव आयोग के अनुसार जम्मू-कश्मीर की बडगाम और नगरोटा, राजस्थान की अंता, तेलंगाना की जुबली हिल्स, पंजाब की तरनतारन, मिजोरम की डंपा और ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजे घोषित किए

गए. जम्मू-कश्मीर के नगरोटा से भाजपा उम्मीदवार देवयानी राणा और बडगाम से जेएंडके-पीडीपी के आगा सैयद मुंतजिर विजयी हुए. उपचुनाव में जम्मू-कश्मीर की बडगाम सीट सबसे अधिक चर्चा में रही. यहां उपचुनाव मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के इस्तीफे के बाद कराया गया. वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने दो सीटों गांदरबल और बडगाम से जीत हासिल की थी. बाद में उन्होंने गांदरबल सीट बरकरार रखते हुए बडगाम से इस्तीफा दे दिया था. बडगाम से 20 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाई. राजस्थान की अंता (बारां) सीट पर कांग्रेस के प्रमोद जैन और तेलंगाना की जुबली हिल्स से कांग्रेस के नवीन यादव को जीत मिली है. पहले अंता की सीट भाजपा और जुबली हिल्स सीट पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी बीआरएस के पास थी. आआपा पंजाब की तरनतारन सीट बचाने में कामयाब रही है. यहां से हरमीत सिंह संधू ने जीत हासिल की. मिजोरम के डम्पा से मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के आर. लालथंगलियाना ने जीत दर्ज की है. ओडिशा की नुआपाड़ा सीट पर भाजपा के जय ढोलकिया ने जीत दर्ज की है.

घाटशिला में झामुमो की जीत, सोमेश ने भाजपा को 38,524 वोटों से हराया

संवाददाता । रांची

झारखंड के चर्चित घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को लगभग 38,524 वोटों के अंतर से मात दी है. बड़े अंतर की इस जीत ने जहां झामुमो खेमे में नई ऊर्जा भर दी है, वहीं भाजपा के लिए यह परिणाम राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जा रहा है. मतगणना के शुरुआती रुझानों से ही झामुमो प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे, जो अंतिम चरण तक कायम रही. जीत की घोषणा के बाद घाटशिला में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा गया. ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और

मिठाइयों के साथ झामुमो कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया. तेजी से बदलते राजनीतिक माहौल के बीच घाटशिला सीट को हमेशा से रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता रहा है. उपचुनाव में मतदान प्रतिशत भी संतोषजनक रहा और चुनाव के दौरान झामुमो और भाजपा के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली. हालांकि दूसरे चरण के बाद से ही झामुमो की पकड़ मजबूत होती दिखी, जिसने अंततः बड़ी जीत का रूप ले लिया. विश्लेषकों के अनुसार, यह नतीजा झामुमो के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में मनोबल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है. जीत के बाद सोमेश चंद्र सोरेन ने जनता का धन्यवाद किया और कहा कि यह विजय विकास, विश्वास और जनता की अपेक्षाओं की जीत है. उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों पर प्राथमिकता के साथ काम किया जाएगा. यह परिणाम घाटशिला की राजनीति में नया अध्याय जोड़ते हुए झामुमो की स्थिति को और मजबूत करता है. वहीं, झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि घाटशिला की जनता ने दिशोम गुरु को सच्ची श्रद्धांजलि देने का काम किया है.

बिहार में एनडीए की जीत पर भाजपा ने मिठाई खिलाकर मनाई खुशियां

यह विकास और सुशासन की जीत है : राज सिन्हा

शुभम संदेश। धनबाद

बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में प्राप्त ऐतिहासिक सफलता एवं बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत पर भाजपा धनबाद महानगर जिला द्वारा आज स्थानीय रणधीर वर्मा चौक पर उत्साहपूर्वक विजय उत्सव मनाया गया. विजय की खुशी में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की तथा अबीर-गुलाल उड़ाकर एक-दूसरे को बधाई दी. पूरे चौक का माहौल राष्ट्रवादी नारों और उत्सव की भावना से गूंज उठा. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के संगठनात्मक परिश्रम और बिहार की जनता के विश्वास की जीत है. बिहार की जनता ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं नीतीश कुमार के विकास एवं सुशासन पर मुहर लगाई है. रणधीर वर्मा चौक पर धनबाद विधायक राज सिन्हा ने स्वयं जमकर पटाखे फोड़े, अबीर-गुलाल उड़ाए एवं सभी को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी. झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि एनडीए की यह जीत सिर्फ सीटों की संख्या नहीं, बल्कि उस जनभावना की जीत है जिसने देश के भविष्य को मजबूती देने का संकल्प लिया है. उपस्थित कार्यकर्ता भारत माता की जय, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, जय श्री राम के गगनचुंबी नारे लगा रहे थे. मौके पर उपस्थित जिलाध्यक्ष श्रवण राय , प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, संजीव अग्रवाल, रमेश राही, चंद्रशेखर सिंह, जिला महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा एवं जिला मंत्री सह मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने कहा कि जनता ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भरोसा जताया है, महागठबंधन के जंगलराज को पूरी तरह बाहर कर दिया है और विकास को प्राथमिकता दी है. मौके पर धुर्व हरी, रीता यादव, नरेंद्र त्रिवेदी, राजकिशोर जैना, मोहन कुंभकार, सत्येंद्र मिश्रा, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विभा रानी सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम रंजन, पूर्व उपाध्यक्ष संजय झा, मंडल अध्यक्ष किशोर मंडल, कृष्णा राउत, राजाराम दत्ता, सूरज पासवान, शिल्पी घोष, कन्हैया पांडेय, जिला मीडिया सह प्रभारी पंकज सिन्हा, रंजीत बिल्लू, शिवांश श्रीवास्तव, आशा पांडेय, किरण सिंह, यशोदा देवी, उषा देवी, मनोज मालाकार, शशि प्रकाश, उमेश सिंह, मनोज रिंकू, टुन्ना सिंह, अनुपम शरण, अखिलेश झा, श्रवण झा, अमित सिंह, तेज बहादुर सिंह, मटुक मिश्रा, अमरदीप कुमार, हरजिंदर सिंह कांके, प्रमोद लाला, सरोज शुक्ला, अजय मालाकार, भोला पांडेय, उदय सिंह, सदानंद पाल, अजयकांत सिन्हा, रूमकी मुखर्जी सहित हजारों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

जिला भाजपा महामंत्री ने मनाया बिहार जीत का जश्न

महुदा। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक विजय पर धनबाद जिला भाजपा महामंत्री धनेश्वर महतो के महुदा मोड़ स्थित आवास पर जीत का जश्न मनाया गया. जीत की खुशी में ढोल नगाड़ों के बीच पटाखें फोड़कर खुशी का इजहार किया गया तथा एनडीए समर्थकों एवं गामीणों के बीच मिठाइयां बांटी गयी. इस अवसर पर धनेश्वर महतो ने कहा कि यह प्रचण्ड जनादेश बिहार की जनता ने विकास, सुशासन और राष्ट्र के पक्ष में मजबुत संदेश के पक्ष में दिया है. उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मुल्यों की जीत बताते हुए कहा कि आने वाले दिनों में देश के साथ साथ बिहार भी अधिक तेजी व मजबुती के साथ प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगा. उन्होंने कहा कि यह पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व एवं सुशासन बाबु द्वारा विकास के राह पर बिहार को आगे ले जाने में सहायक होगा. इस मौके पर लोगों ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी. मौके पर मटुक मिश्रा, कमल प्रसाद महतो, करमा महतो, हरि लाल दास के अलावा दर्जनों लोग मौजुद थे.

धानुक महासभा ने नीतीश कुमार की जीत पर बांटी खुशियां

लोयाबाद। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की बड़ी जीत पर अखिल भारतीय धानुक महासभा, धनबाद के पदाधिकारियों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई. पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार के मतदाताओं को धन्यवाद दिया. जिला अध्यक्ष दिनेश दीवान ने कहा कि जदयू–भाजपा ने इस बार धानुक समाज के कई उम्मीदवारों को टिकट दिया,जिनमें दामोदर राउत,ललित नारायण मंडल, नचिकेता मंडल,रामानंद मंडल,सुरेंद्र मेहता,राजेश मंडल,शीला मंडल, बबलू मंडल सहित अधिकतर उम्मीदवार विजयी रहे .धानुक महासभा ने सभी विजयी प्रत्याशियों को शुभकामनाएं दीं और नीतीश कुमार का धन्यवाद किया कि उन्होंने समाज को भरपूर प्रतिनिधित्व दिया. मौके पर दिनेश दीवान,कामेश्वर मंडल,विपिन राय,लालू मंडल,प्रेम शंकर मंडल,के चौधरी,कुणाल गौतम,संतोषी,अनिल राय,रूपेश कुमार,मोहन मंडल सहित कई लोग मौजूद थे.

कोर्ट की खबरें

पाथरडीह थाना प्रभारी समेत अठारह पर मुकदमा

शुभम संदेश। धनबाद

पाथरडीह चासनाला निवासी एक पीड़िता ने पाथरडीह के थाना प्रभारी अंशु कुमार, एएसआई दिलीप तिवारी, एएसआई गौतम कुमार रवि समेत 18 लोगों के विरुद्ध मारपीट, छेड़खानी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है. कोर्ट में दाखिल शिकायतवाद में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि 28 जनवरी 2025 को उसके आवास में कुछ लोग गलत नियत से बाउंड्री को फांदकर घुस गए. जिसकी शिकायत उसने एसएसपी धनबाद को की थी,इसके बाद थाना प्रभारी व अन्य लोग आकर उस पर मुकद्दमा उठाने की धमकी देने लगे. पीड़िता ने आरोप लगाया कि 31 मार्च 25 के को दिन के 11:30 बजे आरोपीगण उसके घर में आए और मारपीट कर लूट पाट की. आग भी लगा दी, जिसकी भी शिकायत उसने डीएसपी सिंदरी से की. इसके बाद आरोपियों के विरुद्ध पाथरडीह में मुकदमा दर्ज किया गया था. पीड़िता ने आरोप लगाया कि 6 जुलाई 25 को थाना प्रभारी व अन्य लोग उसके घर में जबरन घुस गए. थाना प्रभारी ने उसके साथ गंदी नियत से छेड़खानी की. गंदी गंदी गालियाँ दी, उसे और उसके पति को हाजत में बंद कर दिया. रात्रि 12:30 बजे बॉन्ड लिखवाकर छोड़ा. पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि 1 नवंबर 25 को दिन के 1 बजे पुनः आरोपीगण उसके घर में घुसकर मारपीट किए.

बाबूजान हत्याकांड : आरोपी दोषी करार, सजा 17 को

शुभम संदेश। धनबाद

गोविंदपुर बरमसिया निवासी बाबूजान मुर्मू की हत्या कर देने के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी गोविंदपुर बरमिया निवासी लखिंदर सोरेन को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 17 नवंबर की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी बाबूजान के भाई सुनील की शिकायत पर 8 नवंबर 24 को गोविंदपुर थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 7 नवंबर 24 के शाम करीब 8 बजे बाबूजान शराब पीकर बाड़ु सोरेन के घर पहुंचा तो वहां लखिंदर सोरेन आया और उसने बाबूजान को जान मारने की धमकी दी. रात के 10 बजे बाबूजान का शव घर के चहादिवारी के बाहर मिला. अनुसंधान के बाद पुलिस ने खुलासा किया लखिंदर सोरेन ने गमछे से गला घोंटकर बाबूजान की हत्या की थी.पुलिस ने लखिंदर के विरुद्ध 17 जनवरी 25 को आरोप पत्र दायर किया था. सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से कुल बारह गवाहों का परीक्षण कराया गया था.

झरिया में भाजपाइयों ने की आतिशबाजी

शुभम संदेश। झरिया

बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत से आम जनता व भाजपाइयों में खुशी की लहर है. झरिया के बाटा मोड पर भाजपाइयों ने खुशी मनाई. जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए गए और जमकर आतिशबाजी की गई. भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया. मौके पर मुख्य रूप से राजकुमार अग्रवाल, अरुण साव, श्री राम यादव, अरुण गोस्वामी, विश्वनाथ साव, रामनाथ पाठक, राम श्रेष्ठ झा आदि लोग मौजूद थे. राज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बिहार में भाजपा ने एक इतिहास रच दिया है. बिहार में प्रचंड बहुमत से जीत यह जीत जनता की जीत है, राष्ट्र भक्तों की जीत है और सुशासन की जीत है. बिहार की जनता किसी के जुमलेबाजी, झूठ वादे करने वाले लोगों को नकारने का काम किया है.

गोविंदपुर में भाजपाइयों ने मनाया जश्न

गोविंदपुर। बिहार में एनडीए के प्रचंड बहुमत पर जिला ग्रामीण भाजपा ने गोविंदपुर सुभाष चौक पर आतिशबाजी की ओर मिठाइयां बांटी. जिला उपाध्यक्ष बलदेव महतो के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपाइयों ने भाग लिया और दुकान- दुकान जाकर लोगों को मिठाई खिलाई गई. कार्यक्रम में भाजयुमो जिलाध्यक्ष मनीष साव, किसान मोर्चा प्रदेश सदस्य अमरदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि जग्गू साव, ओमप्रकाश बजाज, बलराम साव, दिनेश मंडल, तालेश्वर साव, इंद्रजीत मंडल, गोविन्द राय, अनूप साव, विश्वनाथ पाल, बमबम साव, अनिल दास, कृष्णा मोदी, खगेन चौधरी, संतराम सिंह, मनोज महतो, मनोज गोराई, जगरनाथ हरि, बिष्णु मंडल, सिवा गोस्वामी, हेमलाल पंडित आदि शामिल थे. भाजपा जिला उपाध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल एवं जिला मीडिया प्रभारी रतिरंजन गिरि ने भी एनडीए की जीत पर खुशी जाहिर की है.

विश्व मधुमेह दिवस पर स्वास्थ्य जांच शिविर

झारखंड डायबिटिक एंड आई सेंटर जोराफाटक समेत कई स्थानों में हुई जांच

शुभम संदेश। धनबाद

14 नवम्बर विश्व मधुमेह दिवस पर झारखण्ड डायबिटिक एंड आई सेंटर जोड़ाफाटक रोड नियर शिक्त मंदिर, धनबाद एंव गोविन्दपुर स्थित रतनपुरा गांव में लोगों के लिए मुफ्त हेल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया. इसमें रोटरी क्लब एंव रिसर्च सोसाइटी फॅार द स्टडी आफ डायबिटिस इन इंडिया भी सम्मिलित है.धनबाद क्षेत्र एंव अन्य जिलों के भी 250 से अधिक लोगों ने भाग लिया. इस कैंप में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेसर, हर्ट,लीवर, किडनी, कोलेस्ट्रल, नस, आँख, हिमोग्लोबिन, (तीन महीने का शुगर ऐवरेज), हडडी, इत्यादि की जाँच मुफ्त में की गई. इस कार्यक्रम में डा.अजय पटवारी, डा. यू के ओझा, डा. बीके पांडे, डा. यू एल विश्वकर्मा, डा. सीमा पटवारी, रोटरी क्लब की ओर से वरूण कुमार, गौरव कुमार और नवल कुमार मौजूद थे. विधायक बबलू महतो, ग्राम मुखिया मिहिर कुमार मंडल, नंदलाल अग्रवाल, अशोक गिरि, चन्दन, अभिजित ने सहयोग दिया. इस बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक भी किया कि इस बिमारी को हम अपने रोजमर्रा की आदतों में सुधार लाकर इस पर काबू पा सकते हैं. हमें पोष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए, जंक फूड या किसी भी प्रकार का डब्बा बंद खाने का प्रयोग नहीं करना चाहिए, मैदा और मीठा खाद्य पदार्थो के सेवन से बचें, रोजाना कम से कम 30-40 मिनट एक्सरसाइज करें, योगा एंव मेडिटेशन नियमित करें. अपने आफिस में हर 2 घंटे पर 5 मिनट का व्यायाम करें या चलें.

आसनसोल

आपसी रंजिश में पति-पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

शुभम संदेश। पुरुलिया

पुरुलिया जिले के बलरामपुर थाना अंतर्गत हारा सालदी गांव में शुक्रवार की सुबह आपसी पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना में पति पत्नी की मौत हो गई. घटना के बाद हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस दौरान शवों को बरामद कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है. जानकारी के अनुसार सुबह अपने घर के आंगन में बैठे हरि राम सिंह सरदार पर गांव के ही घटक सिंह सरदार ने हमला कर दिया और लाठी से बुरी तरह पिटाई कर दी, जिससे हरि राम सिंह सरदार जमीन पर गिर पड़े. उसी समय पानी ला रही उनकी पत्नी बिंदेश्वरी सिंह सरदार को भी उन्होंने मारना शुरू कर दिया. जब उनके बेटे को घटना की खबर मिली, तो वह दौड़कर अपने माता-पिता के पास पहुँचा और उन्हें खून से लथपथ पाया. उन्हें तुरंत बलरामपुर बांसगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उनके पिता हरिराम सिंह सरदार को मृत घोषित कर दिया और बिंदेश्वरी सिंह सरदार की बेहतर इलाज के लिए पुरुलिया के देवेन महतो अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई. इस तरह की घटना से सनसनी फैल गई है. इस घटना में दंपत्ति के बेटे ने बलरामपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने तुरंत घटक सिंह सरदार को गिरफ्तार कर लिया. दंपत्ति के बेटे ने बताया कि घटक सिंह सरदार ने पारिवारिक कलह के चलते यह घटना अंजाम दी है. उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराकर उचित सजा और आरोपी को फांसी देने की मांग की है. पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पुरुलिया देवेन महतो अस्पताल भेज दिया है. बलरामपुर थाने की पुलिस ने पूरे मामले की गहन जांच शुरू कर दी है. इस घटना से इलाके में मातम पसरा हुआ है.

रानीगंज डीएवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन

शुभम संदेश। रानीगंज

डीएवी पब्लिक स्कूल में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य पर 'बाल दिवस' का दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसे बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. यह कार्यक्रम 14- 15 नवंबर तक रहेगा. इस अवसर पर विद्यालय परिसर को बहुत सुंदर ढंग से सजाया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्या मंदिरा दे और अध्यक्ष सपन लोयलका ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण करके किया. इस मौके पर अन्य डीएवी स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य लाइन सदस्य भी मौजूद थे. इसके पश्चात बच्चों ने 'गाला फेस्टा'कार्यक्रम में कविता आवृति, नृत्य, संगीत और विविध वाद्य यंत्रों को बजाने में बढ़-चढ़ कर भाग लिया. बच्चों की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया. पहले दिन 14 नवंबर को टैलेंट शो, विविध विषय संबंधी प्रदर्शनी, खाद्य मेला और पुस्तक मेला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भरपूर आनंद उठाया. बच्चों ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया. दूसरे दिन 15 नवंबर को फैशन शो, विविध विषयों की प्रदर्शनी, खाद्य मेला और कला विभाग का आयोजन रहा. जहाँ विद्यार्थियों ने हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर आदि विषयों से संबंधित मॉडल, चार्ट और हस्त निर्मित वस्तुएँ प्रदर्शित की.

न्यूज अपडेट

अंडाल आश्रम में बाल दिवस समारोह

रानीगंज (शुभम संदेश)। मारवाड़ी युवा मंच रानीगंज शाखा एवं देवी शक्ति द्वारा बाल दिवस को ध्यान में रखते हुए अंडाल आश्रम में रहने वाले सभी 22 बच्चों का जन्मदिन मंच सदस्यों द्वारा मनाया गया. इस कार्यक्रम में बाल दिवस के अवसर पर आसपास के बच्चों को भी सम्मिलित किया गया. लगभग 60 बच्चों को मंच द्वारा कई उपहार सामग्री दी गई . इस वर्ष आश्रम में 10 बुजुर्ग भी थे. आश्रम के बच्चों के साथ मिलकर सर्वप्रथम केक काटा गया. कई खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें होजी के खेल में बच्चों को कई तरह के उपहार दिए गए. कार्यक्रम के अंत में मंच सदस्यों ने बच्चों संग भोजन का आनंद लिया. अधिकतर बच्चे अपनी जन्म तारीख नहीं जानते थे वह सभी बहुत ही खुश नजर आ रहे थे.

झंडोत्तोलन के साथ को-ऑपरेटिव बैंक का उत्सव शुरू

रानीगंज (शुभम संदेश)। कोऑपरेटिव बैंक के प्रांगण में कोऑपरेटिव सप्ताह व्यापी उत्सव के दौरान प्रथम दिन में बैंक के वाइस चेयरमैन संदीप भालोटीया ने बैंक के प्रांगण में झंडोत्तोलन कर कोऑपरेटिव व्यवस्था उत्सव की शुरुआत की. उन्होंने बताया कि हर साल 14 से 20 नवंबर को कोऑपरेटिव सप्ताह मनाया जाता है. शुक्रवार को बैंक के सदस्यों और समाज के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ कोऑपरेटिव आंदोलन के 72वें वर्ष में प्रवेश कर झंडातोलन कर इसकी शुरुआत की गई.

बिहार में एनडीए की जीत पर मनाया जश्न

बराकर (शुभम संदेश)। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत से मिली भारी जीत की खुशी में कुल्टी में भाजपा ने गेरूवा अबीर ग़ुलाल के साथ जुलूस निकाला. भाजपा कुल्टी के बिधायक डाक्टर अजय पोद्दार के नेतृत्व में भाजपा नियामातपुर सेंट्रल पार्टी कार्यालय से नियामातपुर मोड़ तक जीत का जश्न मनाया. भाजपा मंडल तीन के अध्यक्ष अमर प्रसाद, चार के अध्यक्ष सुनील भर, पार्टी कार्यकर्त्ता, महिला मोर्चा की नेतृत्व में सभी को लड्डू खिलाकर मुँह मीठा करवाया गया. विधायक डॉ अजय पोद्दार ने एनडीए की इस जीत में बिहार के सभी माता-बहनों औरर भाइयों को दिल से धन्यवाद किया.कहा कि इस प्रचंड जीत से तृणमूल के पैर के नीचे से जमीन खिसक सी गयी है. ठीक इसी तरह बंगाल की जनता भी एक जुट होकर वर्ष 2026 में तृणमूल को निर्मूल करने का मन में ठान लिया है. आसनसोल जिला भाजपा के महासचिव केशव पोद्दार ने बिहार के सभी मतदाताओं को दिल से धन्यवाद दिया.

बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

रानीगंज (शुभम संदेश)। रानीगंज के प्रतिष्ठित हिंदी मीडियम लड़कियों के सबसे बड़े विद्यालय बसंती देवी गोयनका विद्या मंदिर में बाल दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने विभिन्न के नृत्य कला और कविता पाठ के अलावा अपनी प्रतिभशाली प्रदर्शन से सभी उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया. साथ ही स्कूल की कई शिक्षिकाओं ने गायन एवं नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को काफी रोचक बनाया. कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष संदीप भालोटीया, कमेटी सदस्य स्वीटी लोहिया , मीनू अग्रवाल, प्रधानाध्यापिका श्रुति गांगुली के अलावा अतिथि के रूप में रानीगंज के जाने-माने समाजसेवीका मंजू संथोलिया, रेणु केजरीवाल, संगीता सुरेका, इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा अनीशा भुवालका दुबे, मोनी सिंह, लायंस क्लब बहुला की अध्यक्षा प्रियंका चटर्जी मंडल, रंजीता भालोटीया , डॉ अर्चना दास , रंजीत दे उपस्थित थे.

14 लाख की लागत से सड़क निर्माण शुरू

नियामतपुर (शुभम संदेश)। कुल्टी के वार्ड 59 के नियामतपुर स्थित विष्णु बिहार स्थित श्री श्याम मंदिर और माँ दादी मंदिर के पास 23 नंबर की जर्ज़र सडक का चौदह लाख की लागत से निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ. इस परियोजना का उद्घाटन अड्डा के वाइस चेयरमैन और तृणमूल के राज्य नेता उज्ज्वल चटर्जी ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ किया. कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद जाकिर हुसैन, तारू घाटी, व्यापारी संगठन के सचिव गुरबिंदर सिंह और सूर्यधाम मंदिर के मुख्य पुजारी सीताराम दास महाराज समेत स्थानीय लोग ने नारियल फोड़ कर किया. इस अवसर पर पार्षद जाकिर हुसैन ने बताया इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 14 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जिसे आसनसोल नगर निगम द्वारा वहन किया जाएगा.

विश्व मधुमेह दिवस पर जागरुकता वॉकथॉन

शुभम संदेश। आसनसोल

विश्व मधुमेह दिवस के उपलक्ष्य में आसनसोल में एक अलग तरह का माहौल देखने को मिला, जब शहर की सड़कें स्वास्थ्य-जागरूक लोगों के कदमों से गूंज उठीं. आसनसोल कोलफील्ड डायबिटीज़ एसोसिएशन की ओर से आयोजित इस वार्षिक वॉकथॉन का यह छठा वर्ष था, जो न सिर्फ एक कार्यक्रम बल्कि शहर में स्वास्थ्य चेतना का प्रतीक बन गया है. सुबह-सुबह बीएनआर मोड़ से शुरू होकर यह पदयात्रा 10 बंगाल बीएन एनसीसी ग्राउंड तक पहुँची. हर कदम के साथ प्रतिभागियों के हाथों में झूलते जागरूकता बैनर और स्वास्थ्य संदेशों से भरे नारे राहगीरों को भी रुककर सोचने पर मजबूर कर रहे थे. इस बार वॉकथॉन में प्रशासन, उद्योग और चिकित्सा—सभी क्षेत्रों से लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. आसनसोल-दुर्गापुर पुलिस आयुक्त सुनिल कुमार चौधरी, जिला शासक एस. पोनंबलम, ईसीएल के डायरेक्टर टेक्निकल नीलाद्री राय, उद्योगपति सचिन राय, आसनसोल राइफल क्लब के वी. के. धाल, डिप्टी मेयर अभिजीत घटक, एसीपी kulti जावेद हुसैन, और चिकित्सक डॉ. सत्रजीत राय, डॉ. सिद्धार्थ बंद्योपाध्याय, डॉ. पी.पी. दास—सभी ने इस पहल को सराहा और शामिल होकर इसका महत्व बढ़ाया. लायंस क्लब ऑफ आसनसोल (ईस्ट), रोटरी क्लब, संस्कार क्लब, कुल्टी मदद फाउंडेशन, यूनाइटेड होप फाउंडेशन, कुल्टी महोत्सव, आसनसोल संस्कार, एनसीसी और पुलिस बैंड टीम जैसे कई संगठनों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और सशक्त बना दिया. वॉकथॉन के दौरान ट्रैफिक पुलिस की मुस्तैदी भी देखने लायक थी. बिना किसी रुकावट के पूरा मार्ग सुचारु रहा, जिससे प्रतिभागी बेझिझक आगे बढ़ सके.

गायत्री परिवार ने किया दीप यज्ञ

नितुरिया। नितुरिया प्रखंड के पारबेलिया युग निर्माण समिति के तत्वावधान में शांतिकुंज हरिद्वार के पारबेलिया शाखा द्वारा आयोजित 24 कुण्डीय गायत्री यज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को शांतिकुंज के आचार्य सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि गायत्री यज्ञ का मकसद जन-जन के घरों तक स्वर्ग का अवतरण कराना है. मनुष्य में देवत्व का विकास हो. अच्छे विचारों ज्ञान का विकास हो. हमारे जीवन में ज्योति ज्ञान का विस्तार हो, अज्ञान दूर हो. जो लोग इससे नहीं जुड़े हैं उनको भी जोड़ना है. जन-जन में देवत्व का विकास हो, जिससे मानव संस्कृतिवान हो. यज्ञ के तीसरे दिन हवन पूजन के बाद शाम को उत्सव का आयोजन किया गया.श्रद्धालुओं ने घरों से दीपक थाल में सजाकर यज्ञ स्थल पर आ पहुंची तथा रंगोली बनाकर दीपक को सजाकर रखा गया. मालूम हो रहा है कि धरती पर दीपावली मनाई जा रही है.

नियामतपुर तालाब भराई मामले में कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

पुराने तालाब की अवैध भराई और निर्माण का गहराया विवाद

शुभम संदेश। कुल्टी

कुल्टी विधान सभा क्षेत्र के कुमारडीहा मौजा के दाग नंबर 272 स्थित पुराने तालाब की अवैध भराई और निर्माण को लेकर विवाद गहराता ही जा रहा है. आरोप है कि कुछ स्थानीय व्यवसायी तालाब को मिट्टी से भरकर निर्माण कार्य करवा रहे हैं. इसी मुद्दे पर शुक्रवार को कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुकान्त दास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कुल्टी बीएलआरो कार्यालय पर प्रदर्शन कार्य ज्ञापन सौपा. कांग्रेस ने सत्तारूढ़ दल और कुछ प्रशासनिक अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा. प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, बीएलआरो अधिकारी ने शिकायत को सत्य पाया है और गुरुवार को स्थल जांच की पुष्टि कर बाकी शिकायतों पर अगले सप्ताह कार्रवाई शुरू होने की संभावना है. स्थानीय लोग और सामाजिक संगठन तालाब भराई को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है. उनका कहना है कि इससे जलसंरक्षण और पर्यावरण संतुलन पर गंभीर असर पड़ेगा. वहीं सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं, फिलहाल पूरे क्षेत्र की निगाह प्रशासनिक कदमों पर टिकी हुइ दिखाई पड़ रही है.

पुलिस कोयला क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में बोकारो चैंपियन

पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर ने ओवरऑल चैंपियन बोकारो टीम को किया पुरस्कृत

- बोकारो ने अर्जित किए 182 प्वाइंट, धनबाद ने 173 प्वाइंट

शुभम संदेश। बोकारो

बोकारो जिला के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित कोयला क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ. अंतिम दिन खिलाड़ियों का जोश, दर्शकों की तालियों और शानदार आतिशबाजी ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया. प्रतियोगिता में कोयला प्रक्षेत्र के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने कौशल, अनुशासन व खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया. समापन समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक (कोयला प्रक्षेत्र) सुनील भास्कर ने बोकारो टीम को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया. बोकारो ने कुल 182 अंक, जबकि धनबाद ने 173 अंक अर्जित किए. अंकों में यह करीबी अंतर प्रतियोगिता को रोमांचक बनाता रहा. आइजी भास्कर ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए. खिलाड़ियों के चेहरों पर उत्साह और गर्व साफ झलकता दिखा. अपने संबोधन में आइजी भास्कर ने कहा कि सभी खिलाड़ियों ने नियमों का पालन करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन किया है. उन्होंने खिलाड़ियों को आगे भी मेहनत जारी रखने और राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रक्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी. उन्होंने प्रतिभा निखारने में कोचों व विभागीय अधिकारियों के योगदान की सराहना की. समारोह में उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, सेवानिवृत्त डीआईजी जितेंद्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी और खिलाड़ी उपस्थित थे. सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता को अनुशासन, टीम भावना व शारीरिक दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया. प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, शॉट पुट, रिले रेस सहित कई खेल आयोजित किए गए. खिलाड़ियों ने फिटनेस, परिश्रम और सामूहिक भावना का अद्भुत प्रदर्शन किया. आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी प्रबंधन और खिलाड़ियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे. यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा का मंच बनी, बल्कि विभिन्न जिलों के जवानों व प्रतिभागियों के बीच आपसी संवाद, मित्रता और टीमवर्क को भी मजबूत करने में सफल रही. बोकारो को खेलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट आयोजन के लिए विशेष सराहना मिली. उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में बोकारो और धनबाद जिले के कुल 224 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया.

सांसद ने चलंत चिकित्सा वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शुभम संदेश। दुमका

दुमका संसदीय क्षेत्र के सांसद नलिन सोरेन ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान 2025 के तहत चलंत चिकित्सा वाहन को शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, शिकारीपाड़ा से ढोलकाटा गांव के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. सांसद नलिन सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि यह प्रधानमंत्री की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे केंद्र और राज्य सरकारों ने आदिम जनजातियों की घटती जनसंख्या और कम होती औसत आयु को देखते हुए प्रारंभ किया है. उन्होंने कहा कि आदिम जनजातीय समुदाय के लोग कम उम्र में ही असमय मृत्यु का शिकार हो जाते हैं. उन्हें समय पर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएँ मिल सकें, इसी उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है. उन्होंने बताया कि इस चलंत चिकित्सा वाहन में लगभग 20 तरह की जांच की सुविधा उपलब्ध है. वाहन में चिकित्सकों के साथ अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की भी तैनाती की गई है. अब ग्रामीणों को कई प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उनके घर पर ही उपलब्ध होंगी. शुक्रवार को इसकी शुरुआत शिकारीपाड़ा से की गई और धीरे–धीरे इसे पूरे दुमका जिले तथा संपूर्ण झारखंड में लागू किया जाएगा. इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहम्मद एजाज आलम, अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर, पुलिस निरीक्षक–सह–थाना प्रभारी अमित लकड़ा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी देवानंद मिश्रा, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव प्रभुनाथ हांसदा सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कई स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे.

ब्रीफ खबरें

दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न

जमुआ (गिरिडीह)। डीएवी पब्लिक स्कूल, जमुआ में बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ 13 नवंबर को किया गया तथा समापन 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर हुआ. विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रतियोगी खेलों का भव्य आयोजन किया गया, जिनमें क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, बैडमिंटन, रेस, ऊँची कूद, लंबी कूद, वॉलीबॉल, खो-खो, डिस्क थ्रो एवं टग ऑफ वॉर जैसे रोमांचक खेल शामिल थे. सभी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. खेल प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं खेलभावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी. विभिन्न हाउसों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिससे पूरे आयोजन में उत्साह बना रहा.

डीएवी सेक्टर-4 में छऊ नृत्य का भव्य प्रदर्शन

बोकारो। बाल दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों के लिए इस दिन को और अधिक रोचक एवं यादगार बनाने हेतु डीएवी संस्थान सेक्टर-4 द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार में संलग्न राष्ट्रव्यापी संस्था स्पीक मैके के तत्वावधान में संचालित नटराज कला केंद्र, झारखंड के प्रदीप महतो एवं उनके दल को आमंत्रित किया गया. उन्होंने झारखंड के पारंपरिक लोक नृत्य छऊ की मनमोहक प्रस्तुति देकर विद्यालय के सभी बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया. सरायकेला-खरसावां से आए इन लोक कलाकारों ने मां भगवती द्वारा महिषासुर मर्दन के प्रसंग को अपनी विलक्षण नृत्य शैली, कुशल लय-ताल, युद्ध गतियों, अद्भुत फुर्ती, वाद्य-यंत्रों की संगति और समूह समन्वय के माध्यम से इस प्रकार प्रस्तुत किया कि विद्यालय प्रांगण में उपस्थित विद्यार्थी और शिक्षकवृंद आश्चर्यचकित एवं रोमांचित हो उठे. प्रस्तुतकर्ता सभी 13 कलाकारों की विशिष्ट वेशभूषा, साज-सज्जा और भारी-भरकम मुखौटे बच्चों के आकर्षण का विशेष केंद्र रहे.

रजत जयंती पर +2 उच्च विद्यालय गावां में प्रभात फेरी

गावां (गिरिडीह)। झारखंड के रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर +2 उच्च विद्यालय गावां तथा प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय पिहरा में प्रभात फेरी एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. प्रभात फेरी +2 उच्च विद्यालय गावां से शुरू होकर प्रखंड मुख्यालय मोड़ तक निकाली गई. इसमें शामिल बच्चों ने झारखंड आंदोलन के महानायकों, अमर शहीदों और धरती आबा बिरसा मुंडा के जयघोष लगाए. उनके असाधारण योगदान और वीरता से प्रेरित होकर बच्चों ने उत्साहपूर्वक नारे लगाए. प्रभात फेरी के बाद विद्यालय परिसर में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. इसमें सभी शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने झारखंड की गौरवशाली सभ्यता–संस्कृति, परंपरा, अस्मिता और विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया. इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने झारखंड के इतिहास, संस्कृति और वीर शहीदों को स्मरण करते हुए अपने कर्तव्यों के पालन का प्रण लिया. कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने एक-दूसरे को रजत जयंती की शुभकामनाएं दीं. मौके पर प्रधानाध्यापक ब्रजेश कुमार पाण्डेय, ओमप्रकाश, संजय मंडल, शुकदेव, अंकज सहित कई लोग मौजूद थे.

पेटरवार में झारखंड रजत जयंती पर जनजातीय जतरा का आगाज

- राज्यपाल ने पारंपरिक ढोल–नगाड़ों के बीच जतरा का किया शुभारंभ
- जनसमूह के साथ पदयात्रा में मिलाया कदम

शुभम संदेश। बोकारो

झारखंड स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को पेटरवार पूरी तरह जनजातीय रंग में रंगा दिखा. पारंपरिक परिधान और ढोल–नगाड़ों की थाप के बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भव्य जतरा का शुभारंभ किया. राज्यपाल ने स्वयं जनसमूह के साथ कदम मिलाते हुए इस सांस्कृतिक पदयात्रा में हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति और परंपरा के संरक्षण के लिए इस प्रकार का आयोजन अत्यंत आवश्यक है. राज्यपाल ने जतरा को आगे के लिए विदा किया और शुभकामनाएँ दीं. उपायुक्त अजय नाथ झा, डीडीसी शताब्दी मजूमदार सहित जिला, अनुमंडल और प्रखंड स्तरीय अधिकारी भी जतरा में उपस्थित रहे. सड़क के दोनों किनारों पर खड़े ग्रामीणों ने जनजातीय नृत्य, गीत और पारंपरिक स्वागत से पूरे वातावरण को उत्सवी बना दिया. सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद भी जतरा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. सरना धर्मस्थल से शुरू होकर प्रखंड परिसर तक पहुँची इस यात्रा ने जनजातीय समाज की सांस्कृतिक पहचान और सामुदायिक शक्ति को खूबसूरती से प्रदर्शित किया. मंत्री ने रजत जयंती वर्ष को राज्य के लिए नया पड़ाव और नए संकल्पों का वर्ष बताते हुए सभी को शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने कहा कि झारखंड अपनी सांस्कृतिक धरोहर और संघर्षमयी विरासत के कारण विशिष्ट है. उन्होंने जतरा में शामिल महिलाओं और महिला पदाधिकारियों की सहभागिता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज की महिलाएँ अबला नहीं, बल्कि बलवान हैं और नेतृत्वकारी भूमिका में आगे बढ़ रही हैं. कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने घोषणा की कि पुनः सरकार आपके द्वार अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर स्थानीय समस्याओं का स्थल पर ही समाधान करेगा. जतरा के समापन पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि झारखंड की आत्मा उसकी संस्कृति और परंपरा में बसती है. उन्होंने कहा कि जोहार झारखंड... हम अपनी जड़ों के साथ आगे बढ़ रहे हैं. विकास को बरगद की तरह फैलाना है, ताकि हर नागरिक उसकी छाया में सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे. जनजातीय महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की पारंपरिक सहभागिता से जतरा ने पेटरवार में एक बड़े सांस्कृतिक महोत्सव का रूप ले लिया. प्रशासनिक तैयारियों और स्थानीय समुदाय के सहयोग से यह आयोजन अत्यंत सफल और आकर्षक रहा.

मेरी सहेली टीम ने नाबालिग को बचाया

बोकारो। आरपीएफ पोस्ट बोकारो की मेरी सहेली टीम ने अपनी सतर्कता से एक नाबालिग लड़की को बचाया. जानकारी के अनुसार, 13 नवंबर की रात लगभग 11 बजे आरपीएफ टीम के सहायक उपनिरीक्षक परितोष कुमार झा, हेड कांस्टेबल राजा कुमार और सहायक कमांडेंट किरण टोप्पो द्वारा बोकारो स्टील सिटी रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच की जा रही थी. इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर मुख्य द्वार की ओर एक नाबालिग लड़की परेशान अवस्था में घूमती हुई मिली. पूछताछ में उसने अपना नाम आशा कुमारी (14 वर्ष), पिता संतोष कुमार महतो, निवासी घुसकोडीह, थाना बरवाअड्डा, जिला धनबाद बताया. लड़की ने बताया कि वह बिना बताए घर से निकल आई थी तथा उसके पास न तो कोई यात्रा टिकट था और न ही परिवार का संपर्क नंबर. टीम ने उसे तुरंत सुरक्षा प्रदान की और महिला आरपीएफ स्टाफ की देखरेख में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराईं. सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद नाबालिग को 'बाल सहायता डेस्क' बोकारो को सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया. वहीं, अगले दिन 14 नवंबर को आरपीएफ पोस्ट बोकारो की टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर लिफ्ट के पास एक प्लास्टिक से लिपटी दीवार घड़ी बरामद की. जांच के दौरान किसी यात्री ने उस पर दावा नहीं किया.

न्यूज अपडेट

घर से अवैध देशी राइफल बरामद, युवक गिरफ्तार

गोड्डा (शुभम संदेश)। मेहरमा थाना क्षेत्र के ग्राम कसबा में पुलिस ने घर में छुपाकर रखे गए अवैध देशी राइफल को बरामद किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव के ही एक युवक ने अपने घर में अवैध हथियार रखा है, जिसका उपयोग किसी बड़ी घटना में किया जा सकता है. सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई और ग्राम कसबा स्थित शुभम चौधरी उर्फ बबुआ के घर पर छापामारी की गई. छापामारी के दौरान घर में छुपाकर रखी गई एक देशी राइफल बरामद की गई. इस संबंध में मेहरमा थाना कांड संख्या 184/25 दर्ज करते हुए आरोपी शुभम चौधरी उर्फ बबुआ (उम्र लगभग 20 वर्ष), पिता प्रफुल्ल चौधरी, निवासी ग्राम कसबा, थाना मेहरमा, जिला गोड्डा को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार युवक का पूर्व से भी आपराधिक इतिहास रहा है. छापामारी दल में मेहरमा थाना प्रभारी सौरभ कुमार ठाकुर, सअनि सहदेव प्रसाद, सअनि राजेश कुमार पांडेय, हविलदार अजय रजक, आरक्षी लक्ष्मण दास, अशरफ अली सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

रजत जयंती पर झारखंड कॉलेज में कार्यक्रम

डुमरी (शुभम संदेश)। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड तथा बिनोवा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग से प्राप्त निर्देशों के आलोक में झारखंड राज्य की स्थापना के 25वें वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में झारखंड कॉलेज, डुमरी में 11 से 14 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के वॉलंटियर्स तथा छात्र–छात्राओं के बीच 11 नवंबर को पेंटिंग प्रतियोगिता, 12 नवंबर को निबंध प्रतियोगिता, 13 नवंबर को वाद–विवाद प्रतियोगिता तथा 14 नवंबर को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम भारती कुमारी, द्वितीय सपना सिंह, तृतीय मुस्ताक आलम, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम माया महतो, द्वितीय मनीषा यादव, तृतीय विष्णु टुडू, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुष्पा कुमारी, द्वितीय मनीषा कुमारी, तृतीय सैम सिन्हा ने स्थान प्राप्त किया. सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया. अपने संबोधन में कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार माथुर ने कहा कि झारखंड की गौरवपूर्ण सभ्यता, कला एवं संस्कृति विश्व में अद्वितीय है. यहां के लोग प्रकृति प्रेमी एवं प्रकृति के पूजक हैं. राज्य स्थापना के 25वें वर्ष पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि झारखंड को देश के अग्रणी और विकसित राज्यों में शामिल करने में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होगी. कार्यक्रम का संचालन आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. राजेश प्रसाद ने किया. इस दौरान प्रो. धनश्याम यादव, डॉ. बद्री नारायण प्रसाद, प्रो. तालेश्वर नायक, प्रो. रविन्द्र कुमार सिंह, प्रो. मनोज कुमार सिंह, प्रो. शंकर ठाकुर, प्रो. उमाशंकर राय, कैलाश चौधरी, रवि सिन्हा आदि उपस्थित थे.

बाल दिवस कार्यक्रम में थाना प्रभारी हुए शामिल

ललमटिया (शुभम संदेश)। बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर शुक्रवार को सिद्धू कान्हू सरस्वती विद्या मंदिर, ललमटिया में आयोजित कार्यक्रम में ललमटिया थाना प्रभारी रौशन कुमार सिंह मुख्य रूप से शामिल हुए. इस दौरान उन्होंने एलकेजी एवं यूकेजी के छोटे-छोटे बच्चों के बीच टॉफ़ी वितरित कर बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं. इसके बाद कक्षा दशम के छात्र-छात्राओं को व्यक्तिगत सुरक्षा एवं परिवार की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी. उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि किसी भी अनजान कॉल पर ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें. यदि किसी कारणवश साइबर फ्रॉड हो जाता है, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें. 24 घंटे के भीतर संबंधित खाते को फ्रीज कर राशि वापस कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है. थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि गांव में यदि किसी का पशुधन बीमार होता है तो सरकारी हेल्पलाइन 1962 पर कॉल कर पशु चिकित्सक को निशुल्क बुलाया जा सकता है. उन्होंने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी तथा अपने घर की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें. उन्होंने बताया कि किसी भी परेशानी की स्थिति में पुलिस सहायता के लिए 100 नंबर पर कॉल करें. लड़कियों के सम्मान और सुरक्षा पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि लड़कियां घर की लक्ष्मी होती हैं. कार्यक्रम में थाना प्रभारी रौशन कुमार, रामप्रवेश यादव, मनोरंजन कुमार, सुशील कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

बोकारो स्टील प्लांट में मनी नेहरू जयंती

बोकारो (शुभम संदेश)। झारखंड स्थापना दिवस एवं नेहरू जयंती पर बोकारो स्टील प्लांट ने राज्य और राष्ट्र के सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने नेहरू प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की. बोकारो स्टील प्लांट, देश के चौथे एकीकृत इस्पात संयंत्र के रूप में 1965 में सोवियत सहयोग से स्थापित हुआ और आज 4.65 मिलियन टन तरल इस्पात क्षमता के साथ देश का प्रमुख फ्लैट स्टील उत्पादक बन चुका है. स्थापना से 2024–25 तक प्लांट ने 15.40 करोड़ टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर राष्ट्रीय विकास और झारखंड की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. प्लांट आधुनिक तकनीक, विस्तारीकरण योजनाओं, विशेष ग्रेड स्टील उत्पादन, ग्रीन स्टील मिशन और सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रहा है. इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी. आर. मिश्रा, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएँ) अनीष सेनगुप्ता, अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन, अधिशासी निदेशक (ऑपरेशन) अनूप कुमार दत्त, अधिशासी निदेशक (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. बी. बी. करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (टेक्निकल) लक्ष्मी दास तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (वित्त एवं लेखा) एस. के. भारद्वाज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सेक्टर–5 एवं जवाहरलाल नेहरू जैविक उद्यान स्थित नेहरू प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया.

बाल दिवस पर प्रवाह संस्था ने किया जागरूक

दुमका (शुभम संदेश)। बाल दिवस के अवसर तथा झारखंड रजत जयंती के मद्देनजर प्रवाह संस्था द्वारा शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत जामुगड़िया पंचायत के कुशबोना गाँव में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों तथा विद्यालय के बच्चों में बाल अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाना था. झारखंड की आदिवासी विरासत और बाल संरक्षण के मुद्दों को समझाने तथा जागरुकता फैलाने हेतु संस्था के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग प्रतियोगिता, नृत्य प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया. विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया. विद्यालय के शिक्षक सिलवास्टर सोरेन ने कहा कि रजत जयंती के अवसर पर बच्चों में सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को विकसित करने के लिए झारखंड सरकार का प्रयास सराहनीय है. बच्चों की शिक्षा और संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता है. प्रवाह संस्था के कार्यकर्ता सुमित प्रेम मुर्मू और मार्था हांसदा ने बाल दुर्व्यवहार के अंतर्गत बाल तस्करी, बाल यौन शोषण, बाल विवाह, बाल मजदूरी तथा स्कूल ड्रॉपआउट के नुकसान और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी. साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के तहत मिलने वाली सेवाओं के बारे में भी बताया. मौके पर जे.एल.पी.एस. के कार्यकर्ता, ग्रामीण बाले किस्कु, सिफ़ाली हाँसदा, सुकोल टुडू, प्रेम मुर्मू, रंजिता टुडू, सहित छात्र–छात्राएं उपस्थित थे.

पीएनडी जैन उच्च विद्यालय में मना बाल दिवस समारोह

शुभम संदेश। डुमरी

पीएनडी जैन उच्च विद्यालय का प्रांगण बुधवार को बाल दिवस के मौके पर बच्चों की ऊर्जा और उत्साह से सराबोर हो उठा. पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर आयोजित इस विशेष समारोह की शुरुआत चाचा नेहरू और भगवान बिरसा मुंडा (धरती आबा) की तस्वीर पर अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर हुई. सेवानिवृत्त शिक्षक सदानंद प्रसाद, प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. विवेक जैन और वरिष्ठ शिक्षिका संगीता जैन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामय बना दिया. डॉ. विवेक जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में उलगुलान की भावना—अर्थात निरंतर आगे बढ़ने और बदलाव लाने का जज़्बा हर बच्चे में होना चाहिए. उनके इस प्रेरक संदेश का बच्चों ने तालियों से स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन संजीव कुमार जैन ने अपने प्रभावी अंदाज़ में किया. इसके बाद मंच सजा उन नन्हें वक्ताओं से, जिन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ बिरसा मुंडा की विरासत और बाल दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए. पायल, मौली, सुहानी मलिक और अन्य विद्यार्थियों के वक्तव्यों ने उपस्थित जनों का दिल जीत लिया. कार्यक्रम का सबसे आकर्षक पहलू रहा झारखंड की जनजातीय परंपरा पर आधारित नृत्य प्रस्तुति. सृष्टि मंडल, सुहानी मलिक, रक्षिका जायसवाल, पम्मी कुमारी, नेहा और लक्ष्मी के दो समूहों ने ढोल-मांदर की ताल पर ऐसी सांस्कृतिक छटा बिखेरी कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे. इन प्रस्तुतियों का निर्देशन सामाजिक विज्ञान शिक्षिका वैभव रानी ने किया. अध्यक्षता कर रहीं वरिष्ठ शिक्षिका संगीता जैन ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि महान व्यक्तित्व हमें हमेशा सही दिशा दिखाते हैं और हमें उसी मार्ग पर चलकर समाज को प्रकाशमान बनाना चाहिए. वहीं देवेश कुमार देव ने बच्चों को ईमानदारी और लगन को जीवन का आधार बनाने की सीख दी.

विद्यालय में बच्चों से पढ़ाई के बजाय मजदूरी कराने का मामला आया सामने

शुभम संदेश। साहिबगंज

राजमहल प्रखंड के पीएम श्री मध्य विद्यालय, नयाबाजार राजमहल में शिक्षा विभाग की कमजोर निगरानी और लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है. विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, अभिभावक और सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित एक आवेदन शुक्रवार को उपायुक्त को सौंपा गया, जिसमें गंभीर आरोप लगाए गए हैं. आवेदन में आरोप है कि विद्यालय में बच्चों से पढ़ाई के बजाय मजदूरी कराई जा रही है. सूत्रों के अनुसार, बच्चों से ईंट–बालू ढोने, राजमिस्त्री के साथ निर्माण कार्य कराने, नाली साफ करवाने और स्कूल परिसर की सफाई जैसे कार्य कराए जाते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि यह सब प्रभारी प्राचार्य के निर्देश पर कराया जाता है, जिससे बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि यह न सिर्फ बाल संरक्षण कानून का स्पष्ट उल्लंघन है, बल्कि विद्यालय की मूल जिम्मेदारी शिक्षा से सीधा समझौता भी है. वेतनभोगी शिक्षकों द्वारा बच्चों से मजदूरी करवाया जाना अत्यंत अमानवीय और अस्वीकार्य है. ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, मध्याह्न भोजन प्रणाली में सुधार सुनिश्चित करने, संबंधित प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई करने और विभागीय जिम्मेदारी तय करने की मांग की है. इस बिंदु पर पूछे जाने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया और स्वयं को निर्दोष कहा. इस मामले में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष ने बताया कि मेरे कार्यकाल में पीएम श्री मध्य विद्यालय नया बाजार, राजमहल के संबंध में एक आवेदन प्राप्त हुआ है. इस पर विद्यालय के प्राचार्य से स्पष्टीकरण मांगते हुए जवाब तलब किया गया है. जब तक संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होता, तब तक विद्यालय प्राचार्य के वेतन पर रोक लगाने का आदेश जारी रहेगा.

राज्य के 25 वर्ष : जिले को मिली पहली महिला विधायक

- स्वास्थ्य, उद्योग और पर्यटन में मिली रफ्तार

रजत नाथ

बोकारो (शुभम संदेश)। झारखंड राज्य आज शैशव काल पार कर अपने 25वें यौवन वर्ष की दहलीज पर खड़ा है. 15 नवंबर 2000 को बिरसा जयंती के दिन एकीकृत बिहार से अलग होकर झारखंड का गठन हुआ. इन 25 वर्षों में बोकारो जिले ने भी कई महत्वपूर्ण बदलाव देखे. जिले को पहली महिला विधायक मिली, साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, औद्योगिक विस्तार, शिक्षा, पर्यटन सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई. राजनीतिक उतार–चढ़ाव भी बोकारो की पहचान रहा, जहां किसी भी दल का लम्बा एकछत्र अधिपत्य नहीं रहा. साल 2024 में बोकारो विधानसभा क्षेत्र को पहली बार कांग्रेस की श्वेता सिंह के रूप में महिला विधायक मिलीं. 2000 में वनांचल आंदोलन के दिग्गज नेता समरेश सिंह ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत दर्ज की. 2005 में कांग्रेस के इज़रायल अंसारी विधायक बने. 2009 में समरेश सिंह जेवीएम के टिकट पर विधानसभा पहुंचे. 2014 और 2019 में भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने लगातार दो बार जीत हासिल की. बोकारो की वर्तमान विधायक श्वेता सिंह ने अपने संघर्ष और दृढ़ संकल्प से यह सिद्ध किया कि महिलाएं राजनीति में सशक्त पहचान बना सकती हैं. स्व. समरेश सिंह की बहू श्वेता सिंह ने अपनी पारिवारिक राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए कठिन परिस्थितियों में अपनी अलग पहचान भी स्थापित की. जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है. सेक्टर–12, बियाडा कॉलोनी में मेडिकेंट सुपर स्पेशियलिटी कैंसर हॉस्पिटल खुलने से अब लोगों को जटिल इलाज के लिए बाहर नहीं जाना होगा. शिक्षा के क्षेत्र में गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटीज़ टेक्निकल कैंपस को नैशनल एसेसमेंट एंड एक्रिडिटेशन काउंसिल (एनएएसी) से बी++ ग्रेड प्राप्त हुआ है. झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, रांची से संबद्ध सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी कॉलेजों में इस संस्थान ने सर्वोच्च स्थान हासिल किया है, जिससे छात्रों को अब बोकारो में ही उच्च गुणवत्ता की शिक्षा मिल सकेगी. बोकारो के बियाडा इंडस्ट्रियल एरिया, बालीडीह में झारखंड का पहला एथेनॉल प्लांट स्थापित है, जहां राइस ब्रान से ऑर्गेनिक पेट्रोलियम उत्पादन किया जा रहा है. चंदनकियारी में वेदांता इलेक्ट्रोस्टील कंपनी सहित कई उद्योग युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान कर रहे हैं. पर्यटन के क्षेत्र में भी जिला तेजी से विकसित हो रहा है. ललपनिया स्थित लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगढ़ जो आदिवासी आस्था, परंपरा और प्रकृति के पवित्र संगम का प्रतीक है को राज्य सरकार विश्व स्तरीय पर्यटक स्थल के रूप में विकसित कर रही है. इससे जिले में पर्यटन को नया आयाम मिला है.

रजत जयंती पर गांधी मैदान में भव्य जतरा

दुमका। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष (25वां वर्ष) के उपलक्ष्य में शुक्रवार को गांधी मैदान, दुमका में भव्य जतरा का आयोजन किया गया. इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और पारंपरिक खेल-कूद का आयोजन हुआ. हांडी फोड़ प्रतियोगिता में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भी सक्रिय सहभागिता की. कार्यक्रम स्थल पर नगर परिषद एवं जेएसएलपीएस द्वारा जानकारी और जागरुकता से जुड़े आकर्षक स्टॉल लगाए गए. उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने भी खेल-कूद गतिविधियों में हिस्सा लिया तथा बच्चों के बीच चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया. उपायुक्त ने कहा कि झारखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती वर्ष पर आयोजित यह भव्य जतरा, राज्य की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं स्थानीय कला की शानदार झलक प्रस्तुत करता है. सीएम हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार पूरे राज्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं.

सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत, मुआवजे को लेकर जाम

जाम से कोयला ढुलाई कार्य रहा बाधित , एक लाख रुपये मुआवजा पर बनी सहमति

■ समझौते के बाद हटाया गया जाम

शुभम संदेश। ललमटिया

गुरुवार देर संध्या मोटरसाइकिल की चपेट में आने से हुई सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई. मृतक की पहचान बिहार के बांका जिले के धनकुंड थाना क्षेत्र के ग्राम बबुरा निवासी 25 वर्षीय शाहनवाज शेख के रूप में हुई. घटना राजमहल परियोजना के सीआईएसएफ चेकपोस्ट के पास की है. बताया जाता है कि गुरुवार संध्या डीआईओ गाड़ी के ट्रक चालक शाहनवाज शेख खाना खाकर अपने दोस्तों के साथ पैदल अपनी गाड़ी की ओर लौट रहे थे. इसी दौरान ललमटिया की ओर से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में शाहनवाज के सिर पर गंभीर चोट लगने से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा. सूचना मिलने पर ललमटिया पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शाहनवाज को तुरंत अस्पताल पहुंचाया. प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें महागामा सदर अस्पताल, फिर गोड्डा अस्पताल और बाद में मायागंज भागलपुर रेफर किया गया. भागलपुर ले जाने के क्रम में उनकी मौत हो गई. शाहनवाज की मौत की खबर फैलते ही राजमहल परियोजना क्षेत्र में पहुंचे लोकल सेल ट्रकों के ड्राइवर-खलासी और ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक मुआवजे की मांग को लेकर राजमहल परियोजना के जीरो प्वाइंट पर शव रखकर जाम लगा दिया. इससे राजमहल खनन क्षेत्र से क्रेशर तक कोयला ढुलाई कार्य बाधित रहा. जाम की सूचना पर राजमहल परियोजना के प्रबंधक (कार्मिक) प्रणव कुमार, सिविल इंजीनियर संजीव कुमार तथा ईसीएल के अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और परिजनों से वार्ता की. प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजनों को एक लाख रुपये मुआवजा देने पर सहमति बनने के बाद जाम हटाया गया. थाना प्रभारी रोशन कुमार सिंह ने कहा कि मृतक के परिजनों को सरकारी नियमों के अनुसार एक्सीडेंटल केस में मिलने वाला मुआवजा भी उपलब्ध कराया जाएगा. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, गोड्डा भेज दिया गया.

अवैध अंग्रेजी शराब लदे दो वाहन जब्त, 480 बोतलें बरामद

शुभम संदेश। गोड्डा

अवैध शराब के खिलाफ लगातार चल रही कार्रवाई के बावजूद गोड्डा क्षेत्र में इसका अवैध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है. बीते संध्या अवैध विदेशी शराब के विरुद्ध की गई छापेमारी में नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली. ग्रामीणों द्वारा पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गोड्डा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एसके लाइन होटल, पांडूबथान स्थित संथाली बस्ती के पीछे खाली मैदान में अवैध विदेशी शराब की बिक्री के उद्देश्य से एक पिकअप और एक बोलेरो में शराब लोड की जा रही है. सूचना की पुष्टि एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए छापामारी दल को भेजा गया. छापेमारी के दौरान रामगढ़ रोड स्थित एसके लाइन होटल, पांडूबथान के संथाली बस्ती के पीछे खाली मैदान में पहुंचने पर सफेद रंग का पिकअप वाहन (नंबर बीआर 21 जीए 4371) तथा महिंद्रा बोलेरो (नंबर बीआर 10 पी 5537) खड़ी मिली, जिनमें अवैध रूप से विदेशी शराब लदी हुई थी. जांच में रॉयल स्टैग, ब्लेंडर प्राइड सहित विभिन्न ब्रांडों की कुल 480 बोतल अवैध विदेशी शराब बरामद की गई. पुलिस टीम द्वारा दोनों वाहनों और बरामद शराब को जब्त कर थाना लाया गया. घटना को लेकर जब्त वाहनों के मालिक और चालक के खिलाफ नगर थाना कांड संख्या 223/25 दर्ज कर ली गई है तथा संलिप्त लोगों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी की जा रही है. छापामारी टीम में नगर थाना प्रभारी दिनेश कुमार महली, पुअनि रोहित कुमार यादव, राहुल कुमार चौबे, भोलानाथ दास, सअनि बलजीत सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे.

ब्रीफ खबरें

कुकिंग प्रतियोगिता में उउवि सेरुआ प्रथम

गावां (गिरिडीह)। रसोइया सह सहायिका सेरुआ संकुल स्तरीय मध्यान्ह भोजन कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेरुआ में किया गया था. प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उउवि सेरुआ, द्वितीय स्थान उमवि चेरवा तथा तृतीय स्थान नवप्रावि लोहारडीह को प्राप्त हुआ. कार्यक्रम का संचालन सीआरपी महेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया. मौके पर आनंद प्रकाश, मनोज कुमार, अनिल कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे.

मां लक्ष्मी ग्राम संगठन की विशेष बैठक

बोकारो। अंबाडीह, पेटरवार में झारखंड के 25वें स्थापना दिवस पर मां लक्ष्मी ग्राम संगठन की विशेष बैठक आयोजित हुई, जिसमें उपायुक्त अजय नाथ झा शामिल हुए. उन्होंने दीदियों को समूह के 10 सूत्र, जेंडर समानता और स्वास्थ्य जागरुकता की शपथ दिलाई तथा आर्थिक सशक्तिकरण पर बल दिया. संवाद के दौरान ग्रामीण महिलाओं ने सिंचाई व्यवस्था, कोल्ड स्टोरेज, आंगनवाड़ी भवन, शौचालय, कुआं निर्माण, शिक्षकों की नियुक्ति और उप-स्वास्थ्य केंद्र जैसी मांगें रखीं. डीसी ने संबंधित अधिकारियों को सकारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए. कार्यक्रम में जेएसएलपीएस व प्रशासनिक अधिकारी सहित कई ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थीं.

पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

दुमका। दुमका जिला के अवर प्रमंडल पशुपालन पदाधिकारी डॉ. कलीमुद्दीन अंसारी ने शुक्रवार को शिकारीपाड़ा प्रखंड के प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय, शिकारीपाड़ा का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान पशु चिकित्सालय के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बालमुकुंद कुमार तथा अनुसेवक दिलीप कुमार शाहा उपस्थित थे. डॉ. कलीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि जांच के दौरान पशु चिकित्सालय का कार्य संतोषजनक पाया गया. उन्होंने कहा कि प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के कार्यों के साथ-साथ डॉ. बालमुकुंद कुमार प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी, शिकारीपाड़ा का दायित्व भी पूरी जिम्मेदारी और दक्षता के साथ निभा रहे हैं.

ब्लड डोनेशन कैंप को लेकर निर्देश जारी

दुमका। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में आज रक्त कोष से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि ब्लड बैंक में उपलब्ध रक्त की संपूर्ण जानकारी ई-रक्त कोष पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट की जाए, ताकि जरूरतमंदों को समय पर सही जानकारी मिल सके. उपायुक्त ने कहा कि जिले में रक्त की उपलब्धता निरंतर बनी रहे, इसके लिए विभिन्न प्रखंडों में तिथिवार रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. उन्होंने प्रखंडवार अब तक आयोजित रक्तदान शिविरों की प्रगति की समीक्षा की और आगे इसे और प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए. उन्होंने जिले की स्वयंसेवी संस्थाओं रेड क्रॉस, लायंस क्लब, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, मारवाड़ी युवा मंच, पुलिस विभाग आदि से अपील की कि वे सामूहिक रूप से आगे आएं और वार्षिक कैलेंडर तैयार कर नियमित रक्तदान शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करें. उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जाए. उन्होंने ब्लड बैंक के लिए एक समर्पित संपर्क नंबर सार्वजनिक करने और इसे जनसामान्य तक व्यापक रूप से प्रसारित करने का भी निर्देश दिया. बैठक में सिविल सर्जन, विभिन्न निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, रेड क्रॉस एवं लायंस क्लब के सदस्य सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे.

युवा झारखंड की सबसे बड़ी शक्ति : राज्यपाल

डीपीएस बोकारो के बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा, 392 मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

खास बातें

- वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर तिरंगा थीम से रंगा मंच
- उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को ब्लू बैज और ब्लू ब्लेजर मिला
- दीपांश शिक्षा केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

शुभम संदेश। बोकारो

हमारा झारखंड प्राकृतिक संपदाओं, जनजातीय गौरव, विविध परंपराओं और जीवंत सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध है, लेकिन झारखंड की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा शक्ति है. युवा ही इस राज्य और राष्ट्र के भविष्य-निर्माता हैं. नवाचार, उद्यमिता, विज्ञान, सेवा और नैतिक नेतृत्व के माध्यम से युवा झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों में स्थापित कर सकते हैं. मैं ऐसे झारखंड की कल्पना करता हूं, जहाँ हर युवा सक्षम, आत्मविश्वासी और राष्ट्रहित के प्रति समर्पित हो. यह बातें झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के वार्षिकोत्सव नक्षत्र में उपस्थित सैकड़ों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही. वार्षिकोत्सव के अवसर पर सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कक्षा 6 से 11 तक के कुल 392 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को जोहार के साथ बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा भोजन, वस्त्र और आवास के बाद मानव जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन गई है. शिक्षा हमें सही विचार, सही निर्णय और सही दिशा प्रदान करती है. यह जीवन की प्रमुख समस्याओं का समाधान और सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरुकता दोनों देती है. राज्यपाल गंगवार ने आज के प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में बच्चों पर बढ़ते दबाव, असफलता के भय और अपेक्षाओं के बोझ को मानसिक तनाव का कारण बताया तथा इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत पर जोर दिया. उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.एस. गंगवार सहित पूरे डीपीएस बोकारो परिवार के ज्ञान, अनुशासन और उत्कृष्टता के प्रति समर्पण की सराहना की. उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो न केवल झारखंड बल्कि देश के उत्कृष्ट विद्यालयों में अपना विशिष्ट स्थान रखता है.

इस विद्यालय ने देश को अनेक विद्वान, चिकित्सक, अभियंता, रक्षा व प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी, विधि विशेषज्ञ और उद्यमी दिए हैं, जो राष्ट्र का गौरव बढ़ा रहे हैं. वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में तिरंगा और राष्ट्रप्रेम की थीम पर सजे भव्य मंच पर गीत-संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सतरंगी छटा ने समारोह को जीवंत बना दिया. समारोह में पुलिस महानिरीक्षक (उ.छो.प्र.) सुनील भास्कर, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार सहित कई वरीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित थे. विद्यार्थियों को राज्यपाल गंगवार के अलावा बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन और अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) व डीपीएस बोकारो प्रबंधन समिति की प्रो-वाइस चेयरमैन राजश्री बनर्जी ने बैज और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया.

डीसी-एसपी ने राज्यपाल का किया स्वागत

बोकारो। पेटरवार जिला बॉर्डर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का आगमन हुआ. जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त अजय नाथ झा तथा पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया. स्वागत के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी गई और प्रशासन ने पूरे आगमन कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित किया. औपचारिक प्रोटोकॉल के तहत राज्यपाल को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया. इसके बाद राज्यपाल बी.एस. सिटी के सेक्टर-04 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) पहुंचे, जहां पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया.

घर में घुस कर बुजुर्ग महिला की हत्या

गिरिडीह (शुभम संदेश)। जिले के धनवार थाना इलाके के अम्बाटांड़ में एक बुजुर्ग महिला की हत्या करने का मामला शुक्रवार को प्रकाश में आया है. मृतका की पहचान शांति देवी (62), पति गंगा सिंह के रूप में हुई है. घटना गुरुवार देर रात की है. शुकवार को तड़के सुबह पुलिस महिला के शव और धड बरामद कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है. हत्या की पृष्टि धनवार थाना प्रभारी सत्येन्द्र पाल ने की है. मामले की सूचना पर खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद सहित घोडथम्भा, जमुआ, हीरोडीह की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है. मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है. वहीं पूरे घटना की क्रमवार जांच की जा रही है. घटना को लेकर बताया गया कि गुरुवार रात को महिला अपने घर पर थी, इसी बीच हमलावर आए और महिला के गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया. वार करते ही महिला का सिर धड़ से अलग कुछ दूरी पर जा गिरा . घटना के बाद हमलावर भागने लगे. घटना के बाद से परिजन सदमे में हैं वहीं लोगों में आक्रोश है. लोग दोषियों को गिरफ्तार करने तथा कड़ी सजा दिलवाने की मांग कर रहे हैं. पीड़ित परिवार ने पुलिस के समक्ष शिकायत की है. उसके आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है, पूछताछ जारी है.

बिहार में जीत पर भाजपा ने मनाया जश्न

बोकारो (शुभम संदेश)। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने पर जिला भाजपा द्वारा चास धर्मशाला मोड़ में आतिशबाजी की गई तथा मिठाई बांटकर ऐतिहासिक जीत की खुशी मनाई गई. धनबाद सांसद प्रतिनिधि मुकेश राय ने कहा कि यह बिहार की आम जनता की जीत है. इंडिया गठबंधन के नेताओं द्वारा लगाए गए झूठे आरोपों को जनता ने पूरी तरह नकार दिया. उन्होंने कहा कि यह तो झांकी है, बंगाल अभी बाकी है. राय ने आगे कहा कि यह सभी कार्यकर्ताओं के लिए विशाल जीत है. दोहरा शतक पार कर एनडीए ने बिहार में ऐतिहासिक जीत हासिल की है. जनता ने झूठ को नकारते हुए विकास और सुशासन को चुना है. मौके पर अमर स्वर्णकार, विक्की राय, भानु प्रताप सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

चोरी के 313 मोबाइल मालिकों को लौटाये गये

गिरिडीह (शुभम संदेश)। गिरिडीह पुलिस की सराहनीय पहल आपका मोबाइल आपके पास योजना के तहत चोरी और गुम हुए मोबाइल यूजर के लिए शुक्रवार का दिन बेहद ख़ास रहा. गिरिडीह पुलिस ने न्यू पुलिस लाइन में आयोजित कार्यकम आपका मोबाइल आपके पास योजना के तहत जिले के 313 यूजर को उनके एंड्राइड और स्मार्ट मोबाइल वापस किये. इस दौरान जिले भर से यूजर अपने मोबाइल लेने पहुंचे थे. कार्यक्रम में एसपी डॉक्टर विमल कुमार के नेतृत्व में आपका मोबाइल आपके पास योजना के तहत यूजर को उनके मोबाइल वापस किए गए .चोरी और गुम हुए मोबाइल मिलने पर यूजर भी काफी उत्साहित दिखे. यूजर ने एसपी को थैंक्स भी कहा. इस दौरान एसपी ने कहा कि आज के दौर में मोबाइल कि भूमिका बेहद ख़ास हो गई है. ऐसे में मोबाइल की चोरी होना या गुम होना यूजर के लिए परेशानी का सबब होता है. लेकिन गिरिडीह पुलिस लगातार प्रयास में है कि जिनके मोबाइल चोरी और गुम हुए हैं उसे तलाश कर वापस किये जाए. कार्यक्रम में डीएसपी नीरज सिंह, कोसर अली, एसडीपीओ जितवाहन, सुमित प्रसाद, धनजय राम, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो सहित कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे.

सविमं में बिरसा मुंडा की जयंती मनी

गावां (शुभम संदेश)। गावां प्रखंड स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, पिहरा में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन किया गया. शिशु सह कन्या भारती के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से किया गया. मौके पर झारखंड स्थापना दिवस (रजत जयंती वर्ष) पर भी विस्तार से चर्चा हुई. वक्ताओं ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान क्रांतिकारी थे, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अंग्रेजों का डटकर मुकाबला किया. उन्होंने समाज के दबे-कुचले लोगों की स्थिति सुधारने, सामाजिक कुरीतियों और नशाखोरी के खिलाफ जनजागरण पैदा करने का काम किया. उनका जीवन चरित्र और बलिदान हम सभी के लिए अनुकरणीय है. मौके पर प्रधानाचार्य विनोद पांडेय, राजेंद्र विश्वकर्मा, राधेश्याम, कमल किशोर सिंह, चंचला देवी, दिलीप कुमार, कौशल किशोर सोनू, प्रियंका कुमारी, अनुपम कुमारी, प्रमोद कुमार, रानी कुमारी एवं ओमचंद्र गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे.

एनडीए की जीत पर गावां में जश्न

गावां, गिरिडीह (शुभम संदेश)। बिहार में एनडीए की जीत पर शुक्रवार शाम गावां बाजार में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर एनडीए की प्रचंड जीत पर खुशी का इजहार किया और जीत के नारे लगाए. भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि बिहार की जनता ने जाति-धर्म से ऊपर उठकर विकास को चुना है, जिसका परिणाम एनडीए की प्रचंड जीत के रूप में सामने आया है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आज़ाद, बनारस सिंह, मनोज सिंह, विशाल राणा, अजीत शर्मा, विकास जोनी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

मुआवजा के लिए स्कूल गेट के सामने लाश रखकर किया प्रदर्शन

शुभम संदेश। महगामा

बीते गुरुवार की संध्या तेज रफ्तार स्कूल बस की चपेट में आने से युवक की मौत के बाद परिजनों ने मुआवजा की मांग को लेकर शुक्रवार सुबह स्कूल गेट पर पहुंच कर प्रदर्शन किया. सुबह करीब पचास से अधिक परिजन और ग्रामीण महगामा स्थित संत माइकल एंग्लो इंडियन स्कूल पहुंचे और गेट के सामने लाश रखकर नारेबाजी शुरू कर दी. घटना की जानकारी मिलने पर महगामा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला. इससे पहले गुरुवार को भी परिजनों ने घटनास्थल पर लाश को उठाने से इनकार कर दिया था और स्कूल बस को ले जाने की अनुमति नहीं दे रहे थे. पुलिस ने काफी समझाने-बुझाने और मुआवजा दिलाने का आश्वासन देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया था. हालांकि, शुक्रवार को परिजन फिर स्कूल पहुंच कर हंगामा करने लगे. पुलिस ने घंटों मशक्कत के बाद स्कूल प्रबंधन से वार्ता कर स्थिति को शांत कराया. ज्ञात हो कि गुरुवार की संध्या महगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरोतिया के पास माइकल एंग्लो इंडियन स्कूल महगामा की बस बच्चों को छोड़कर लौट रही थी. इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे युवक से टकरा गई, जिससे उसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई. मृत युवक की पहचान ग्राम मोहानी निवासी आमोद साह (18) के रूप में हुई है. परिजनों के अनुसार, मृत युवक की बहन की शादी होने वाली थी और वह शादी की तैयारी के सिलसिले में मामा के घर आया हुआ था. इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया.

उपायुक्त ने की स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

दुमका। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने झारखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष (25वें वर्ष) के उपलक्ष्य में 15 नवंबर को कोन्वेंशन सेंटर, दुमका में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तारपूर्वक समीक्षा की. उपायुक्त ने बताया कि राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा चयनित लाभुकों को परिसंपत्तियों एवं प्रमाण-पत्रों का वितरण किया जाएगा. साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी भव्य आयोजन किया जाएगा. उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को निर्देश दिया कि लाभुकों एवं आमंत्रित अतिथियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित कर ली जाएँ. उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी दंडाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें.

नंद घर प्रतिदिन 4 लाख से अधिक बच्चों और 3 लाख महिलाओं के जीवन में ला रहा सकारात्मक बदलाव

वेदांता के नंद घर ने 10,000 केंद्रों का आंकड़ा किया पार

शुभम संदेश। बोकारो

बाल दिवस के अवसर पर वेदांता समूह की सामाजिक प्रभाव इकाई अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने देश की विकास यात्रा में एक नई उपलब्धि दर्ज की है. वेदांता की प्रमुख सामाजिक पहल नंद घर ने 16 राज्यों में 10,000 केंद्रों का आंकड़ा पार कर लिया है. ये आधुनिक केंद्र प्रतिदिन लाखों बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं. नंद घर भारत की पारंपरिक आंगनवाड़ी प्रणाली को आधुनिकता, तकनीक, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं और कौशल विकास की सुविधाओं के साथ एक नए स्वरूप में विकसित कर रहा है. भारत सरकार की आईसीडीएस योजना के 50 वर्ष पूर्ण होने के साथ, नंद घर ग्रामीण विकास मॉडल को और सुदृढ़ बना रहा है. स्मार्ट क्लासरूम, डिजिटल लर्निंग टूल्स, स्वच्छ पेयजल, सौर ऊर्जा आधारित बिजली, साफ-सुथरे शौचालय और बच्चों के अनुकूल संरचनाओं से लैस नंद घर 3-6 वर्ष के बच्चों के लिए सुरक्षित, प्रेरक और सीखने-सिखाने का अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं. यह केवल प्रारंभिक शिक्षा का मंच ही नहीं, बल्कि पोषण, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण और महिलाओं के कौशल विकास का एक प्रभावी सामुदायिक केंद्र बन चुका है. वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि जब हमने नंद घर की शुरुआत की, हमारा सपना सरल था हर बच्चा स्वस्थ और शिक्षित हो और हर महिला आत्मनिर्भर बन सके. आज 16 राज्यों में 10,000 नंद घर पूरे होने का यह ऐतिहासिक पल उसी सपने की पूर्ति है. यह उपलब्धि भारत सरकार, राज्य सरकारों और स्थानीय समुदायों के अद्भुत सहयोग के बिना संभव नहीं थी. हम 8 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के मिशन पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं. इलेक्ट्रोस्टील के डिप्टी सीईओ रवीश शर्मा ने कहा कि नंद घर भारत के भविष्य की बुनियाद को मजबूत बनाने वाली एक परिवर्तनकारी पहल है. वेदांता समूह ने जिस समर्पण के साथ बच्चों और महिलाओं के जीवन में सुधार लाने का काम किया है, वह प्रेरणादायक है. 10,000 नंद घर पूरे होना केवल एक संख्या नहीं, बल्कि लाखों सपनों को नई दिशा देने का प्रतीक है. हम ईएसएल स्टील लिमिटेड की ओर से इस मिशन को आगे बढ़ाने और समुदायों को सशक्त बनाने में निरंतर सहयोग के लिए तत्पर हैं.

देशभर में नंद घर का प्रभाव

राजस्थान, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक सहित कई राज्यों में नंद घर ने पारंपरिक आंगनवाड़ियों को आधुनिक सामुदायिक विकास केंद्रों में बदल दिया है. बाल दिवस का यह वर्ष कई राज्यों में विशेष रहा, जहां समुदायों ने 10,000 नंद घर पूरे होने का उत्सव मिलकर मनाया.

घाटशिला में ऐतिहासिक जीत : उमाकांत

बोकारो (शुभम संदेश)। घाटशिला उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के लोकप्रिय और जनसमर्पित प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन की प्रचंड जीत पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ. यह जीत केवल एक उम्मीदवार या एक दल की जीत नहीं है, बल्कि पूरे घाटशिला विधानसभा की देवतुल्य जनता की सामूहिक इच्छा, विश्वास और लोकतांत्रिक शक्ति की विजय है. उक्त बातें चांदनकियारी के जेएमएम विधायक उमाकांत रजक ने कही. उमाकांत ने कहा कि घाटशिला की जनता ने यह सिद्ध कर दिया है कि वे विकास, अधिकार, सम्मान और स्थिर नेतृत्व के साथ खड़ी है. जनता ने अपने जनादेश से न केवल भविष्य की दिशा तय की है, बल्कि यह भी दिखाया है कि झारखंड की जनता हमेशा न्याय और सच्चाई के साथ खड़ी रहती है.

यह जीत झारखंड की जीत है, उस भावना की जीत, जिसमें अबुआ राज, अबुआ सरकार का सपना बसता है. स्वर्गीय रामदास सोरेन के प्रति जनता का प्रेम, सम्मान और विश्वास आज पुनः उजागर हुआ है. जनता ने आत्मीयता के साथ उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए यह विजय सोमेश चंद्र सोरेन को सौंप दी है. यह जीत उनके अधूरे सपनों और जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने की दृढ़ इच्छा का प्रतीक है.

मंथन

घाटशिला उपचुनाव ने बचा ली सरकार की प्रतिष्ठा

किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में उपचुनाव केवल एक सीट का मसला नहीं होता, बल्कि सरकार की दिशा, जनविश्वास और राजनीतिक संतुलन का संकेतक भी होता है. घाटशिला उपचुनाव के नतीजों ने यह तथ्य एक बार फिर सिद्ध किया है. कठिन राजनीतिक माहौल, विरोधी दलों के आक्रामक अभियान और कई तरह की सार्वजनिक असंतोष की धाराओं के बीच इस सीट पर जीत दर्ज करना सरकार के लिए न केवल राहत भरा क्षण रहा, बल्कि उसके राजनीतिक मनोबल को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ.पिछले कुछ महीनों में सरकार पर दबाव बढ़ रहा था-चाहे मुद्दा महंगाई का हो, रोजगार का या कुछ नीतिगत निर्णयों को लेकर जन असंतोष का. विपक्ष इस उपचुनाव को एक जनमत-संग्रह की तरह पेश कर रहा था और इसे सरकार की लोकप्रियता की परीक्षा माना जा रहा था. ऐसे में घाटशिला उपचुनाव का परिणाम सीधे तौर पर सत्ता पक्ष के प्रदर्शन पर जनमानस की मुहर के रूप में देखा गया.यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इससे सरकार को भविष्य की नीतियों को लेकर अधिक आत्मविश्वास मिलेगा. साथ ही यह संदेश भी गया है कि लोगों का भरोसा अभी भी सत्ता पक्ष पर कायम है, हालांकि चुनौतियाँ कम नहीं हुई हैं. दूसरी ओर विपक्ष के लिए यह परिणाम रणनीति पुनः तय करने और जनता से संवाद मजबूत करने का संकेत देता है.कुल मिलाकर, घाटशिला उपचुनाव ने न सिर्फ सरकार की प्रतिष्ठा बचाई है, बल्कि राजनीतिक स्थिरता और आगे की नीतिगत पहल के लिए ऊर्जा भी प्रदान की है. यह परिणाम बताता है कि जनता बदलाव चाहती है, लेकिन वह उम्मीद भी रखती है-और सरकार के पास इस विश्वास को कायम रखने की जिम्मेदारी और अवसर, दोनों मौजूद हैं.

नजरिया

बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत,विपक्ष लगभग साफ

बिहार में हाल ही संपन्न हुए चुनावों ने राज्य की राजनीति में एक बार फिर बड़ा संदेश दिया है-विपक्ष पूरी तरह साफ हो गया. यह परिणाम केवल सीटों की संख्या का खेल नहीं, बल्कि जनभावनाओं और राजनीतिक रणनीतियों का गहरा प्रतिबिंब है. सत्ता पक्ष जहां संगठित, आक्रामक और जमीनी स्तर पर मजबूती के साथ मैदान में उतरा, वहीं विपक्ष अपनी दिशा और दमखम दोनों खोता दिखाई दिया. विपक्ष की हार के पीछे कई कारण रहे. सबसे बड़ा कारण रहा आंतरिक असंतोष और नेतृत्वहीनता की स्थिति. अलग-अलग दलों के बीच तालमेल की कमी, सीट बांटने को लेकर असहमति और स्पष्ट विजन का अभाव, इन सबने जनता में यह संदेश दिया कि विपक्ष सत्ता को चुनौती देने की स्थिति में ही नहीं है. दूसरी ओर, सत्ता पक्ष ने विकास, स्थिरता और सामाजिक योजनाओं को लेकर एक सुसंगत नैरेटिव तैयार किया, जिसने मतदाताओं पर प्रभाव डाला. चुनाव अभियान के दौरान भी विपक्ष मुद्दों को पकड़ने में सफल नहीं रहा. महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था जैसे प्रमुख सवाल उठाए गए, परंतु उन्हें संगठित स्वरूप नहीं मिल सका. जनता ने इन तर्कों को सुना तो जरूर, पर उन पर भरोसा नहीं किया. इसके उलट, सत्ता पक्ष ने लाभार्थी योजनाओं और स्थानीय स्तर पर पहुंच बनाने वाली राजनीति के सहारे लोकमत को अपने पक्ष में मोड़ लिया. यह परिणाम विपक्ष के लिए आत्ममंथन का अवसर है. बिहार की जनता ने इस चुनाव में साफ संदेश दे दिया है-विश्वास उसी पर होगा जो संघर्ष, संगठन और स्थिरता दिखा सके.

16 सितंबर, 2022 को मैंने अपने फेसबुक वॉल पर प्रशांत किशोर के बारे में यह पोस्ट लिखा था. इसे फिर से मैं हू-ब -हू यहां पेश कर रहा हूं.

प्रशांत बिहार में अपना समय बर्बाद कर रहे

सुरेंद्र किशोर

बिहार के बारे में प्रशांत की समझदारी का स्तर भी डॉ स्वामी जैसी ही है

प्रशांत किशोर बड़ी उम्मीद के साथ बिहार में सक्रिय हैं.उनकी मेहनत देखकर मैं प्रभावित हूं.पर, इनकी सक्रियता देख कर मुझे डॉ.सुब्रह्मण्यन स्वामी की सक्रियता याद आ रही है.नब्बे के दशक में डॉ.स्वामी भी बिहार में सक्रिय हो गए थे. उन्होंने मध्य पटना में एक मकान भी खरीदवा लिया था. उसमें उनकी पार्टी का ऑफिस था. डॉ स्वामी ने निश्चय किया था कि वे बिहार की तत्कालीन सरकार को उखाड़ फेकेंगे. उस राज को पटना हाईकोर्ट ने 'जंगल राज' कहा था. जब डा.स्वामी अपने काम में सफल नहीं हुए तो मध्य पटना वाला वह मकान बेच देना पड़ा.

डॉ.स्वामी क्यों सफल नहीं हुए ?

क्योंकि उन्हें बिहार की जमीनी राजनीति, समाज नीति और राजनीति व समाज के बीच के संबंधों की कोई खास समझ नहीं थी. पर डॉ स्वामी को जिस बात की समझ थी,उस काम में वे अधिक तन्मयता से लग गए. उसमें वे सफल भी हुए. उन्होंने पत्र- पत्रिकाओं में विस्फोटक इंटरव्यू दे-देकर और लोकहित याचिकाओं के जरिए जयललिता और देश की कई अन्य राजनीतिक हस्तियों को उनकी औकात बता दी.

इधर प्रशांत किशोर के जो विचार सामने आते रहे हैं,उससे मुझे यह लगता है कि बिहार के बारे में प्रशांत की समझदारी का स्तर भी डॉ स्वामी जैसी ही है. इसलिए मेरी समझ के अनुसार प्रशांत किशोर बिहार में अपना बहुमूल्य समय खराब कर रहे हैं. मुझसे यदि प्रशांत पूछेंगे तो मैं उन्हें कहूंगा कि यदि आपको बिहार में ही रहना है, तो किसी न किसी संगठित दल में शामिल होकर उसमें अनुशासित ढंग से रहिए और काम करिए. अपनी 'बारी' का इंतजार करिए. अन्यथा, आप डॉ स्वामी का मार्ग अपना कर जीवन को सार्थक बनाइए. देश में भ्रष्टाचार आज सबसे बड़ी समस्या है. अन्य राष्ट्रीय समस्याओं से लड़ने में भी भ्रष्टाचार बाधक बन रहा है.

उनकी तमाम उछल -कूद के बावजूद मैं डॉ स्वामी के जीवन को सार्थक मानता हूं. उन्होंने न सिर्फ देश के सर्वाधिक भ्रष्ट मुख्यमंत्री को जनहित में बर्बाद कर दिया, बल्कि भ्रष्टों के खिलाफ इस्तेमाल के लिए अन्य जनहितकारी लोगों को भी एक बहुत बड़ा कानूनी हथियार थमा दिया. डॉ स्वामी की याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट यह आदेश दे चुका है कि कोई आम नागरिक भी कोर्ट में सबूत के साथ याचिका दायर कर किसी बड़ी से बड़ी भ्रष्ट हस्ती के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करवा सकता है. उसके लिए उसे कोई सरकारी पूर्वानुमति नहीं चाहिए. इस कानूनी सुविधा का इस्तेमाल करके कोई व्यक्ति जनता का हीरो बन सकता है.

हाल में प्रशांत किशोर के ऑफिस से मुझे फोन आया था. कहा गया कि प्रशांत जी आपसे मिलना चाहते हैं. मैंने अशिष्ट न होते हुए कह दिया कि मैं घर से निकलने की स्थिति में नहीं हूं. वैसे भी इमरजेंसी छोड़कर मैं घर से नहीं निकलता. निकलने की अब मुझे कोई जरूरत भी नहीं रही. न कोई 'इच्छा' या महत्वाकांक्षा ही बची है.मेरा पुस्तकालय -संदर्भालय ही मेरा सबसे बढ़िया दोस्त है. दरअसल प्रशांत जी से मैं यदि मिलता तो मुलाकात के बाद उन्हें भी लगता कि उनका समय बर्बाद हुआ. क्योंकि बिहार के बारे में समझदारी को लेकर हम दोनों ''किशोर'' दो छोर पर हैं.

- मुझसे यदि प्रशांत पूछेंगे तो मैं उन्हें कहूंगा कि यदि आपको बिहार में ही रहना है, तो किसी न किसी संगठित दल में शामिल होकर उसमें अनुशासित ढंग से रहिए और काम करिए. अपनी 'बारी' का इंतजार करिए. अन्यथा, आप डॉ स्वामी का मार्ग अपना कर जीवन को सार्थक बनाइए.

आज का इतिहास

1830 : समाज सुधारक राजा राम मोहन राय इंग्लैंड के लिए रवाना हुए.
1920 : जिनेवा में लीग ऑफ नेशंस की पहली बैठक आयोजित की गई.
1936 : नाजी जर्मनी और जापान के बीच कोमिंट्रन विरोधी संधि पर हुआ हस्ताक्षर.
1947 : विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र का विशिष्ट अभिकरण बन गया.
1949 : महात्मा गांधी की हत्या के दोषी नाथूराम गोड से और नारायण दत्तात्रेय आप्टे को फांसी दी गई.
1955 : पोलैंड और यूगोस्लाविया के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये गये.
1961 : संयुक्त राष्ट्र ने परमाणु हथियारों पर रोक लगाई.
1988 : पी.एल.ओ. के अध्यक्ष यासर अराफात द्वारा फ़िलिस्तीन स्वतंत्र राष्ट्र घोषित.
1989 : कराची में वकार यूनुस और सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया.

चिंतन

...अंत में भगवान जरूरी आपकी बातों को सुनते हैं

4 साल से किशनगढ़ में बारिश की एक बूंद तक नहीं गिरी थी. सभी परेशान थे. हरिया भी परिवार के साथ जैसे - तैसे समय काट रहा था. एक दिन वह बोला, अरे ओ मुन्नी की मां, जरा बच्चों को लेकर पूजा घर में तो आओ. बच्चों को लेकर मां पूजा घर में पहुंची. हरिया हाथ जोड़ कर भगवान के सामने बैठा था, वह रुंधी हुई आवाज़ में आंसू छिपाते हुए बोला, सुना है भगवान बच्चों की जल्दी सुनता है.चलो हम मिलकर ईश्वर से बारिश के लिए प्रार्थना करते हैं. सभी बारिश के लिए प्रार्थना करने लगे.

मुन्नी मन ही मन बोली-भगवान जी मेरे बाबा बहुत परेशान हैं आप तो सब कुछ कर सकते हैं.हमारे गांव में बारिश कर दीजिए न. पूजा करने के बाद हरिया उठा और घर से बाहर निकलने लगा.आप कहां जा रहे हैं बाबा. मुन्नी बोली. ऐसे ही खेत तक जा रहा हूं बेटा, हरिया बाहर निकलते हुए बोला. अरे रुको-रुको, अपने साथ ये छाता तो लेते जाओ, मुन्नी दौड़ कर गयी और छाता ले आई. छाता देख हरिया बोला, अरे, इसका क्या काम, अब तो शाम होने को है.धूप तो जा चुकी है. मुन्नी बोली, अरे बाबा अभी थोड़ी देर पहले ही तो हमने प्रार्थना की है.कहीं बारिश हो गयी तो , मुन्नी का जवाब सुन हरिया स्तब्ध रह गया. उसने महसूस किया कि कोई आवाज़ उससे कह रही हो-प्रार्थना करना अच्छा है. लेकिन उससे भी ज़रूरी है इस बात में यकीन रखना कि तुम्हारी प्रार्थना सुनी जाएगी. हरिया ने बेटी को गोद में उठा लिया, उसके माथे को चूमा और छाता अपने हाथ में घुमाते हुए आगे बढ़ गया. दोस्तों, हम सभी प्रार्थना करते हैं पर हम अपनी प्रार्थना में पूरा भरोसा नहीं करते. और ऐसे में हमारी प्रार्थना बस शब्द बन कर रह जाती है. सच नहीं होती. सभी धर्मों में विश्वास की शक्ति का उल्लेख है, कहते भी हैं कि "दृढ़ विश्वास हो तो इंसान पहाड़ भी हिला सकता है. और सच में, दशरथ मांझी के रूप में हमारे सामने इसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण भी है. इसलिए पूजा को सही मायने में सफल होते देखना चाहते हैं तो ईश्वर में विश्वास रखें और ऐसा दिखाएं, मानो आपको प्रार्थना सुनी ही जाने वाली हो और जब आप लगातार ऐसा करेंगे तो भगवान आपकी ज़रूर सुनेगा.

इंडिया पर ट्रेंडिंग

1. #BiharElection2025 210K
2. #ElectionUpdates 17K
3. #NitishKumar 13K
4. #ChildrensDay 29K
5. बिहार चुनाव 86K
6. तेजस्वी यादव 28K
7. AIMIM 12K
8. Jasprit Bumrah
9. नीतीश कुमार 15K
10. #Congress

बहुरंग

'बैटल ऑफ गलवान' के लिए सलमान की कड़ी तैयारियां शुरू

सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर पूरी तरह समर्पित हैं. उनकी पिछली रिलीज 'सिकंदर', जो ईद 2025 पर आई थी, बॉक्स ऑफिस पर उम्मीदों के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाई. ऐसे में अभिनेता अब अपनी अगली फिल्म को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहते और उसी का नतीजा है कि वह फिटनेस पर विशेष ध्यान दे रहे हैं. सलमान ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नई तस्वीर शेयर की, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गई. इस फोटो में सलमान बैकस्टेज वर्कआउट करते दिखाई दे रहे हैं. वह लेग एक्सरसाइज़ करते दिख रहे हैं, जबकि उनके भाई सोहेल खान उनके पैर को सपोर्ट देते नजर आ रहे हैं. फोटो सामने आते ही फैंस ने कमेंट्स की बारिश कर दी. सोशल मीडिया पर सलमान की मेहनत और डेडिकेशन की खूब सराहना हो रही है. गौरतलब है कि 'बैटल ऑफ गलवान' अगले साल 2026 में रिलीज होने वाली है. यह फिल्म सलमान के लिए एक बड़े प्रोजेक्ट के रूप में देखी जा रही है, और अभिनेता अपनी बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन तथा फिटनेस को लेकर लगातार अपडेट शेयर कर रहे हैं. फैंस अब फिल्म को लेकर और भी ज्यादा उत्साहित नजर आ रहे हैं.

नवंबर के आखिरी हफ्ते से शुरू होगी 'स्पिरिट' की शूटिंग



सुपरस्टार प्रभास जहां अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' के लिए सुर्खियों में हैं, वहीं उनकी दूसरी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' भी चर्चाओं का केंद्र बनी हुई है. 'एनिमल' जैसी ब्लॉकबस्टर देने वाले निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इस मेगा-प्रोजेक्ट का निर्देशन कर रहे हैं, और हाल ही में उन्होंने फिल्म को लेकर एक महत्वपूर्ण अपडेट शेयर किया है, जिसने फैंस में उत्साह और बढ़ा दिया है. हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा ने बताया कि 'स्पिरिट' की शूटिंग नवंबर 2025 के आखिर में शुरू हो जाएगी. प्रभास के साथ इस फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में शूटिंग शुरू होने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई. फिल्म में प्रभास के अपोजिट तृप्ति डिमरी नजर आएंगी, जो आजकल बॉलीवुड और साउथ दोनों इंडस्ट्री में पॉपुलर चेहरा बन चुकी हैं. बीते दिनों खबरें थीं कि चिरंजीवी फिल्म में प्रभास के पिता का किरदार निभा सकते हैं, लेकिन संदीप रेड्डी ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया. उन्होंने साफ कहा कि चिरंजीवी किसी भी रूप में फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे. वहीं, जब उनसे दक्षिण कोरियाई स्टार डॉन ली के विलेन के तौर पर शामिल होने के बारे में पूछा गया, तो निर्देशक ने इस पर न तो हां कही और न इनकार किया. इससे फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है. 'स्पिरिट' प्रभास के करियर की सबसे महंगी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक बताई जा रही है, और 2026 की यह रिलीज पहले से ही दर्शकों के बीच भारी चर्चा में है.

'किस किसको प्यार करूं 2' का मस्तीभरा गाना 'फुर्र' रिलीज

कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा जल्द ही अपनी अपकमिंग फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने लौट रहे हैं. हालांकि फिल्म की रिलीज में अभी समय है, लेकिन मेकर्स ने इसका पहला गाना 'फुर्र' रिलीज कर दिया है, जिसने आते ही सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा बटोरी. गाने को जोश बरार और यो यो हनी सिंह ने अपनी आवाज और रैप से सजाया है, वहीं कपिल का एनर्जेटिक डांस और उनका ट्रेडमार्क पंजाबी स्वैग इसे एक परफेक्ट पार्टी एंथम बना रहा है. फैंस गाने की बीट्स, विजुअल्स और कपिल की स्क्रीन प्रेजेंस की जमकर तारीफ़ कर रहे हैं. गाने की कोरियोग्राफी रजित देव ने की है, जबकि इसका निर्देशन मिहीर गुलाटी ने संभाला है. 'फुर्र' में कपिल के साथ पारुल गुलाटी, आयशा खान और त्रिधा चौधरी भी नजर आ रही हैं, जिन पर यह गाना खूबसूरती से फिल्माया गया है. कपिल शर्मा ने गाने को रिलीज करते हुए लिखा, ₹नाचने, झूमने और फुर्र होने के लिए तैयार हो जाइए.₹ उनका यह कैप्शन भी सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया गया. फिल्म अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में बनी है और यह 2015 में आई सुपरहिट कॉमेडी 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है. मेकर्स के अनुसार, सीक्वल में कॉमेडी, ड्रामा और मस्ती का डोज पहले से भी ज्यादा होगा. 'किस किसको प्यार करूं 2' 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, और पहला गाना देखकर फैंस का उत्साह पहले ही चरम पर पहुंच चुका है.

कैटरीना मां बनने के 7 दिन बाद अस्पताल से लौटीं घर

अभिनेत्री कैटरीना कैफ और अभिनेता विक्की कौशल हाल ही में माता-पिता बने हैं. 7 नवंबर को कैटरीना ने मुंबई के एच.एन. रिलायंस अस्पताल में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया था. मां बनने के सात दिन बाद अब कैटरीना को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. खास बात यह है कि अभिनेत्री बाल दिवस के दिन अपने नन्हें बेटे को लेकर घर लौटीं और इस भावुक पल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि विक्की कौशल अपनी पत्नी और नवजात बेटे का खास ख्याल रखते नजर आए. दोनों बेहद शांत और निजी अंदाज़ में अस्पताल से बाहर निकले, जिससे यह साफ झलकता है कि वे अपने बच्चे की प्राइवेसी को लेकर बेहद सजग हैं. कैटरीना को घर ले जाने के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम भी किए गए थे. बेटे के जन्म की घोषणा कपल ने 7 नवंबर को सोशल मीडिया पर एक दिल को छू लेने वाले पोस्ट के साथ की थी. उन्होंने लिखा था, ₹हमारी खुशियों की सौगात आ गई है... खूब सारा प्यार और आभार के साथ हम अपने बेटे का स्वागत करते हैं. 7 नवंबर 2025, कैटरीना और विक्की. इस संदेश के बाद से बॉलीवुड सेलिब्रिटीज़ और फैन्स की ओर से बधाइयों का सिलसिला लगातार जारी है.

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

मेष : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-6-9

वृष : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय का लाभ लें। शुभांक-4-7-9

मिथुन : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-4-6-8

कर्क : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-1-5-7

सिंह : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-1-3-5

कन्या : अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। शुभांक-4-6-8

तुला : अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-2-4-

वृश्चिक : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-8

धनु : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ। शुभांक-3-5-6

मकर : आत्मविश्वास बढ़ेगा। पारिवारिक विवाद टालें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा। शुभांक-3-4-6

कुंभ : खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है। शुभांक-3-5-6

मीन : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-3-5-6

मोरहाबादी में दो दिवसीय भव्य समारोह आज से

शहर की दीवारों पर झारखंड की परंपरा, लोककला और जनजातीय विरासत की अनोखी छटा निखरी

झारखंड स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक रंगों से सजी राजधानी रांची, शहर की दीवारों पर उकेरी गई राज्य की पारंपरिक पहचान

शुभम संदेश। रांची

झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर राजधानी रांची इस बार एक अनोखे सांस्कृतिक उत्सव में बदल चुकी है. पूरा शहर रंग-बिरंगी रोशनी, वॉल पेंटिंग्स और पारंपरिक कलाओं की खूबसूरत सजावट के बीच झारखंड की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है. राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष स्थापना दिवस को विशेष और जनभागीदारी से जोड़कर मनाने की व्यापक तैयारी की गई है. 11 नवंबर को 'रन फॉर झारखंड' के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हो चुकी है और सभी जिलों में अलग-अलग आयोजन हो रहे हैं. मुख्य राज्यस्तरीय समारोह 15 - 16 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित होगा, जहां भव्य प्रदर्शनी से लेकर सांस्कृतिक महोत्सव तक कई आकर्षक कार्यक्रमों की श्रृंखला सजाई गई है.

राजधानी के मोरहाबादी मैदान में दो दिवसीय मुख्य आयोजन संपन्न होगा. पूरे मैदान को झारखंड की थीम पर सजाया गया है, जहां राज्य की उपलब्धियां, विकास योजनाएं और सांस्कृतिक पहचान को मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा. सरकार की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और दर्शकों के बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है. 15 नवंबर को होने वाले मुख्य कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. दोपहर 1 बजे तक दर्शकों के बैठने के बाद औपचारिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी.

भगवान बिरसा मुंडा जयंती के साथ विशेष आयोजन : 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती भी है, इसलिए राजधानी में उनके सम्मान में भी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. लालपुर स्थित बिरसा समाधि स्थल को आकर्षक रोशनी और सजावट से सुसज्जित किया गया है. यहां पर आदिवासी संस्कृति, इतिहास और झारखंड आंदोलन की झलक भी प्रदर्शित की जाएगी.

शहर में वॉल पेंटिंग्स ने रची नई सांस्कृतिक पहचान: स्थापना दिवस से पहले रांची शहर वॉल पेंटिंग अभियान से जीवंत हो उठा है. कलाकारों ने शहर की दीवारों पर सोहराय, खोवड़ाई, जापानीज स्वराज पेंटिंग शैली, आदिवासी जीवनशैली, लोकनृत्य, जनजातीय प्रतीक और वन्य जीवन जैसे विषयों पर करीब से काम किया है. विभिन्न रंगों और कलात्मक शैलियों से सजी ये दीवारें अब केवल पेंटिंग नहीं बल्कि झारखंड की सांस्कृतिक आत्मा का दर्पण बन गई हैं. लोग इनमें झारखंड की प्रकृति, परंपरा और लोककला के जीवंत चित्र देखकर आकर्षित हो रहे हैं.

वॉल पेंटिंग के लिए तीन प्रमुख स्थलों का चयन : अभियान के लिए जिन स्थानों का चयन किया गया है, उनमें आयुक्त कार्यालय (कचहरी) परिसर, मोरहाबादी चिल्ड्रेन पार्क की चहारदीवारी और जाकिर हुसैन पार्क की दीवारें शामिल हैं. प्रोफेशनल कलाकारों का कहना है कि उनका उद्देश्य दीवारों पर सिर्फ चित्र बनाना नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा को रंगों के माध्यम से उकेरना है. यह प्रयास आम नागरिकों को सीधे संस्कृति के साथ जोड़ने का माध्यम बन रहा है.

स्थापना दिवस को लेकर उत्सव का माहौल : पूरे शहर में इस समय उत्सव जैसा माहौल है. मोरहाबादी में लगने वाली प्रदर्शनी इस बार काफी विशेष होगी. यहां हस्तशिल्प, आदिवासी कलाकृतियां, स्थानीय उत्पाद, सरकारी विभागों की उपलब्धियां और विकास यात्रा के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे. इसके अलावा लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और आदिवासी जीवन से जुड़े कार्यक्रम भी लोगों को झारखंड की अनूठी पहचान से जोड़ेंगे.

झारखंड स्थापना दिवस पर राजधानी बनी जीवंत कैनवास

झारखंड आंदोलन और इतिहास पर विशेष प्रदर्शनी

15 और 16 नवंबर को लगने वाली एक विशेष प्रदर्शनी में भगवान बिरसा मुंडा, झारखंड आंदोलन और दिशोम गुरु शिबू सोरेन से जुड़े दस्तावेज, तस्वीरें और ऐतिहासिक झलकियां प्रदर्शित की जाएंगी. यह प्रदर्शनी राज्य निर्माण के संघर्ष और ऐतिहासिक यात्रा को रेखांकित करेगी, जिससे नई पीढ़ी राज्य के इतिहास से रूबरू होगी.

16 नवंबर को पहली बार होगा भव्य 'जतरा' कार्यक्रम : डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने जानकारी दी कि इस वर्ष 16 नवंबर को एक भव्य जतरा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब चार हजार लोग शामिल होंगे. यह जतरा जैप-1 परिसर से शुरू होगी और इसमें झांकियां, पारंपरिक नृत्य, जनजातीय वाद्ययंत्र, झारखंड की लोक परंपराएं और सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी. प्रशासन का दावा है कि इस तरह का आयोजन पहली बार देखने को मिलेगा.

सुरक्षा और ट्रैफिक की विशेष व्यवस्था: स्थापना दिवस के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है. एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि करीब 10 हजार पुलिस बल तैनात किए जाएंगे, जिनमें 2 हजार अधिकारी और 8 हजार जवान शामिल होंगे. ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया है ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो. भीड़ प्रबंधन और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक और निगरानी की व्यवस्था भी की गई है.

रंग-रूप से सजा रांची, मन में उमंग: रांची के सरकारी कार्यालयों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है. हर ओर उत्साह, उमंग और गर्व का वातावरण है. वॉल पेंटिंग, प्रदर्शनी, ड्रोन शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम और पारंपरिक झांकियों ने रांची को एक बड़े सांस्कृतिक कैनवास में बदल दिया है.

झारखंड सरकार ने आज छुट्टी घोषित की, आदेश जारी

रांची। झारखंड सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती / राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को अवकाश की घोषणा की है. इसका आदेश कार्मिक विभाग के संयुक्त सचिव आसिफ हसन ने शुक्रवार को जारी कर दिया. जारी आदेश में कहा गया है कि कार्मिक विभाग की अधिसूचना (संख्या-6776, दिनांक-14.10.2024) द्वारा वर्ष 2025 में भगवान बिरसा मुंडा जयंती / राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15.11.2025 (शनिवार) को कार्यपालक आदेश के तहत घोषित अवकाश को एनआईएक्ट के तहत भी अवकाश घोषित किया जाता है. आदेश में कहा गया है कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग की अधिसूचना (संख्या-6778 दिनांक-14.10.2024) इस हद तक संशोधित समझा जाए.

मोकामा विधानसभा सीट से अनंत सिंह विजयी घोषित

राजद की वीणा देवी को 28,206 मतों के अंतर से हराया

पटना। बिहार की सबसे हॉट सीटों में से एक पटना जिले की मोकामा विधानसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के बाहुबली उम्मीदवार अनंत सिंह ने एक बार फिर जीत का परचम लहरा दिया है। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी और बाहुबली सूरजभान सिंह की पत्नी वीना देवी को 28,206 मतों के अंतर से हराया। अनंत सिंह ने मोकामा में एक बार फिर जीत हासिल की है। मोकामा से वर्ष 2005 के बाद से यह लगातार उनकी छठी जीत है , जबकि वर्ष 2022 के उपचुनाव में अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी विजेता रही थीं। अनंत सिंह मतगणना में 26वें राउंड की गिनती के बाद 91,416 वोट और वीणा देवी को 63,210 वोट प्राप्त हुए। तीसरे नम्बर पर जनसुराज के प्रियदर्शी पीयूष रहे, जिन्होंने 19 हजार 365 वोट लाने में सफलता पाई। इस तरह अनंत सिंह ने बड़ी जीत हासिल की। मोकामा में 4609 वोट नोटा को पड़े।

मुख्यमंत्री नीतीश आवास के बाहर लगा 'बिहार मतलब नीतीश कुमार' लिखा पोस्टर

संवाददाता। पटना

बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए डाले गए मतों की गणना शुक्रवार से जारी है. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) रुझानों में स्पष्ट बढ़त बनाता दिख रहा है. इसी दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास के बाहर लगे एक पोस्टर ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया है. मुख्यमंत्री के आवास के बाहर लगे पोस्टर में साफ लिखा नजर आ रहा है "बिहार का मतलब नीतीश कुमार". शुक्रवार सुबह लगा यह पोस्टर ऐसा माहौल बनाता दिखा कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) समर्थकों के लिए "टाइगर" यानी नीतीश कुमार अब भी केंद्र में हैं, न कि हाशिये पर। इससे पहले जो पोस्टर लगाया गया था, उसकी चर्चा भी तेज थी, उस पोस्टर में नीतीश कुमार एक बाघ के साथ खड़े दिख रहे हैं और बड़े अक्षरों में लिखा है "टाइगर अभी जिंदा है". फिल्मी अंदाज में तैयार किया गया आज का यह पोस्टर साफ तौर पर शक्ति और प्रभाव का संदेश देता है.

6 साल में 6 सीएम बनाने वाले पीके के हाथ लगा 'जीरो बटा सन्नाटा'

शुभम संदेश डेस्क

एक समय देश के सबसे प्रभावशाली चुनावी रणनीतिकार माने जानेवाले प्रशांत किशोर (पीके) को बिहार विधानसभा चुनाव में बड़ा झटका लगा है. छह साल में छह मुख्यमंत्री बनाने का श्रेय पाने वाले पीके अपनी ही पार्टी जनसुराज के लिए एक भी सीट नहीं निकाल सके. जिस आत्मविश्वास, आक्रामक प्रचार और सोशल मीडिया की चमक के साथ वे मैदान में उतरे थे, नतीजों ने उसकी पूरी हवा निकाल दी. राष्ट्रीय मीडिया के हाइप और डिजिटल कैंपेन के बावजूद बिहार की जनता ने जनादेश साफ-साफ एनडीए को सौंप दिया और पीके की झोली पूरी तरह खाली रह गयी.

6,000 किमी की पदयात्रा और 1 करोड़ सदस्य का दावा, नतीजा 'शून्य': पीके ने पार्टी गठन से पहले 5 मई 2022 से 2 अक्टूबर 2024 तक 6,000 किलोमीटर की पदयात्रा, 5,000 गांवों का दौरा और हजारों सभाएं कीं. दावा किया गया कि पार्टी के 1 करोड़ से अधिक सदस्य हैं, लेकिन चुनाव में 10 लाख वोट भी नहीं मिले. चुनाव प्रचार के दौरान पीके ने कई बड़े दावे किए:

"जदयू 25 सीट पार नहीं करेगी"

"नीतीश कुमार अब सीएम नहीं बनेंगे"

"अगर नीतीश बने तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा"

नतीजों में एनडीए को प्रचंड बहुमत मिला और पीके के सभी दावे खोखले साबित हुए. अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या पीके अपना किया वादा निभाएंगे?

238 में से 233 पर जमानत जब्त, 98% उम्मीदवारों की हार

जनसुराज ने 238 सीटों पर दावेदारी की थी, लेकिन इनमें से 233 यानी करीब 98% उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई. पीके अपने गृह क्षेत्र रोहतास में भी खुद को बचा नहीं पाए. जिले की सभी सात सीटों पर जनसुराज उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई. प्रदर्शन इतना कमजोर रहा कि ओवैसी की एआइएमआइएम और मायावती की बीएसपी भी जनसुराज से कहीं बेहतर साबित हुईं.

उम्मीदवार चयन ने किया सबसे बड़ा नुकसान: राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक पीके की हार का एक बड़ा कारण उम्मीदवार चयन में भारी चूक भी रही. वे साफ-सुथरी राजनीति की बात करते रहे, लेकिन टिकट ऐसे चेहरों को दिए, जिन पर कई आपराधिक मामले दर्ज थे. एडीआर रिपोर्ट कहती है कि 231 उम्मीदवारों में से 108 पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं. यानी जनसुराज उन आदर्शों पर खरा ही नहीं उतरा, जिन्हें पीके लगातार दोहराते रहे.

जनसुराज की हार के 5 बड़े कारण

- महिलाओं से जुड़ाव की कमी : एनडीए ने 'आधी आबादी' पर मजबूत पकड़ बनाई. लाभार्थी योजनाओं का सीधा असर दिखा. इसके उलट जनसुराज शराबबंदी खत्म करने जैसे मुद्दे उठाता रहा, जिससे महिला मतदाता नाराज हुईं और पार्टी को समर्थन नहीं मिला.
- ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर पकड़ : बिहार की 90% आबादी ग्रामीण है, लेकिन जनसुराज का प्रचार ज्यादा शहरी क्षेत्रों तक सीमित और डिजिटल रहा. गांवों के बूथों पर लोग सिंबल और उम्मीदवार दोनों से अपरिचित रहे, जिससे वोटर बिखर गए.
- संगठन की कमजोरी और बूथ प्रबंधन का अभाव : अंतिम समय तक बीएलए बनाने की हड़बड़ी, कई बूथों पर प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति और पैराशूट उम्मीदवारों के चयन से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ी. कई जगह उम्मीदवारों ने नाम वापस ले लिया या चुपाप बैठ गए.
- भाजपा की 'बी-टीम' की छवि : विपक्ष ने जनसुराज को एनडीए का वोट काटने वाली 'स्पॉइलर पार्टी' बताकर जनता के बीच संदेह पैदा किया. सोशल मीडिया पर यह छवि तेजी से फैली और पीके इससे बाहर नहीं निकल सके.
- सोशल मीडिया हाइप, लेकिन वोट में नहीं बदल सके : ऑनलाइन चर्चा, रील्स, ट्विटर स्पेस और डिजिटल कैम्पेन जमीन पर वोट में नहीं बदल सके. अधिकांश इन्फ्लुएंसर्स की पहुंच सीमित थी और युवाओं का उत्साह बूथ पर उतरते-उतरते खत्म हो गया.

डिजिटल युद्धभूमि की रणनीति जमीनी हकीकत में फेल : पीके चुनाव को सोशल मीडिया अभियानों और आईटी प्रोफेशनल्स की टीम के जरिए लड़ने निकले, पर बिहार की जमीनी राजनीति में यह फॉर्मूला काम नहीं आया. ओवरकॉन्फिडेंस और डिजिटल चमक के आगे ग्रामीण वोटरों की असल प्राथमिकताएं अनदेखी रह गईं.

भागलपुर के सातों विधानसभा में एनडीए का परचम, महागठबंधन का सुपड़ा साफ

संवाददाता । भागलपुर

भागलपुर के सातों विधानसभा सीट से महागठबंधन का सुपड़ा साफ हो गया है. इन सातों विधानसभा सीट पर एनडीए के प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर एक नया इतिहास रच दिया है. इस जीत को लेकर एनडीए खेमे में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है. एनडीए समर्थक ढोल नगाड़े बजाते हुए एक दूसरे के ऊपर अबीर गुलाल लगाते देखे जा रहे हैं. वहीं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई भी दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के खेल में निराशा देखी जा रही है. जिले के भागलपुर विधानसभा सीट से लगातार चार बार विधायक रहे कांग्रेस प्रत्याशी अजीत शर्मा को भाजपा के रोहित पांडे ने पराजित किया. वहीं बिहपुर से भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर शैलेंद्र ने लगातार दूसरी बार जीत हासिल करते हुए वीआईपी के अपर्णा कुमारी को पराजित किया.

राजद को छोड़ जदयू का दामन थामने वाले शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने वीआईपी के प्रेम सागर उर्फ डब्लू यादव को पराजित किया. कहलगांव विधानसभा क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी शुभानंद मुकेश ने राजद प्रत्याशी रजनीश भारती को पराजित किया। पिरपैंती विधानसभा से भाजपा के मुरारी पासवान ने राजद के रामविलास पासवान को पराजित किया.

नाथनगर विधानसभा क्षेत्र से लोजपा आर के प्रत्याशी मिथुन यादव ने राजद के जेड हसन को पराजित किया। वहीं सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्र से जदयू के ललित मंडल ने रजत के चंदन सिन्हा को पराजित किया है। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विधानसभा में इवीएम के मतों की गिनती के लिए 14 टेबल तथा पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए पांच टेबल लगाया गए थे.

केकेआर ने टिम साउदी को बनाया बॉलिंग कोच

कोलकाता । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज टिम साउदी को टाटा आईपीएल 2026 सीज़न के लिए अपना नया बॉलिंग कोच नियुक्त किया है. 700 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट और 15+ वर्षों के अनुभव के साथ साउदी आधुनिक क्रिकेट के सबसे सफल गेंदबाजों में गिने जाते हैं. साउदी पहले भी 2021, 2022 और 2023 में केकेआर के लिए बतौर खिलाड़ी खेल चुके हैं और अपने पेशेवर रवैये तथा युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देने के लिए खासे लोकप्रिय रहे हैं. 2025 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद यह उनकी पहली बड़ी कोचिंग भूमिका है. केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि साउदी का अनुभव और नेतृत्व टीम की बॉलिंग यूनिट को नई दिशा देगा.

फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर: रोनाल्डो को रेड कार्ड से बड़ा झटका

आयरलैंड ने पुर्तगाल को 2-0 से हराया

एजेंसियां । नई दिल्ली

फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर में गुरुवार को जबरदस्त उलटफेर देखने को मिला, जब आयरलैंड ने दिग्गज पुर्तगाल को 2-0 से मात देकर पूरे फुटबॉल जगत को चौंका दिया. मैच में निर्णायक मोड़ वह रहा, जब पुर्तगाल के स्टार स्ट्राइकर और कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो को खतरनाक फाउल के चलते रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया. आयरलैंड की जीत के हीरो रहे युवा स्ट्राइकर ट्रॉय पैरट, जिन्होंने पहले हाफ में लगातार दो गोल दागकर मैच की दिशा बदल दी. 17वें मिनट में लियाम स्केल्स के कॉर्नर पर मिली हेडर की शानदार डिलीवरी को पैरट ने गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई. इसके बाद हाफ टाइम से ठीक पहले, बाएं छोर से ड्रिब्लिंग करते हुए पैरट ने दूसरे गोल के रूप में एक बेहतरीन फिनिश दिया, जिससे स्कोर 2-0 हो गया और स्टेडियम में मौजूद दर्शक रोमांच से भर उठे.

दूसरे हाफ में पुर्तगाल ने पूरे दमखम से वापसी करने की कोशिश की, लेकिन 60वें मिनट में मैच पूरी तरह पलट गया. लगातार दबाव से परेशान रोनाल्डो ने आयरलैंड के डारा ओ'शे की पीठ पर कोहनी मार दी. वीएआर समीक्षा के बाद रेफरी ने तुरंत उन्हें सीधा रेड कार्ड दिखाया. यह रोनाल्डो के लिए बड़ा झटका था, जो पहले ही अक्टूबर में आयरलैंड के खिलाफ पेनल्टी मिस कर चुके थे.

क्वालिफिकेशन पर पुर्तगाल की चिंता बढ़ी : इस हार के बावजूद पुर्तगाल ग्रुप एफ में 10 अंकों के साथ शीर्ष पर बना हुआ है, लेकिन उनका सीधा विश्व कप टिकट अब रविवार के अंतिम मैच पर निर्भर करेगा. हंगरी 8 अंकों के साथ दूसरे और आयरलैंड 7 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है. यदि रोनाल्डो पर लंबा प्रतिबंध लगता है, तो वह विश्व कप की शुरुआत भी मिस कर सकते हैं, जो पुर्तगाल के लिए बड़ा झटका होगा.

आयरलैंड का अनुशासित खेल: 2002 के बाद पहली बार विश्व कप में वापसी की उम्मीद लिए खेल रही आयरलैंड की टीम ने घरेलू मैदान पर बेहतरीन अनुशासन व आत्मविश्वास दिखाया. कोच हेइमिर हालग्रिम्सन की रणनीति के अनुसार टीम ने शुरुआत में पुर्तगाल के दबाव को झेला और फिर काउंटर-अटैक पर जोरदार प्रहार करते हुए जीत दर्ज की.

लोह कीन यू को हराकर लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में

एजेंसियां । कुमामोटो

कुमामोटो में जारी कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 में भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू को सीधे गेमों में 21-13, 21-17 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया. यह मुकाबला कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में खेले गए बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट का क्वार्टरफाइनल था, जिसमें भारत के युवा शटलर ने 40 मिनट में जीत दर्ज की. लक्ष्य की यह जीत लोह कीन यू के खिलाफ उनके 10 मुकाबलों में सातवीं जीत है. सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी जापान के केंटा निशिमोटो से होगा, जो एक रोमांचक मुकाबले की उम्मीद बढ़ाता है.

पहले गेम में संतुलित शुरुआत के बाद लक्ष्य ने लगातार छह अंक हासिल कर बढ़त बनाई और फिर अगले 10 में से नौ अंक जीतकर स्कोर 18-9 कर लिया. लोह ने वापसी की कोशिश की, लेकिन लक्ष्य ने गेम को 21-13 से अपने नाम कर लिया. दूसरे गेम में 1-1 की बराबरी पर दोनों के बीच 41 शॉट की लंबी रैली हुई, जिसे लोह ने जीता, लेकिन लक्ष्य जल्द ही नियंत्रण में लौट आए और आठ अंकों की लीड लेकर स्कोर 15-9 कर दिया. बीच में लोह ने अंतर घटाया, पर लक्ष्य ने 42 शॉट की मैराथन रैली सहित निर्णायक अंक जीतकर मैच 21-17 से समाप्त किया. वहीं, एचएस प्रणय दूसरे दौर में डेनमार्क के रस्मस गेम्के से हारकर बाहर हो गए. प्रणय की चोट और बीमारी के चलते लय पहले ही प्रभावित रही है. अब टूर्नामेंट में भारत की चुनौती लक्ष्य सेन पर ही टिकी है.

टेस्ट इतिहास में 16वीं बार जसप्रीत बुमराह ने पारी में लिए 5 विकेट

कोलकाता टेस्ट: पहले दिन का खेल समाप्त, भारत 37/1

- बुमराह ने सिर्फ 27 रन देकर 5 विकेट झटके.
- सिराज और कुलदीप यादव ने समान रूप से 2-2 विकेट.
- भारत मुकाबले 122 रन पीछे है.

एजेंसियां । कोलकाता

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच कोलकाता के मैदान पर खेले जा रहे टेस्ट मैच का पहला दिन पूरी तरह भारत के पक्ष में रहा. दिन की समाप्ति तक भारतीय टीम ने 1 विकेट के नुकसान पर 37 रन बनाए थे. केएल राहुल 13 और वाशिंगटन सुंदर 6 रन पर नाबाद हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 12 रन बनाकर आउट हुए. दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेंबा बवुमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. एडन मार्करम और रेयान रिकल्टन ने शुरुआती जोड़ी के रूप में टीम को मजबूत आधार दिया और पहले विकेट के लिए 57 रन जोड़े. लेकिन इस जोड़ी के टूटने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी लड़खड़ा गई और टीम 55 ओवर में 159 रन पर ऑल आउट हो गई. दक्षिण अफ्रीका की पारी में एडन मार्कराम 31 रन के साथ शीर्ष स्कोरर रहे. वियान मुल्डर और टोनी डे जॉर्जी ने समान रूप से 24 रन बनाए, जबकि रेयान रिकल्टन ने 23 रन का योगदान दिया. कप्तान टेंबा बवुमा केवल 3 रन बनाकर आउट हुए.

भारतीय गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने शानदार प्रदर्शन किया. उन्होंने 14 ओवर में सिर्फ 27 रन देकर 5 विकेट झटके और टेस्ट करियर में 16वीं बार फाइव विकेट हॉल पूरा किया. इसके अलावा मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने समान रूप से 2-2 विकेट लिए, जबकि अक्षर पटेल को 1 सफलता मिली. भारतीय पारी की शुरुआत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने की. यशस्वी ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन 27 गेंद पर 12 रन बनाकर आउट हो गए. उन्होंने इस दौरान 3 चौके लगाए. इसके बाद केएल राहुल और वाशिंगटन सुंदर ने दूसरे विकेट के लिए 19 रन की साझेदारी निभाई. दोनों बल्लेबाज फिलहाल रक्षात्मक अंदाज में खेल रहे हैं. राहुल 59 गेंद पर 13 रन और सुंदर 38 गेंद पर 6 रन बनाकर नाबाद हैं.

पहले दिन के खेल के बाद भारत दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के मुकाबले 122 रन पीछे है. दक्षिण अफ्रीका के लिए एकमात्र विकेट मार्को यानसेन ने लिया, जिन्होंने यशस्वी जायसवाल को बोल्ड कर आउट किया. पहले दिन की बल्लेबाजी और गेंदबाजी प्रदर्शन ने भारत को स्थिति में बेहतर बनाया है. जसप्रीत बुमराह की तेज़ गेंदबाजी और भारतीय खिलाड़ियों की संयमित बल्लेबाजी ने टीम को मुकाबले में संतुलन प्रदान किया है. दूसरे दिन भारतीय टीम की कोशिश होगी कि वे दक्षिण अफ्रीका के पहले विकेटों का नुकसान बढ़ा सकें और रन अंतर को कम कर टीम को स्थिति में मजबूत बनाए.

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

वरुण बने तमिलनाडु के कप्तान

एजेंसियां । नई दिल्ली

भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 के लिए तमिलनाडु क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है. यह पहली बार है जब चक्रवर्ती किसी भी स्तर पर कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे. टूर्नामेंट की शुरुआत 26 नवंबर से होगी और तमिलनाडु अपना पहला मुकाबला राजस्थान के खिलाफ खेलेगा. टीम के अनुभवी बल्लेबाज नारायण जगदीसन को उप-कप्तान बनाया गया है. चक्रवर्ती ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए तीन मैचों में 5 विकेट चटकाए थे. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह अब तक भारत के लिए 4 वनडे में 10 विकेट और 29 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 45 विकेट ले चुके हैं. घरेलू स्तर पर भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है, जिसमें 27 लिस्ट-ए मैचों में 69 विकेट शामिल हैं.

एफआईएच जूनियर विश्व कप 2025
18 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम घोषित

एजेंसियां । नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप तमिलनाडु 2025 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी. प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में आयोजित होगा. इस बार भारत को घरेलू दर्शकों का भरपूर समर्थन मिलेगा. टीम की कमान डिफेंडर और ड्रैगफ्लिकर रोहित को सौंपी गई है, जिन्होंने सुल्तान ऑफ जोहोर कप में शानदार प्रदर्शन किया था और भारत को रजत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी. टीम के मुख्य कोच पूर्व भारतीय गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश हैं, जिनके मार्गदर्शन में युवा खिलाड़ियों ने पिछले महीनों में अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल किया है. भारत पूल बी में शामिल है, जहां उसका मुकाबला चिली, स्विट्ज़रलैंड और ओमान से होगा. ओमान की टीम पाकिस्तान की जगह टूर्नामेंट में शामिल हुई है.

रक्षा पंक्ति और गोलकीपर मजबूत: भारत की गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बिक्रमजीत सिंह और प्रिंसदीप सिंह निभाएंगे. डिफेंस में कप्तान रोहित के साथ अनुभवी अमीर अली, जो पिछले जूनियर विश्व कप का हिस्सा रहे थे, टीम की रीढ़ साबित होंगे. इनके अलावा अनमोल एक्का, तालेम प्रियोबार्ता, सुनील पलक्षप्पा बेन्नूर और शारदानंद तिवारी रक्षापंक्ति को मजबूती देंगे. भारतीय डिफेंस को इस टूर्नामेंट में काफी अहम माना जा रहा है, क्योंकि घरेलू परिस्थितियों में टीम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेगी.

मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन में युवा जोश: मिडफील्ड में अंकित पाल, अडरोहित एक्का, थौनाोजम इंगलेम्बा लुवांग, मनमीत सिंह और रोसन कुजुर शामिल हैं. तेज पासिंग और गेंद पर नियंत्रण की क्षमता के कारण भारतीय मिडफील्ड काफी संतुलित नजर आता है. फॉरवर्ड लाइन की जिम्मेदारी सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, अजीत यादव, दिलराज सिंह और गुरजोत सिंह के कंधों पर होगी. खासतौर पर गुरजोत सिंह महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पिछले वर्ष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में सीनियर डेब्यू किया था और शानदार प्रदर्शन किया था.

टीम को बड़ा झटका, अराइजित सिंह हुंदल बाहर: भारत को इस विश्व कप में अपने प्रमुख स्ट्राइकर अराइजित सिंह हुंदल की कमी खलेगी, जो कंधे की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. उनकी अनुपस्थिति टीम के अटैक पर प्रभाव डाल सकती है, लेकिन कोच श्रीजेश को उपलब्ध खिलाड़ियों की क्षमता पर पूरा भरोसा है.

कोच श्रीजेश का भरोसा और लक्ष्य: कोच श्रीजेश ने कहा कि टीम का चयन पूरी तरह अनुभव, फिटनेस, कौशल और दबाव में खेलने की क्षमता के आधार पर किया गया है. उन्होंने बताया कि टीम ने सीनियर खिलाड़ियों के साथ भी नियमित अभ्यास मैच खेले हैं, जिससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है. उनका लक्ष्य घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करना और खिताब जीतना है. रवनीत सिंह और रोहित कुल्लू को रिजर्व खिलाड़ियों के रूप में चुना गया है.

पारी और 47 रन से जीता बांग्लादेश, हसन जॉय चमके

नई दिल्ली । बांग्लादेश ने सिलहट में खेले गए पहले टेस्ट में आयरलैंड को पारी और 47 रन से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली. इस मुकाबले में महमूदुल हसन जॉय ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 171 रन बनाए और 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए. उनकी पारी ने बांग्लादेश की विशाल बढ़त की नींव रखी. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत खराब रही. कप्तान एंड्रयू बालबर्नी बिना खाता खोले आउट हुए. इसके बाद पॉल स्टर्लिंग (60) और कैड कारमाइकल (59) ने 96 रनों की साझेदारी कर टीम को संभाला. मध्यक्रम में कर्टिस कैम्फर ने 44 और लॉरेन टकर ने 41 रन जोड़े, लेकिन पूरी टीम 286 रन पर ढह गई. बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 3, जबकि हसन महमूद, तैजुल इस्लाम और हसन मुराद ने 2-2 विकेट लिए. जवाब में बांग्लादेश ने 587/8 पर पारी घोषित की. महमूदुल ने शादमान इस्लाम (80) के साथ पहले विकेट के लिए 168 रन जोड़े. इसके बाद मोमिनुल हक (82) के साथ 173 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने भी शानदार 100 रन जोड़े.

एशियन आर्चरी चैंपियनशिप : भारत की कुल पदक संख्या हुई छह

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने जीता स्वर्ण

एजेंसियां । ढाका

ढाका में जारी एशियन आर्चरी चैंपियनशिप में भारत की पुरुष रिकर्व टीम ने शुक्रवार को इतिहास रचते हुए दिग्गज कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया.यशदीप भोगे, अतनु दास और राहुल की तिकड़ी ने रोमांच से भरे फाइनल में कोरिया के सियो मिंगी, किम येचान और जांग जीहो को शूट-ऑफ में 5-4 से मात दी.यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि कोरिया पिछले छह संस्करणों से लगातार स्वर्ण पर कब्जा जमाए हुए था. मुकाबला शुरुआत से ही बेहद कड़ा रहा.पहले दो सेट 56-56 की बराबरी पर समाप्त हुए, जिससे दोनों टीमों की सटीकता और दबाव में प्रदर्शन साफ झलक रहा था.तीसरे सेट में भारत के कुछ तीर उम्मीद से कम स्कोर पर लगे—चार 8, एक 9 और एक 10—जिसका फायदा कोरिया ने उठाया और 57-51 से सेट जीतकर कुल स्कोर 4-2 कर लिया.इस स्थिति में कोरिया केवल बराबरी से भी लगातार सातवां स्वर्ण जीत सकता था.

लेकिन चौथे सेट में मैच ने रोमांचक मोड़ लिया.कोरियाई तीरंदाजों के दो खराब तीर—एक 7 और एक 8—ने भारत को वापसी का मौका दे दिया.भारतीय टीम ने शानदार एकाग्रता के साथ 57 अंक जुटाए, जबकि कोरिया 53 पर सिमट गया.स्कोर 4-4 होने के साथ मुकाबला शूट-ऑफ में पहुंचा, जहां नतीजा केवल सटीकता पर निर्भर था. शूट-ऑफ में दोनों टीमों ने दो 10 और एक 9 के साथ 29-29 का स्कोर बनाया, लेकिन निर्णायक पल भारत के पक्ष में रहा.नियमों के अनुसार, जीत उस टीम को मिलती है जिसका तीर केंद्र के सबसे करीब हो, और भारतीय तीरंदाजों का तीर केंद्र बिंदु के अधिक नजदीक था.इस प्रकार भारत ने कोरिया की बादशाहत तोड़ते हुए बहुप्रतीक्षित स्वर्ण पदक पर कब्जा कर लिया.

मिक्स्ड टीम में चौथे स्थान से संतोष: मिक्स्ड टीम इवेंट में भारत को ब्रॉन्ज मेडल मैच में कोरिया की जांग मिनही और सियो मिंगी की जोड़ी से 0-3 की हार मिली.पहले सेट में कोरिया ने 38-35 से बढ़त ली.दूसरे सेट में भारत ने कड़ा मुकाबला किया लेकिन कोरिया ने 38-37 से जीत बचाई.तीसरे सेट में कोरिया ने 39-34 से मैच पर कब्जा जमाया और भारत को चौथे स्थान पर रोक दिया.

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई

छोटेलाल उरांव
अध्यक्ष
भाजपा एसटी मोर्चा गुमला

झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती सह जन जातीय गौरव दिवस पर बधाई

संजीव उर्वशी
समाज सेवी सह उर्वशी सेल पालकोट रोड गुमला

झारखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती सह जन जातीय गौरव दिवस पर बधाई

सरयू प्रसाद
पूर्व अध्यक्ष
चेंबर आफ कामर्स गुमला

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती सह झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर बधाई
विजय कुमार सिंह

संयोजक
झारखंड नव निर्माण दल, गुमला

झारखंड स्थापना रजत जयंती सह बिरसा मुंडा की जयंती पर हार्दिक बधाई

प्रो. तेतरु उरांव
सहायक प्राध्यापक
कुड़ुख विभाग कार्तिक उरांव कालेज गुमला

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन, झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर गुमला वासियों को बधाई

राजनील तिग्गा
अध्यक्ष
जिला कांग्रेस कमेटी गुमला

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई
मनोज यादव
कांग्रेस मीडिया प्रभारी चौपारण

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई
मो अबूतलहा आलम (मोनू अख्तर)
आजसू जिला सचिव हजारीबाग

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन, झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई

सरोज सिंह चौधरी
थाना प्रभारी चौपारण

भगवान बिरसा मुंडा को शत शत नमन, झारखंड राज्य के 25 वें स्थापना दिवस पर हजारीबाग वासियों को बधाई

अजय प्रजापति
जिला अध्यक्ष
कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ, हजारीबाग

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर समस्त झारखंड वासियों को बधाई

मंगल सिंह भोगता
समाजसेवी सह अध्यक्ष
खरवार भोगता समाज विकास संघ
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल रांची

बिहार चुनाव : महागठबंधन की ये 5 गलतियां पड़ी भारी

भाजपा बड़ी पार्टी बनकर उभरी एनडीए ने ऐतिहासिक बाजी मारी

संवाददाता । पटना

बिहार चुनाव के अब तक के रुझानों से साफ हो गया है कि राज्य में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश मिला है, जबकि महागठबंधन हाशिए पर सिमट गया है. तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाकर मैदान में उतरे महागठबंधन ने कई ऐसी रणनीतिक गलतियाँ कीं, जिनकी भरपाई करने में उसे लंबे समय का इंतजार करना पड़ सकता है. जिस वापसी की उम्मीद महागठबंधन को इस चुनाव में थी, वह पूरी तरह टूट गई. ऐसे में यह समझना जरूरी हो जाता है कि आखिर किस स्तर

महागठबंधन की बड़ी गलतियां

1 कांग्रेस का 'वोट चोरी' को मुद्दा बनाना भारी पड़ा

कांग्रेस ने बिहार चुनाव में वोट चोरी को बड़ा मुद्दा बनाया. पहले चरण की वोटिंग से ठीक एक दिन पहले राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एनडीए पर वोट चोरी का आरोप लगाया. दरभंगा में "वोट यात्रा" के दौरान उनके मंच से प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी भी की गई, जिसे भाजपा ने बड़ा मुद्दा बनाते हुए कांग्रेस से माफी की मांग की.

2 वोटर लिस्ट संशोधन पर बेअसर विवाद

महागठबंधन ने वोटर लिस्ट में संशोधन (एसआईआर) को भी चुनावी मुद्दा बनाकर बड़ा शोर मचाया, लेकिन मामला कोर्ट जाने के बाद यह विरोध धीमा पड़ गया. जनता इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले पाई. सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी एसआईआर को "महागठबंधन को हराने की साजिश" बताया, लेकिन यह रणनीति असरहीन रही.

3 अवास्तविक और बढ़ा-चढ़ाकर किए गए वादे

एक तरफ नीतीश कुमार की 20 साल पुरानी योजनाओं की गारंटी थी, वहीं दूसरी ओर तेजस्वी यादव के अव्यावहारिक वादे. तेजस्वी ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, जीविका दीदी को 3,000 की जगह 10,000 रुपये देने जैसे कई वादे किए, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं था. जनता ने इन वादों को अविश्वसनीय माना और स्थिरता व भरोसे के नाम पर एनडीए को प्राथमिकता दी.

4 एनडीए के खिलाफ नकारात्मक अभियान

विपक्ष ने पूरे चुनाव अभियान में एनडीए के खिलाफ नकारात्मक कैंपेन चलाया. प्रधानमंत्री मोदी को "भ्रष्टाचार का भीष्म पितामह" तक कहा गया. जनता ने इसे अत्यधिक नकारात्मक राजनीति मानकर पसंद नहीं किया, खासकर तब जब नीतीश कुमार पिछले दो दशकों से राज्य की सत्ता में स्थिर चेहरा रहे हैं. इस रणनीति ने महागठबंधन को लाभ पहुंचाने के बजाय नुकसान ही किया.

5 तेजस्वी को सीएम चेहरा घोषित करना

महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया, लेकिन लालू यादव के "जंगल राज" वाले पुराने दौर को सत्ताधारी दल ने बार-बार जनता के सामने रखा. तेजस्वी की छवि पर लालू का यह पुराना बोझ भारी पड़ गया और जनता ने जोखिम लेने के बजाय एनडीए को सुरक्षित विकल्प माना.

बिहार के लोगों ने विपक्षी महागठबंधन के जंगलराज को पूरी तरह से नकारा: नड्डा

नई दिल्ली । बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने लगे हैं. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में 200 से

सीटों से अधिक सीटों पर जीत की ओर अग्रसर है. इसमें अकेले भारतीय जनता पार्टी 92 सीटों पर जीत की ओर अग्रसर है. बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जनता को बधाई दी है. उन्होंने विपक्षी महागठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए नड्डा ने कहा कि बिहार के लोगों ने विपक्षी गठबंधन के जंगलराज और भ्रष्टाचार को पूरी तरह से नकार दिया है.

बिहार विस चुनाव में मोदी-नीतीश की जोड़ी हिट : शाहनवाज हुसैन

पटना । भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने राजग को रुझान में मिल रही 197 सीट और

महागठबंधन को 40 सीट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बिहार में मोदी-नीतीश की जोड़ी हिट है .जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विकास कार्यों पर पुनः भरोसा जताया है. उन्होंने कहा कि बिहार का यह चुनाव परिणाम तथाकथित सेक्युलर पार्टियों के लिए आखिरी होगा.

जीत से एनडीए व मोदी पर लोगों का विश्वास एक बार फिर साबित हुआ : पवन कल्याण

अमरावती । जन सेना प्रमुख और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा कि बिहार चुनाव में जीत के साथ

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोगों का विश्वास एक बार फिर साबित हुआ है. पवन कल्याण ने कहा कि देश की जनता का मानना है कि भारत का विकास केवल मोदी के नेतृत्व में ही संभव है. उन्होंने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी. उन्होंने कहा कि लंबे समय से राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यरत नीतीश कुमार के प्रति बिहार के लोगों की प्रशंसा कम नहीं हुई है.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.